राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 44
लखनऊ, शुक्रवार 23 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से अधेड़ की मौत 10

शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को बयां करती है लघु फिल्म 'वर्दी' : डीजीपी 03

सऊदी अरब का भारतीय जहाज पर हमला!

हूती विद्रोहियों का दावा, 14 भारतीयों को बचाया

एजेंसी, सना।

यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि वे लाल सागर में जुकार द्वीप के पास 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रही एक नाव को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि इस नाव को सऊदी अरब ने निशाना बनाया था।

सीजीटीएन यूरोप की रिपोर्ट के मुताबिक, हुती विद्रोहियों ने कहा है कि सऊदी दुश्मन ने जुकार द्वीप के पास 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रही एक भारतीय नाव को निशाना बनाया। यमनी सशस्त्र बलों ने उन्हें बचा लिया है और विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। आगे कहा गया है कि सऊदी दुश्मन की यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय नौवहन (शिपिंग) के लिए खतरा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सऊदी दुश्मन को ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकतें करने से रोकना चाहिए। इस बीच, यमन के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि हुती विद्रोहियों के कंट्रोल वाले इलाकों में उनके समर्थन में निकाली जाने वाली रैलियों को वैध सैन्य लक्ष्य माना जा सकता है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ये घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आए हैं जब पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता जा रहा है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि गुरुवार रात होर्मुज जलडमरूमध्य में सात तेल टैंकर नष्ट हो गए या उनमें आग लग गई। ऐसा या तो उन पर हमले के कारण हुआ या फिर उनके नौसैनिक बारूदी सुरंगों से टकराने की वजह से। अगर इस बात की पुष्टि हो जाती है, तो यह 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से एक ही दिन में इस समुद्री मार्ग पर नष्ट होने वाले जहाजों की सबसे बड़ी संख्या होगी।

होर्मुज स्ट्रेट के पास मर्चेंट जहाज पर हमले के बाद इंजन रूम में आग लगने के बाद उठता धुंआ।

सऊदी अरब के तेल ठिकाने व एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला

एक भारतीय समेत तीन की मौत, 10 घायल

एजेंसी, रियाद।

सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो भारतीय भी हैं।

दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले में एक भारतीय की मौत हुई। वहीं दो भारतीयों समेत 10 लोग घायल हुए। वहीं, अरामको के तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए।

दम्माम एयरपोर्ट पर हमले के बाद आसमान में उठता धुंआ।

इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं।

सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी

दो एसडीएम पर रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत। पीलीभीत की सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। बृहस्पतिवार को दो उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस मामले में एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी आरोपी बनाया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली नगर में मामला दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने इस कार्रवाई की जानकारी दी है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जांच कराई थी। प्राथमिक जांच में पूरनपुर के एसडीएम मयंक गोस्वामी और अमरिया के एसडीएम हेमंत चौधरी को गंभीर लापरवाही का दोषी माना गया। ये दोनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पद पर तैनात थे। आयोग ने बुधवार को दोनों उप जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया था। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं।

सर्राफा बाजार

गोल्ड	24 कैरेट	= 1,44,530/10 ग्राम
	22 कैरेट	= 1,32,500/10 ग्राम
	18 कैरेट	= 1,08,440/10 ग्राम
चांदी		= 2,25,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

श्रद्धा को न्यायिक हिरासत में भेजा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड में नागपुर से गिरफ्तार मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर तनवीर अली उर्फ दानिश को सीजेएम कोर्ट ने 10 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले पुलिस तीनों को लेकर लखनऊ पहुंची। तीनों को हजरतगंज कोतवाली लाया गया। शिव शर्मा मौत मामले में साढ़े छह घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश का सिविल अस्पताल में मेडिकल कराया गया। इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया।

जो सच है उसके साथ खड़े रहो रेहान: प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को अपने बेटे रेहान वाड्रा के लिए एक भावुक संदेश साझा किया। दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित रेहान की फोटोग्राफी प्रदर्शनी से कथित तौर पर 70 से ज्यादा कलाकृतियां हटा दी गईं, क्योंकि उनमें कथित तौर पर राजनीतिक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का एहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने आगे कहा कि तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी।

सौरव-रांका पुलिस के सामने नहीं हुए पेश

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को गुरुवार को राजौरी गार्डन स्थित अपने ऑफिस में पेश होने के लिए समन भेजा था, लेकिन दोनों पुलिस क्राइम ब्रांच के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने पुलिस से और समय मांगा है। पुलिस उन्हें नया नोटिस जारी करेगी। दोनों नेताओं को कल दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट से जमानत मिली थी। दोनों को 50-50 हजार रुपए के बॉन्ड पर रिहा किया गया। दिल्ली पुलिस ने 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दोनों को हिरासत में लिया था। इस बीच सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सौरव और आशुतोष उनसे बेहतर और बड़े नेता हैं। अगर वे कुछ कहेंगे तो मैं उनकी बात मानूंगा।

आजम थे, हैं और रहेंगे: अखिलेश

जेल में मुलाकात के बाद बोले- किसी भी राजनीतिक परिवार ने इतना अन्याय नहीं झेला

समृद्धि न्यूज, रामपुर।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रामपुर जेल में पार्टी नेता आजम खां से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि आजम थे, आजम हैं और आजम रहेंगे। किसी भी राजनीतिक परिवार ने, उतना अन्याय नहीं झेला है जितना कि आजम खां के परिवार ने झेला है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि आजम खां के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। इन झूठे मामलों के कारण उन्हें कई साल जेल में बिताने पड़े हैं। यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर शिक्षा और ज्ञान की परवाह न करने का आरोप लगाया। जेल में दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान आजम खान के स्वास्थ्य और उनकी स्थिति को लेकर चर्चा हुई। अखिलेश यादव ने आजम खां से व्यक्तिगत जुड़ाव का उल्लेख करते हुए इस मुलाकात को भावनात्मक रिश्ता बताया।

गुरुवार को रामपुर जेल में सपा नेता आजम खान से मिलने जाते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव।

अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि झूठे मामलों में सत्य को हमेशा के लिए कैद करने की शक्ति नहीं होती। उन्होंने स्वीकार किया कि इसमें कुछ समय या देरी लग सकती है, लेकिन उनका मानना है कि झूठे आरोप सत्य को बंदी नहीं बना सकते। अखिलेश ने यह भी कहा कि यह उनकी पहली रामपुर यात्रा नहीं है। उन्होंने रामपुर के साथ अपने राजनीतिक और भावनात्मक रिश्ते को भी बताया।

अखिलेश ने कहा, सच तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को शिक्षा या ज्ञान से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें विश्वविद्यालयों की भी कोई परवाह नहीं है। विश्वविद्यालय को तो पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है। इसे नष्ट करने के लिए जो साजिशें रची गईं, वे ऐसी हैं कि शायद किसी भी सरकार ने यहां तक कि किसी तानाशाही सरकार ने भी शिक्षा के क्षेत्र में इतनी तबाही नहीं मचाई होगी। अखिलेश के इस बयान को दोनों नेताओं के बीच संबंधों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताओं में शामिल रहे हैं। रामपुर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में उनकी अहम भूमिका रही है।

तावड़े ने साधा निशाना

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े ने सपा मुखिया अखिलेश यादव की जेल में आजम खान से मुलाकात पर निशाना साधा है। तावड़े ने गुरुवार को एक्स पर किए पोस्ट में पीडीए की परिभाषा, प्रदेश में दंगा और अराजकता बताया। उन्होंने कहा कि सपा का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। विनोद तावड़े ने कहा कि चुनाव आता देख अखिलेश यादव का तुष्टीकरण और अराजकता फैलाने वाले अपनी पार्टी के नेताओं से जेल जाकर मिलना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता को उजागर करता है।

नेतन्याहू ने मोदी को स्वतंत्रता दिवस के लिए दिया न्योता

एजेंसी, तेल अवीव। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। उन्हें अपने देश के स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी को भारतीय पायलट स्मित मच्छार के साथ मशाल प्रज्वलित करने का निमंत्रण दिया। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने पीएम मोदी को अपना मित्र कहते हुए भारत और इस्राइल के पुराने संबंधों की सराहना की।

उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने इस निमंत्रण के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल जमीन और हवा, दोनों जगह आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं।

टी20: भारत का न्यूजीलैंड में सबसे सफल रन चेज

एजेंसी, क्राइस्टचर्च। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने छह विकेट गंवाकर 226 रन चेज कर लिए। यह टीम इंडिया के टी20 इतिहास का सबसे सफलतम चेज है। इससे पहले भारत ने 2026 में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ रायपुर में 209 रन चेज किए थे। वहीं, 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 209 रन सफलतापूर्वक हासिल किए थे। ओवरऑल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे सफल चेज का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है। उन्होंने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन सफलतापूर्वक चेज किए थे। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भी टीम का दूसरा सबसे सफल चेज है। इस मामले में नंबर एक पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 2018 में ईडन पार्क में कीवियों के खिलाफ 244 रन सफलतापूर्वक चेज किए थे।

पैरा एशियाड: अब तक मिले 88 पदक

एजेंसी, नागोया। भारतीय पैरा एथलीटों ने आइची-नागोया में जारी पैरा एशियन गेम्स में दमदार प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रखा। भारत ने गुरुवार को कुल 26 पदक अपने नाम किए और पदकों की संख्या 88 पहुंचा दी है। भारत के पैरा एथलीटों ने लगातार दूसरे दिन पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए जिससे पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत हो गई है। शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में एक और यादगार प्रदर्शन किया है। उन्होंने महिलाओं के कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में सिंगापुर की नूर स्याहिदा अलीम को 142-139 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पैरा-आर्चर ने चार अंकों से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और पिछले एशियन पैरा गेम्स में जीते गए अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत के साथ ही आइची-नागोया में शीतल का शानदार सफर पूरा हुआ। इसके अलावा, शीतल ने पायल नाग के साथ मिलकर महिलाओं के कंपाउंड डबल्स में सिल्वर मेडल भी जीता। भारतीय तीरंदाज स्वाति चौधरी ने महिला व्यक्तिगत डब्ल्यू1 स्पर्धा का रजत पदक जीतकर इतिहास रचा। वह इस वर्ग में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। स्वाति ने फाइनल में 4-2 की बढ़त बनाई, लेकिन चीन की सेन मेंगकान ने वापसी करते हुए 6-4 से मुकाबला जीत लिया।

गुरुवार को शीतल देवी ने जीते दो गोल्ड

विधान परिषद की 11 सीटों पर 14.81 लाख मतदाता

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राज्य विधान परिषद के पांच खंड स्नातक और छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, कानपुर नगर, कानपुर देहात और उन्नाव को छोड़कर प्रदेश के सभी 72 जनपदों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इन चुनावों में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 2,697 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 152 प्रत्याशी हैं। पांच खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी और बरेली-मुरादाबाद शामिल हैं। वहीं, छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद और गोरखपुर-फैजाबाद हैं। मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने 11 प्रेक्षक तैनात किए हैं। इसके अतिरिक्त 1041 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 456 जोनल मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं।

- 72 जिलों में 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल

मतदान स्थलों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए 1108 भारी वाहन, 1737 हल्के वाहन और 12,309 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान से पहले अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी मतदाता के पास यह पहचान पत्र नहीं है, तो वह निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर अपनी पहचान साबित कर सकता है। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, केंद्र या राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, यूडीआईडी आदि शामिल हैं।

गौरव की बात — भारत के बेजोड़ 'पहले हमला करने वाले' हथियार के रूप में ब्रह्मोस ने अपनी ताकत व श्रेष्ठता साबित की

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत, 2028 तक आएगी नई पीढ़ी की मिसाइल

एजेंसी, नई दिल्ली।

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसने कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें पाकिस्तान के नूर खान जैसे प्रमुख एयरबेस भी शामिल थे। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई।

ब्रह्मोस प्रणाली भारत के रक्षा निर्यात की भी एक प्रमुख आधारशिला है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने ब्रह्मोस की सफलता पर बात की। उन्होंने कहा कि निर्यात के क्षेत्र में ब्रह्मोस की सफलता की कहानी 2025 में युद्ध में इस्तेमाल होने से पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 2022 में कंपनी को पहला ऐतिहासिक निर्यात ऑर्डर मिला था। कई मिलियन डॉलर के इस सौदे ने वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा निर्यात से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाया। आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है।

डॉ. जयतीर्थ जोशी

डॉ. जयतीर्थ जोशी ने कहा कि फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत के बेजोड़ %पहले हमला करने वाले% हथियार के रूप में ब्रह्मोस ने अपनी ताकत और श्रेष्ठता साबित की है। यह अपनी श्रेणी और क्षमता में सबसे घातक हथियार है। यह दुश्मन के ठिकानों को बेहद सटीकता से नष्ट कर सकती है। साथ ही, अपनी मौजूदगी छिपाने, तेजी से आगे बढ़ने और फुर्ती बनाए रखने की क्षमता भी रखती है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने और जरूरत पड़ने पर उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए ब्रह्मोस अपनी आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत कर रही है। जोशी ने कहा, निकट भविष्य और लंबी अवधि की हमारी प्राथमिकता अब तक सशस्त्र बलों से मिले सभी ऑर्डर पूरे करना है।

हैदराबाद, नागपुर, पिलानी और सबसे नई लखनऊ इकाई में हमारी सभी उत्पादन इकाइयां इस दिशा में पूरी गति से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते टेक-ब्रिक्स स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है। पहले प्रत्येक प्रणाली या उसके उप-तंत्र के लिए हमारे पास एक या दो औद्योगिक भागीदार होते थे। अब हम ऐसे 45 स्रोत विकसित करना चाहते हैं। इससे गुणवत्ता और कीमत के मामले में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

डॉ. जोशी ने कहा, दुनिया हमेशा से ब्रह्मोस को आश्चर्य और कौतूहल के साथ देखती रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस बेहद बहुउपयोगी मिसाइल ने साबित कर दिया है कि यह वास्तव में एक अद्भुत प्रणाली है।

यह आज के जटिल, कई क्षेत्रों में एक साथ लड़े जाने वाले और अत्यधिक तीव्र युद्ध के लिए विकसित की गई एक शक्तिशाली प्रणाली है, जिसमें विनाशकारी हथियारों का इस्तेमाल होता है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

- 'हँसता बचपन, खिलता जीवन' अभियान के तहत बच्चों को मिलेंगे चश्मे

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति, संस्थागत प्रसव, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। आशा एवं एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का समय से पंजीकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा प्रसव की संभावित तिथि के अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई जाएं। गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए तथा उन्हें प्रसव के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी एवं प्रसव संबंधी व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए घर-घर संपर्क, रोगों के लक्षणों के प्रति जनजागरूकता तथा संभावित रोगियों की पहचान एवं आवश्यक उपचार की व्यवस्था को प्रभावी बनाएं। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने, जलभराव की स्थिति समाप्त कराने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नियमित निगरानी के साथ अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से संचालित 'हँसता बचपन, खिलता जीवन' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। अभियान के अंतर्गत दिनांक 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक चिन्हित कुल 695 बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराने के लिए इस चरण की शुरुआत की गई। विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल के डॉ. विवेक वर्मा द्वारा सीएसआर के माध्यम से 499 बच्चों तथा कुशल अग्रवाल द्वारा 196 बच्चों के लिए चश्मे उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार कुल 695 बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। अभियान के अंतर्गत अब तक जनपद में कुल 1,251 बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध संसाधनों एवं चिकित्सा सुविधाओं का बेहतर उपयोग करते हुए आमजन को समय से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन गौतम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, डिप्टी सीएमओ, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लखनऊ-बनारस रेल खंड पर बड़ा हादसा: ट्रेन से गिरकर फिरोजाबाद के युवक की मौत

- बैग में मिले मोबाइल से हुई पहचान

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।

लखनऊ-बनारस रेल खंड पर आज सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां ट्रेन से गिरकर एक 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गुरुवार सुबह लगभग छह बजे लखनऊ-बनारस रेल खंड के अंतर्गत गेट नम्बर 56 (भिखारा भैरमपुर) स्थित सत्थिन माता स्थान के पास ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात शव देखा। ग्रामीण उस वक्त शौच के लिए निकले थे। इसके तुरंत बाद रेलवे क्रॉसिंग पर तैनात गेटमैन रितेश गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को मामले की सूचना दी।

सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने जब मौके का मुआयना किया, तो मृतक की पीठ पर एक पिट्ठू बैग टंगा हुआ मिला। बैग की तलाशी लेने पर उसमें से रु.700 नकद, दो मोबाइल फोन और कुछ कपड़े बरामद हुए। पुलिस ने बैग में मिले मोबाइल नंबरों के जरिए संपर्क साधा, जिससे मृतक की पहचान हो सकी।

मृतक की शिनाख्त राकेश बंजारा पुत्र रामपाल उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है। वह गुलाब नगर, थाना मक्खनपुर, फिरोजाबाद का निवासी था। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से पैर फिसलने या असंतुलित होकर गिरने का प्रतीत हो रहा है, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने फिरोजाबाद में मृतक के परिवारी जनों को हादसे की सूचना दे दी है।

खबरें एक नजर में

एमएलसी चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां कुल तीन बूथ स्थापित हैं। दो बूथों पर स्नातक एमएलसी और एक बूथ पर शिक्षक एमएलसी के लिए मतदान होगा।चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुंच गईं। मतदान 23 अक्टूबर, शुक्रवार को होगा। ब्लॉक प्रशासन ने मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कराने की तैयारियां तेज की हैं। केंद्र पर बैरिकेडिंग का काम चल रहा है।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेंद्र प्रताप, मनोज मिश्रा, राजेश कुमार समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी पोलिंग पार्टियों के ठहरने व अन्य व्यवस्थाओं में जुटे हैं।इस केंद्र पर स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए 1271 मतदाता पंजीकृत हैं। शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए 72 शिक्षक मतदाता वोट डालेंगे। सुरक्षा के साथ सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

फतेहपुर बाराबंकी। फतेहपुर थाना क्षेत्र के वारिस नगर मे बुधवार दोपहर घर में टीन शेड रखते समय बिजली का करंट लगने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।हादसे के बाद परिजन उन्हे आनन-फानन मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।परिवार के मुखिया की अचानक मौत से घर में मातम छा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वारिस नगर निवासी मैनुद्दीन (60) पुत्र मोहम्मद हनीफ बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे अपने घर में टीन शेड रखने का काम कर रहे थे।इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए।करंट लगने से उनकी हालत बिगड़ गई।परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।मैनुद्दीन रजाई भरने का काम करते थे।इसके साथ ही खेती-किसानी करके परिवार की आजीविका चलाते थे।उनकी मेहनत से घर का खर्च चलता था। अचानक हुए हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।मृतक के परिवार में एक बेटी सफीकुन और दो बेटे हैं। पिता की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद वारिस नगर में भी शोक का माहौल है।परिवार के लिए यह हादसा अपूरणीय क्षति बन गया है।

फर्जी बैनामा कर जमीन बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

बलरामपुर। उतरौला पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने के मामले में दो आरोपियों सहाबुद्दीन और कमालुद्दीन को मधपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले में धर्मावती देवी और कौशल कुमार समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि धर्मावती का आधार कार्ड बदलकर कंचन मौर्या के नाम से फर्जी पहचान बनाई गई और ग्राम सलेमपुर स्थित 0.32 हेक्टेयर जमीन का बैनामा इसरार के नाम कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर की गई कार्रवाई में सहाबुद्दीन और कमालुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। मामले के अन्य दो आरोपी धर्मावती देवी और कौशल कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

भरत मिलाप में राम-भरत का मिलन देख भावुक हुए श्रद्धालु

बलरामपुर। सत्य प्रचारिणी रामलीला समिति की ओर से बुधवार रात भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती से स्वागत किया। श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान और वानर सेना की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। रामलीला मैदान में भरत-श्रीराम मिलन का भावुक दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। 14 वर्षों बाद दोनों भाइयों के मिलन पर जयकारों से परिसर गूंज उठा। इसके बाद गुरु वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम का राज्याभिषेक कराया। पुष्प वर्षा और मंगल गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम का अभिनंदन किया।

एक्सपायर वीजा वाले 4 लोगों को किया गया गिरफ्तार

बहराइच। जिले में बुधवार देर रात जंगल के रास्ते अवैध रूप से नेपाल जाने की कोशिश कर रहे तीन श्रीलंकाई नागरिकों और तमिलनाडु की एक महिला को एसएसबी ने पकड़ लिया। एसएसबी ने चारों को मूर्तियां कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है जहां 18 घंटे 20 जाने के बाद भी लैंग्वेज प्रॉब्लम की वजह से उनसे ठीक से पूछताछ नहीं हो सकी है। आरोपियों में श्रीलंकाई नागरिक अजीत कुमार (39) कौशल्या (38) और प्रभाप (38) के पास पासपोर्ट तो मिले लेकिन उनका वीजा करीब 3 महीने पहले ही खत्म हो चुका है। उनके साथ तमिलनाडु की धर्म सुधाकर (35) भी पकड़ी गई है। यह सभी ऑटो से सीमा तक पहुंचे थे और नेपाल का रास्ता पूछ रहे थे लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा भाषा न समझ पाने और शक होने के पर तुरंत एसएसबी को सूचना दी गई। कोटवाल यतीद्र कुमार सिंह और एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के मुताबिक पुलिस लगातार एक दुभाषिए की तलाश में जुटी है।

हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सीनियर डी.एम.एम. का निरीक्षण

ट्रेनों के ठहराव के लिए किसानों ने सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।

जनपद के हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को सीनियर डी.एम.एम.विनोद कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ रेलवे स्टेशन परिसर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रवादी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सैकड़ों स्थानीय रेल यात्रियों ने सीनियर डी.एम.एम. से मुलाकात की। यूनियन ने हैदरगढ़ स्टेशन पर क्षेत्र की जनता और यात्रियों की सहूलियत के लिए कई प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए मांग पत्र में मुख्य रूप से बनारस-लखनऊ शटल, सद्भावना एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, मरुधर एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस का स्टापेज सुनिश्चित करने की मांग की गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह ने कहा कि हैदरगढ़ एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहाँ इन प्रमुख ट्रेनों का ठहराव न होने से स्थानीय व्यापारियो, छात्रों और आम यात्रियों को लखनऊ, वाराणसी, दिल्ली व कोटा जैसे शहरों के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन ट्रेनों के रुकने से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र यादव, हैदरगढ़ अध्यक्ष राजू यादव, बनकोट के ग्राम अध्यक्ष दद्दन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में रेल यात्री और किसान उपस्थित रहे।

ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 28वां स्थापना दिवस व पत्रिका 'ग्राम्या' का कल होगा विमोचन

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।

क्षेत्र के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान ग्राम्याँचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैदरगढ़ में आगामी 24 अक्टूबर को एक भव्य त्रिवेणी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर यशःकाय पं. सुरेन्द्र नाथ अवस्थी की जयंती, महाविद्यालय का 28वाँ स्थापना दिवस तथा संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'ग्राम्या' का विमोचन समारोह एक साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से महाविद्यालय परिसर में स्थित भव्य 'स्मृति उपवन' में आयोजित किया जाएगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध इस महाविद्यालय में स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ग्राम्यांचल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन न केवल संस्थान की शैक्षणिक यात्रा के 28 वर्षों का उत्सव है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले मनीषी पं. सुरेन्द्र नाथ अवस्थी के विचारों को याद करने का एक पावन माध्यम भी है। इस दौरान कॉलेज की वार्षिक प्रगति और छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को समेटे हुए गृह-पत्रिका 'ग्राम्या' के नए अंक का विमोचन मुख्य आकर्षण होगा। ग्राम्यांचल सेवा समिति के अध्यक्ष शरद अवस्थी, महासचिव आशुतोष अवस्थी और कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, अभिभावकों और पूर्व छात्रों को इस गरिमामयी समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट का खुलासा, चार गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, बहराइच। कोतवाली देहात पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 49500 नगद लेनोवो कंपनी का टैबलेट और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 14 अक्टूबर को भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी सतीश चंद्र मोटरसाइकिल से बेडनापुर क्षेत्र से बहराइच लौट रहे थे। महाकाल पेट्रोल पंप के पास अज्ञात लोगों ने उन्हें धक्का देकर उनका बैग छीन लिया था बैग में नगदी, टैबलेट, पावर बैंक और बायोमेट्रिक मशीन थी। मामले में कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहिरनपुरवा से गोलवा से कहारनपुरवा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियो ने कर्मचारियों के वसूली कार्य और उनके आने जाने के मार्ग की जानकारी होने की बात स्वीकार की।

पुलिस के मुताबिक इसी आधार पर उन्होंने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यदेव विश्वकर्मा उर्फ सत्य विपिन यादव भड़काऊ उर्फ हुसैन और सत्येंद्र कुमार शुक्ला उर्फ सचिन के रूप में हुई है।

बारामती के आधार पर मुकदमे में धारा 317 (2) और 3(5) पांच बीएस की बढ़ोतरी की गई है।

शिक्षक निर्वाचन को लेकर पुलिस अलर्ट

- अधिकारियों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और निष्पक्षता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, मतदान पेटियों को सुरक्षित लाने-ले जाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को कहा। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात विजय कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल: जातिसूचक गाली युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

- गदाईपुरघाट पर विवाद के बाद चार लोगों के घायल होने का दावा
- एसपी से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गदाईपुर घाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान मारपीट, जातिसूचक गालियां देने और युवती से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप सामने आए हैं। फतेहपुर थाना क्षेत्र के सवितापुर निवासी विपिन कुमार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर तीन नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के मुताबिक, 20 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे विपिन कुमार अपने परिवार और गांव के लोगों के साथ मूर्ति विसर्जन करने गदाईपुर घाट पहुंचे थे। आरोप है कि विसर्जन के दौरान गुल्ले वर्मा, उपेंद्र वर्मा और बजरूल वर्मा समेत अन्य लोगों ने जातिसूचक गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर विपिन की बहन गोल्डी रावत के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की गई। आरोप है कि उनके बाल पकड़कर जमीन पर गिराया गया, कपड़े फाड़े गए और दोबारा घाट आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

विपिन के अनुसार, शोर सुनकर वह और अन्य लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसमें विपिन, गोल्डी रावत, सूरज और बुद्धा देवी घायल हो गए। प्रार्थना पत्र में गोल्डी के पेट में चोट लगने से रक्तस्राव होने और विपिन के सिर पर रॉड लगने से गंभीर चोट आने का भी उल्लेख है।

मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

- कई महीनों से भुगतान लंबित होने से नाराज कर्मचारी
- बोले, परिवार चलाना मुश्किल
- बीडीओ कार्यालय के गेट पर लगाया ताला

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

जिले के पयागपुर विकासखंड में कई महीनो से मानदेय न मिलने से नाराज ग्राम रोजगार सेवकों ने गुरुवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बकाया मानदेय का जल्द भुगतान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे रोजगार सेवकों का आरोप है कि वह पहले भी कई बार अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। हर बार उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन मिला लेकिन अब तक बकाया मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। कर्मचारियों ने कहा कि कई महीनो से पैसा नहीं मिलने के कारण परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन में रमेश गुप्ता, पंकज मिश्रा, रामकुमार, संतोष दिक्षित, सावित्री देवी, सुनीता चौहान, कलावती, प्रदीप दुबे और रामनरेश समेत कई ग्राम रोजगार सेवक शामिल रहे। सभी ने लंबित मानदेय का भुगतान जल्द कराने की मांग की। खंड विकास अधिकारी अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि मानदेय भुगतान के संबंध में जरूरी कागजात जिले पर भेजे गए हैं और इस मामले में बातचीत भी हो चुकी है। उन्होंने रोजगार सेवकों को जल्द वेतन मिलने का आश्वासन दिया है।

नानपारा-मैलानी रेल रूट पर ट्रेनें बंद 1 नवंबर से फिर चलने की उम्मीद

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

जिले के नानपारा मैलानी रोड पर ट्रेनों की आवाजाही 1 सितंबर से बंद है। भीरा पलिया के बीच अतरिया रेलवे फाटक के पास ट्रैक के नीचे पानी का रिसाव शुरू होने के बाद रेलवे ने सुरक्षा के लिए यह फैसला लिया था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बारिश के कारण ट्रैक के नीचे से लगातार पानी रिस रहा था इससे मिट्टी धसने और ट्रैक के बैठने का खतरा बढ़ गया था। किसी हादसे की आशंका तो देखते हुए रूट को तुरंत बंद कर दिया गया। पिछले दो महीने से रूट पर कोई ट्रेन नहीं चल रही है। मरम्मत का काम जारी है ट्रैक को मजबूत करने के लिए उसके नीचे बोल्डर, गिट्टी और मिटटी भरी जा रही है। रेलवे की इंजीनियरिंग की टीम भी मौके पर मौजूद है। सूत्रों के अनुसार 1 नवंबर से इस रूट पर ट्रेनों की सेवा फिर शुरू होने की उम्मीद है। ट्रेनों का संचालन बंद होने से नानपारा, भीरा, पलिया और मैलानी के हजारों यात्रियों के साथ कतर्नियाघाट आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है।

बिछिया रेलवे स्टेशन के पास दिखा तेंदुआ

- कतर्नियाघाट में रिसॉर्ट संचालक ने कैमरे में किया कैद
- पर्यटन बढ़ने की उम्मीद

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में जैव विविधता फिर से अच्छी स्थिति में दिख रही है। बुधवार रात बिछिया रेलवे स्टेशन के पीछे एक स्वस्थ तेंदुआ आराम करते हुए देखा गया। अर्थ होम रिसोर्ट के संचालक सूरज शुक्ला ने इस नजारे को कमरे में कैद किया। वह विस्टाडोम ट्रेन की जानकारी लेकर लौट रहे थे, तभी रेलवे ट्रैक किनारे उन्हें तेंदुआ दिखा। उन्होंने दूर से ही उसे परेशान किए बिना गाड़ी के अंदर से ही उसकी तस्वीर ली। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक अच्छा संकेत माना जा रहा है। 1 नवंबर से शुरू हो रहे पर्यटन सत्र से ठीक एक हफ्ता पहले हुई इस घटना से पता चलता है कि कतर्नियाघाट का जंगल पूरी तरह स्वस्थ और समृद्ध है। यहां बाघ और तेंदुआ सहित सभी वन जीव सुरक्षित हैं।

धारा 34 के मामलों में संवाद के लिए तैयार जिला प्रशासन, अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जिला प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जिला बार एसोसिएशन, दी कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन और युवा बार एसोसिएशन को पत्र जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धारा 34 से संबंधित मामलों में अधिवक्ताओं से संवाद करने में जिला प्रशासन को कोई आपत्ति नहीं है। अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुनकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने 17 अक्टूबर 2026 को ज्ञापन नहीं दिए जाने के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि उस समय अधिवक्ताओं को कलेक्ट्रेट आने की पूर्व सूचना प्राप्त नहीं हुई थी। वहीं, दिव्यांग बच्चों के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट से जा चुके थे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे दोपहर 12 बजे से प्रतीक्षा कर रहे थे। बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और कार्यक्रम की प्रतिबद्धता को देखते हुए वहां उपस्थित होना आवश्यक था।

पत्र के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी को ज्ञापन दिए जाने की जानकारी मिलने पर विशेष कार्याधिकारी के माध्यम से संदेश भेजकर अधिवक्ताओं को अपराह्न तीन बजे ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके बाद 21 अक्टूबर को धारा 34 से संबंधित मामले को लेकर अधिवक्तागण कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन पक्ष सुनने और संवाद स्थापित करने की बात कहने के बावजूद अपनी बात रखे बिना वापस चले गए।

ज्ञात हो के विगत एक हफ्ते पूर्व धारा 34 लागू होने के विरोध में अधिवक्ताओं का ग्रुप ज्ञापन लेकर जिलाधिकारी कार्यालय गया था जहां जिला अधिकारी अधिवक्ताओं के पहुंचने के तुरंत बाद वहां से अन्यत्र चले गए थे तब से लगातार जिला अधिकारी को हटाने के लिए अधिवक्ताओं के सभी संगठनों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दिया है जिनके सहयोग मे जनपद के अलावा दोनों तहसील तुलसीपुर और उतरौला के अधिवक्ता संघ ने भी हड़ताल करके बलरामपुर न्यायालय पर उपस्थित रहते हैं।

राजधानी में एमएलसी मतदान आज

- 12वीं तक सभी बोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे, शराब की बिक्री पर भी रोक
- डीएम ने निष्पक्ष व सुचारु मतदान कराने के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी में 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के दिन राजधानी के सभी बोर्डों के 12वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

वहीं, मतदान और मतगणना के मद्देनजर शराब की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। 23 अक्टूबर को मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना के दिन राजधानी में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोकना है। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी विशाख जी ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी, आवश्यक निर्वाचन सामग्री के वितरण, निर्वाचन कार्मिकों की सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश के सभी सकूल विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। लेकिन यह वहीं लागू होगा जहां चुनाव हो।

24 तक फॉर्म-6 भरने वालों के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में होंगे

यूपी की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की प्रक्रिया में 24 अक्तूबर तक फॉर्म-6 भरने वाले लोगों के नाम 12 नवंबर को जारी होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। 24 अक्तूबर को प्रदेश भर में विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। एसएसआर की प्रक्रिया के तहत दो नवंबर को मतदाता सूची को फ्रीज किया जाएगा। दो नवंबर से सभी पोलिंग बूथों का विभाजन 1200 मतदाताओं पर किया जाएगा। अभी तक 1500 मतदाताओं पर एक पोलिंग बूथ होता था और अब 1200 मतदाताओं पर एक पोलिंग बूथ होगा। ऐसे में 15030 पोलिंग बूथ बढ़ेंगे और अब कुल पोलिंग बूथ की संख्या 177516 हो जाएगी। 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी। फिर 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। 28 दिसंबर तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को बयां करती है लघु फिल्म 'वर्दी' : डीजीपी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने शहीद पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष पहल करते हुए लघु फिल्म 'वर्दी' रिलीज की है। बॉलीवुड निर्देशक तिग्मांशु धूलिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म वर्दी पहनकर देश और समाज की सुरक्षा में जुटे पुलिसकर्मियों के बलिदान के साथ-साथ उनके परिवारों के भावनात्मक संघर्ष और अपनों को खोने के दर्द को भी सामने लाती है।

डीजीपी राजीव कृष्ण के मार्गदर्शन में तैयार इस फिल्म को उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने जारी बयान में कहा कि इस फिल्म में उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के शहीद निरीक्षक सुनील कुमार के अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। शामली में मुठभेड़ के दौरान उन्होंने असाधारण वीरता का परिचय दिया था। घायल होने के बावजूद वह अपनी टीम का नेतृत्व करते रहे और कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गए। उनके इसी अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। डीजीपी ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में बनी इस फिल्म पुलिसकर्मियों की वर्दी के पीछे छिपी उन भावनाओं और जिम्मेदारियों को सामने लाने का प्रयास है, जिन्हें आमतौर पर सार्वजनिक चर्चा में पर्याप्त जगह नहीं मिलती। फिल्म यह भी दर्शाती है कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के परिवार किस तरह अपनों की याद, उनके लौटने की अधूरी उम्मीद और जीवन के संघर्ष के साथ आगे बढ़ते हैं।

खबरें एक नजर में

फाइलेरिया : चिन्हित होंगे कभी दवा न खाने वाले



लखनऊ। प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य के मद्देनजर अब फोकस उन लोगों पर है, जो अब तक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान से दूर हैं। स्वास्थ्य विभाग की रणनीति में इस बार 'नेवर टेकन' (कभी न दवा खाने वाले) श्रेणी के लोगों की पहचान और उन्हें फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने पर विशेष जोर है। यह पहल अभियान को केवल दवा सेवन तक सीमित रखने के बजाय समुदाय के व्यवहार में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश के 16 जिलों के 53 प्लानिग यूनिट (पीयू) में एमडीए अभियान 19 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच आयोजित होगा। दवा को लेकर आशंका या गलत धारणाओं के कारण तमाम लोग अब तक दवा नहीं ले पाए हैं। कुछ लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि फाइलेरिया जैसी बीमारी लंबे समय में गंभीर शारीरिक परेशानी और दिव्यांगता का कारण बन सकती है। वहीं, कुछ लोग स्वस्थ महसूस करने के कारण दवा सेवन को जरूरी नहीं समझते। घर-घर संपर्क के दौरान परिवारों से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने पहले फाइलेरिया रोधी दवा ली है या नहीं।

नीट में एडमिशन कराने के नाम पर 36 लाख की ठगी

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार की एक महिला से बेटी को नीट के जरिए बंगलुरु के एक कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 36 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। जालसाजों ने एडवांस, फर्जी अलाटमेंट लेटर आदि देकर पीड़िता को जाल में फंसाया। घर से 10 लाख रुपये नकद हवाला के जरिए मंगवाया। आरोपी से पीड़िता का संपर्क इंस्टा पर एक विज्ञापन के जरिए हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा के आदेश पर गोमती नगर विस्तार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। गोमती नगर विस्तार के ग्रीनवुड अपार्टमेंट की सुमन कटियार ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश चाहती थी। इसके लिए एक अक्तूबर को पीड़िता की बेटी ने इंस्टा पर डॉक्टर एडमिशन डेस्क नाम से विज्ञापन देखा। बेटी ने क्लिक करने के बाद दिए गए फार्म पर डिटेल भरी तो तीन मोबाइल नंबर मिले। संपर्क करने पर जालसाज ने खुद को काउंसलर बताकर अपने जाल में फंसाया। आरोपी ने दाखिला दिलाने के लिए पीड़िता की बेटी के मेल पर बंगलुरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (बीएमसीआरआई) के पेपर दिखाकर भरोसा जीता।

जोन-7 के तीन वार्डों को मिलेगी सीवर समस्या से राहत

लखनऊ। दिवाली से पहले लखनऊ नगर निगम के जोन-7 के तीन वार्डों, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम, इंदिरा नगर और मैथिलीशरण गुप्त के लोगों को सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना के तहत सीवर नेटवर्क के संचालन एवं रखरखाव का कार्य कर रही संस्था सुएज की टीम ने साईं मंदिर के पास क्षतिग्रस्त 600 एमएम व्यास की सीवर पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा कर लिया है। करीब छह मीटर की गहराई में पाइपलाइन डालने का कार्य सुएज के इंजीनियरों की निगरानी में आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ किया गया। संबंधित क्षेत्र में लगभग 50 वर्ष पूर्व आवास विकास विभाग द्वारा सीवर लाइन बिछाई गई थी। समय के साथ पुरानी पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे क्षेत्र में सीवर संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि मौके पर नए मैनहोल का निर्माण जारी है। निर्माण कार्य जल्द पूरा किए जाने की योजना है। इसके बाद लाइन को चालू करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नई पाइपलाइन के चालू होने से क्षेत्र के 1,200 से अधिक घरों को सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। सुएज के ऑपरेशन मैनेजर सोनपाल शर्मा ने बताया, जोन-7 में पुरानी और क्षतिग्रस्त सीवर पाइपलाइन के कारण स्थानीय निवासियों को होने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सुएज की टीम लगातार कार्य कर रही है। साईं मंदिर के पास लगभग छह मीटर की गहराई में 600 एमएम व्यास की नई पाइपलाइन डालने का कार्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पूरा कर लिया गया है। फिलहाल नए मैनहोल का निर्माण कराया जा रहा है। शेष कार्य पूरा कर पाइपलाइन को जल्द चालू करने का प्रयास है, जिससे क्षेत्र के 1,200 से अधिक घरों को राहत मिल सकेगी।

किसानों को पुलिस ने रोका

लखनऊ। मोहनलालगंज में चकबंदी आयुक्त कार्यालय का घेराव करने जा रहे सोनभद्र के किसानों को पुलिस ने सभा खेड़ा गांव के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। मौके पर पहुंचे एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार समेत पुलिस अधिकारियों ने किसान नेताओं को समझाया। इसके बाद किसानों को कल्ली पश्चिम की ओर भेज दिया गया। किसान 521 दिनों से सोमभद्र में धरना दे रहे थे। अब किसान पैदल और ट्रैक्टरों से कल्ली पश्चिम के पीछे नहर के रास्ते वृंदावन मैदान पहुंचेंगे। इससे पहले कल्ली पश्चिम के पास रोके जाने पर किसानों ने नारेबाजी की, जिससे सड़क पर जाम लग गया था। मौके पर एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार और एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने किसानों को समझाकर ट्रैफिक सामान्य कराने की कोशिश की।

सीएम योगी ने सुहास एलवाई और सुवर्णा राज को दी बधाई

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एशियन पैरा गेम्स-2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाले सुहास एलवाई और सुवर्णा राज को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आईएएस अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश खेल विभाग के सचिव सुहास एलवाई ने पुरुष एकल एसएल4 पैरा-बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। जबकि सुवर्णा राज ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एशियन पैरा गेम्स-2026 में पुरुष एकल एसएल4 पैरा-बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर सुहास एलवाई को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि सुहास की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से सपनों को साकार करने की प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत मंगलकामनाएं भी व्यक्त की।

सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एशियन पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुवर्णा राज को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अथक परिश्रम और अटूट संकल्प से अर्जित सुवर्णा की यह स्वर्णिम उपलब्धि असंख्य बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने वाली है। मुख्यमंत्री योगी ने उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए अनंत मंगलकामनाएं भी व्यक्त की।

तुष्टीकरण व अराजकता की राजनीति करती है सपा : ब्रजेश

- अखिलेश यादव का आजम खान से मिलना कोई असामान्य बात नहीं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रामपुर जिला जेल में आजम खान से मुलाकात को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाला करार दिया है। उन्होंने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि

समाजवादी पार्टी का इतिहास तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और अराजकता की राजनीति से भरा रहा है।

उप मुख्यमंत्री कहा कि अखिलेश यादव का आजम खान से मिलना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन आजम खान जैसे नेताओं के पूर्व में दिए गए विवादित बयानों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत माता के प्रति अपमानजनक टिप्पणियों और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रति अनादर से जुड़े बयानों को लेकर समाजवादी पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री ने सपा सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के शासनकाल में पुलिस प्रशासन से भैंसों की तलाश जैसे कार्य कराए जाने की घटनाएं प्रदेश की जनता को आज भी याद हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं तत्कालीन सरकार की प्राथमिकताओं और प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता अब विकास, सुशासन और बेहतर कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने और जरूरतमंदों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश की जनता विकास और सुशासन के महत्व को समझती है तथा सरकार के कार्यों का आकलन अपने अनुभवों के आधार पर करती है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को विकास, सुशासन और बेहतर जनसुविधाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

डॉ. जीवन शुक्ल को लक्ष्मी शंकर मिश्र निशंक सम्मान

- शीला शर्मा को भी मिला मान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक की 108वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर साहित्य और लोक संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दो विभूतियों को सम्मानित किया गया।

डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2026 कन्नौज के साहित्यकार डॉ. जीवन शुक्ल को दिया गया। वहीं विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2026 से लखनऊ की शीला शर्मा को नवाजा गया। दोनों को 11-

11 हजार रुपए, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

सम्मानित डॉ. जीवन शुक्ल ने कहा कि साहित्यकार को सत्ता के साथ खड़े होने के बजाय समाज के दुख-दर्द को ईमानदारी से सामने रखना चाहिए। रचनाओं के जरिए समाज को जागरूक और प्रेरित करना ही साहित्य साधना है। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से रोटी, संघर्ष और बदलाव के सवाल भी उठाए।

पैर से पेंटिंग बनाना सीखा

शीला शर्मा ने कहा कि उन्हें बचपन से कला का शौक था। उन्होंने पैर से पेंटिंग बनाना सीखा। कई प्रदर्शनियां लगाईं। जीवन में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन लोगों का सहयोग मिलता रहा। उन्नाव में प्रशिक्षण केंद्र चलाकर बच्चों को कला सिखा रही हैं। उन्होंने सम्मान के लिए संस्थान का आभार जताया। मुख्य अतिथि प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि निशंक ने मंच की पवित्रता को जीवंत रखा। उन्होंने आधुनिक दौर में कवित्त और सवैया छंद को जीवित रखने का काम किया।

लखनऊ के दिवाली मेले में महिलाओं की मेहनत को मिलेगा बाजार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने वाली आकांक्षा समिति की पहल इस बार दिवाली मेले के जरिए नए खरीदारों तक पहुंचेगी। 24 अक्टूबर को लगने वाले मेले में समिति के मसाला मठरी केंद्र के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। लखनऊ के इस केंद्र से अब तक 120 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिल चुका है। महिला उद्यमियों, कारीगरों और सामाजिक संस्थाओं को भी यहां अपने उत्पाद लोगों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। यूपी आइएएस आफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन का यह पहला दिवाली मेला राजभवन कालोनी स्थित सीएसआई क्लब के लॉन में आयोजित होगा। सुबह 11 से रात 10 बजे तक चलने वाले आयोजन में खरीदारी के साथ खानपान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के लिए खेल व अन्य गतिविधियां भी होंगी।

रामकथा साक्षात राम दर्शन : शंकरदास

- सिद्धेश्वर मंदिर में रामकथा का चौथा दिन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राम कथा साक्षात राम का दर्शन है। यह बात शंकरदास ने कुंडरी रकाबगंज स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में श्री राम कथा के चौथे दिन कहीं। उन्होंने प्रभु राम के विवाह का गुणगान करते हुए कहा कि बिना हनुमान जी की मर्जी के कोई राम कथा नहीं सुन सकता है।

उन्होंने कहा विश्वामित्र मुनि जब राजा दशरथ के पास राम को मांगने के लिए आए तो विश्वामित्र मुनि ने कहा मुझे आप लखन के साथ राम को दे दिए जिससे मेरा दो काम हो जाए। पहला मेरे यज्ञ की रक्षा हो जाए और दूसरा मैं सनाथ हो जाऊं। प्रभु रघुनाथ का हाथ जिसके ऊपर होता है वह कभी अनाथ नहीं होता है।

शंकर दास ने कहा जो प्रतिदिन कम से कम नौ दोहा श्री रामचरितमानस का पाठ करता है उनके यहां हनुमान जी किसी न किसी रूप में श्री राम कथा सुनने आते हैं। हनुमान जी को राम कथा इतनी प्रिय है कि जहां भी राम कथा होती है वह वहां आवश्यक मौजूद होते हैं। तुलसीदास जी को भी बनारस में राम कथा में ही हनुमान जी का दर्शन हुआ था। उन्होंने कहा यदि घर में राम राज्य जैसा सुख चाहिए तो घर के सभी सदस्यों को प्रतिदिन राम कथा का गुणगान करना चाहिए।

नवयुग व केन्या के यूनिवर्सिटी ऑफ एम्बू के बीच करार

- अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ, जो लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध है, ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान, नवाचार एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केन्या स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एम्बू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर यूनिवर्सिटी ऑफ एम्बू की ओर से कुलपति प्रो. डैनियल मुगेंडी न्जिरू इस साझेदारी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

यह अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी के मार्गदर्शन एवं उनके साथ हुए विचार-विमर्श के फलस्वरूप साकार हुआ। उनके मार्गदर्शन ने महाविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संबंधों के विस्तार तथा अनुसंधान एवं अकादमिक सहयोग के नए अवसरों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान, छात्र प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, मार्गदर्शन, संकाय विकास, शैक्षणिक एवं शोध संसाधनों के आदान-प्रदान तथा संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संयुक्त आयोजन के माध्यम से सहयोग को बढ़ावा देना है। यह साझेदारी शैक्षणिक उन्नति, अनुसंधान सहयोग तथा ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के नए अवसर प्रदान करेगी।

यह पहल प्रो. मंजुला उपाध्याय, प्राचार्या, नवयुग कन्या महाविद्यालय, के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा प्रो. संगीता कोतवाल के महत्वपूर्ण सहयोग से साकार हुई है। संस्थागत गुणवत्ता संवर्धन एवं शैक्षणिक विकास की दिशा में उनके निरंतर प्रयास महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को साकार करने में डॉ. नेहा अग्रवाल, सदस्य एवं समन्वयक, के समर्पित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संबंधों को विकसित करने की उनकी पहल एवं प्रतिबद्धता ने इस साझेदारी को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थागत विकास एवं शैक्षणिक उन्नति के प्रति उनके निरंतर प्रयास महाविद्यालय के शैक्षणिक क्षितिज का विस्तार करने तथा उसकी अंतरराष्ट्रीय सहभागिता को सुदृढ़ बनाने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाते हैं।

राजधानी लखनऊ में बड़े बुलडोजर ऐक्शन की तैयारी, निशाने पर कई शोरूम और कॉम्प्लेक्स

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- पार्किंग की जगह पर बनाईं दुकानें हटानी पड़ेंगी
- अहमदपुर और रौनाई में बनेंगे कंट्रोल रूम

अयोध्या रोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण सख्त कदम उठाने जा रहा है। सड़क और हाईवे पर वाहनों की पार्किंग रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर स्थित कॉम्प्लेक्स, शोरूम,व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। जिन भवनों में पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर शोरूम, दुकानें या अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, उन्हें हटाकर पार्किंग स्थल खाली कराया जाएगा। इसके लिए एलडीए संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों और भवन मालिकों को नोटिस जारी करेगा।

एलडीए के जोनल अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण अब अयोध्या रोड के दोनों ओर स्थित ऐसे भवनों को चिह्नित कर नोटिस देने की तैयारी में है जहां पार्किंग की जगह का इस्तेमाल दूसरे कामों में किया जा रहा है।

एलडीए की कार्रवाई उन भवनों पर केंद्रित होगी, जहां नक्शे में पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर दुकानें, शोरूम या कॉम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। ऐसे निर्माण हटाकर पार्किंग की जगह खाली कराई जाएगी, ताकि वाहन भवन परिसर के अंदर खड़े कर सकें। जहां नियमों के तहत संभव होगा, वहां कंपाउंडिंग की प्रक्रिया के जरिए भवन संबंधी अनियमितताओं का निस्तारण कराकर पार्किंग का इंतजाम करना पड़ेगा।

एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार अहमदपुर और रौनाई में कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे, जहां से हाईवे पर लगे सारे कैमरों को कंट्रोल किया जाएगा। कैमरों की नजर से पूरे हाईवे पर निगरानी के दौरान कहीं से कोई आपात स्थिति मिलने पर तुरंत पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी जाएगी, जिससे कि वह कम समय में मौके पर पहुंच कर समस्या का समाधान करे। कंट्रोल रूम पास के ट्रैफिक कंट्रोल रूम से भी जुड़ा रहेगा, जिससे ओवरस्पीडिंग के चालान किए जा सकें।

सराहनीय — योगी सरकार की सामूहिक विवाह योजना बनी जरूरतमंद परिवारों का सहारा

यूपी में 28,833 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक प्रदेश में 28,833 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 72,540 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया है।

- एक लाख रुपये की सहायता से गृहस्थी बसाने में सहयोग

योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को आर्थिक सहयोग मिलने के साथ ही सामूहिक विवाह समारोहों के जरिए सामाजिक समरसता और समानता को भी बढ़ावा मिल रहा है। जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह की आर्थिक चिंता से राहत देने के उद्देश्य से संचालित यह योजना सरकार की जनकल्याणकारी पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर कुल एक लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में गृहस्थी बसाने के लिए दिए जाते हैं। वहीं, 21 हजार रुपये वैवाहिक उपहार सामग्री के लिए और 15 हजार रुपये विवाह समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं।

इस आर्थिक सहायता का उद्देश्य विवाह के अवसर पर परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है। योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को नई गृहस्थी शुरू करने में सहयोग मिलता है। सरकार की यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने में सहारा दे रही है।

लक्ष्य के मुकाबले मिले 1.16 लाख से अधिक आवेदन

समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक प्रदेशभर से 1,16,668 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 34,845 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि जांच में 11,679 आवेदन अपात्र पाए गए। पात्रता के आधार पर आवेदनों की जांच और विवाह की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। जिलावार आंकड़ों में हरदोई 1,385 जोड़ों के विवाह के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। सीतापुर में 1,335 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए हैं। आजमगढ़ में 1,242 और पीलीभीत में 1,271 जोड़ों का विवाह कराया गया है। ये आंकड़े प्रदेश के विभिन्न जिलों में योजना के क्रियान्वयन को दर्शाते हैं।

ई-केवाईसी व डिजिटल सत्यापन से पारदर्शिता पर जोर

योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। आवेदकों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी की व्यवस्था है, जबकि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आय और जाति प्रमाण पत्रों का डिजिटल सत्यापन किया जा रहा है। इसके साथ ही आधार आधारित भुगतान व्यवस्था के जरिए पात्र लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में सहायता राशि पहुंचाने का प्रावधान है।

राम-भरत के मिलन से गूंजा नगर, उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

▸ वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रभु श्रीराम की उतारी आरती

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

खिरनीबाग नगर की ऐतिहासिक रामलीला की भव्य राजगद्दी शोभा यात्रा निकाली गयी। गुरुवार को भरत मिलाप लीला का मंचन हुआ। गुरुवार सुबह चैक स्थित श्री राम जानकी मंदिर के समक्ष भरत मिलाप की परंपरा ने नगर को भक्तिरस में डुबो दिया, जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पावन दृश्य को देखने उमड़ पड़े।

रामलीला समिति के संरक्षक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस अवसर पर गुरु वशिष्ठ की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रभु श्रीराम का विधिवत राज्याभिषेक कर आरती उतारी। इसके पश्चात, राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान के स्वरूपों को मंदिर में ले जाया गया, जहाँ भक्तों ने पुष्प वर्षा और भोग अर्पित कर उनका स्वागत किया। विशेष रूप से गुरुवार को भरत मिलाप के लिए मंदिर के सामने सड़क पर एक भव्य मंच सजाया गया। जैसे ही हनुमान जी ने भरत और शत्रुघ्न को राम और लक्ष्मण के वनवास से लौटने का समाचार दिया दोनों भाई नंगे पैर अपने बड़े भैया से मिलने दौड़े। चारों भाइयों के गले मिलने का हृदयस्पर्शी दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। भाइयों के इस अद्भुत प्रेम को देखकर भक्तों ने जोरदार पुष्प वर्षा की और सियापति रामचंद्र की जय, वीर हनुमान की जय, और जय श्री राम के

जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन को देखने के लिए सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग मंदिर और आस-पास की दुकानों व घरों की छतों पर जमा हुए। भरत मिलाप के बाद श्री राम मंदिर में सभी देव स्वरूपों की आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं ने उनके चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंच पर श्री राम का राजतिलक कर भव्य आरती की गई। राज्याभिषेक के उपरांत, राजगद्दी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मंदिरों में गई जहाँ प्रत्येक मंदिर में आरती और भोग का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा का समापन दलेलगंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर में हुआ जहाँ भक्तों ने प्रभु श्री राम की आरती उतारी एवं भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया और जय-जयकार करते हुए आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। राम और भरत के इस मिलन ने न केवल भक्तों को भावुक कर दिया बल्कि इस दिव्य आयोजन ने रामायण के भाईचारे और प्रेम की शिक्षा को भी जीवंत कर दिया। इस आयोजन में प्रमुख रुप से सुरेश कुमार खन्ना कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और मेला समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश सिंघल, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, चंद्रशेखर खन्ना, केसी मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा, अजय प्रताप यादव, सचिन बाथम, सुरेंद्र सिंह सेठ, राम मोहन वर्मा, नरेंद्र मिश्रा गुरु, नीरज बाजपेई, मनीष खन्ना, नितेश गुप्ता, संजीव सक्सेना, राहुल खन्ना, अनुज देव गुप्ता, ओमदेव गुप्ता, अनूप गुप्ता, डीपीएस राठौर, संजीव राठौर, संजय कपूर, कपिल वर्मा, दिनेश चंद्र दीक्षित, मुनीश मिश्रा, गौतम राठौर, अनिल वाजपेई, प्रभाकर वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुनील सैनी, विजय तुली, रोमी आनंद, दिव्यांग सिंघल, दिवाकर मिश्रा, शेखर रस्तोगी, अजय अग्रवाल, अवधेश दीक्षित, रजत सिंह, डॉ विकास टंडन, मुकुंद खन्ना, वैभव खन्ना, अतुल अग्निहोत्री, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रणव वशिष्ठ, राकेश वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, सुमित खन्ना, सौरभ गुप्ता, रमेश यादव, विश्वास कपूर, पवन रस्तोगी आदि भक्त उपस्थित रहे।

विद्यार्थी सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहकर चिंतन करें: वित्तमंत्री

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

विद्यार्थियों को अपने चरित्र का निर्माण स्वयं करना है। हम अपने भारतीय मूल्यों पर चलकर ही उन्नति कर पाएंगे क्योंकि भारत ने विश्व को बहुत कुछ दिया है। अपने सांस्कृतिक मूल्यों का अनुकरण करके ही हम प्रगति के शिखर को स्पर्श कर सकते हैं। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए व्यक्त किए। वे स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में सत्रारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को आने वाले कल की योजना बनाकर रखनी चाहिए एवं समय का एक निश्चित भाग चिंतन व मनन को भी देना चाहिए। किसी भी तरह का गलत विचार आने पर उसे तत्काल कुचल देना ही बुद्धिमानी है। उन्होंने कहा कि सबसे शक्तिशाली एवं क्षतिकारी दुर्गुण अहंकार है। समय प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं को भाग्य के हवाले न करें। जीवन ने आपको कोरा कागज दिया है, उस पर सुंदर आलेखन बनाना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने गीता के दर्शन से विविध उदाहरण देते हुए कहा कि श्रेष्ठ लोग जो आचरण करते हैं, समाज उसी का अनुसरण करता है। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की संपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। विद्यार्थी को पूर्ण मानव बनाने का महान कार्य शिक्षक के द्वारा ही किया जाता है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने एक विशाल वटवृक्ष उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपा है। उन्होंने महाभारत काल का उदाहरण देते हुए कहा कि दुर्योधन ने पांडवों को सुई की नोक के बराबर भूमि भी देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी के समर्पण का ही प्रतिफल है की आज संस्था एक विश्वविद्यालय का रूप ले चुकी है। आवश्यकता है एक समेकित प्रयास की ताकि भविष्य में हम उत्तर प्रदेश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल हों। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का एक नवीन अध्याय है। पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्य परिषद के सदस्य डॉ ए के मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विगत सत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान डॉ कविता भटनागर ने प्रस्तुत किया।

पीडीए सदस्यता अभियान को लेकर सपा की बैठक

▸ कार्यकर्ताओं से वोट बनवाने की अपील

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

कस्बे में पूर्व ब्लॉक प्रमुख फिरोज सिंह यादव के आवास पर पीडीए सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और पूर्ववर्ती सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने और आगामी चुनाव में सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिन

लोगों के वोट अभी तक नहीं बने हैं, वे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार झूठे वादे करती है और जनता से किए गए वादों पर खरी नहीं उतरती। बैठक में जितेंद्र सिंह मल्ली ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने भाजपा सरकार पर जनता को प्रलोभन देने और वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख फिरोज सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी के समर्थन में जुटने और अपने मताधिकार का प्रयोग कर बदलाव लाने की अपील की। ओंमकार सिंह ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि खाद, बीज और रसोई गैस महंगी होने से आम जनता परेशान है। उन्होंने राशन वितरण और गैस सब्सिडी को लेकर भी सरकार की आलोचना की। वहीं, अरुण दीक्षित ने भी सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। बैठक में आनंद शुक्ला, सतीश कुमार, बलिस्टर वर्मा, दामोदरदास गंगवार, गोपाल अग्निहोत्री, रामपाल वर्मा, मोरपाल, नेवाराम, दिलीप कुमार, महेंद्र पाल, राजाराम पासी, संदीप यादव, वीरेंद्र यादव, रनजय सिंह यादव, रमाकांत गौतम, परमेश्वर दीन यादव, कुलवेंद्र सिंह, रजनीश यादव, नरेंद्र श्रीवास्तव, विमल यादव, हरेंद्र यादव, पवन वर्मा, गगन यादव, फूलचंद वर्मा और राकेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नाली निर्माण का न्यायोचित निकला समाधान

पुवायां, शाहजहांपुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पुवांया तहसील महासचिव सचिन मिश्रा और ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष अरविंद दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह, बलवीर सिंह, रोहित कुमार मिश्रा, आकाश मिश्रा, सोनू दीक्षित, शिवम मिश्रा, उमाशंकर गंगवार के सख्त रवैया को देखते हुए प्रशासन द्वारा गठित टीम जिसमें राजस्व निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद, लेखपाल अभिषेक मिश्रा सहयोगी राहुल मिश्रा खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राणा पुलिस दरोगा प्रदीप कुमार चौधरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और न्यायोचित समाधान कराया। जिससे भविष्य में होने वाला विवाद समाप्त हो गया।

खबरें एक नजर में

खडंजा निर्माण कार्य में अनिमियतता की आशंका

खुटार, शाहजहांपुर। विकासखंड खुटार की ग्राम पंचायत रसवा कलां में खड़ंजा निर्माण से जुड़े अभिलेखों में दर्ज तारीखों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मस्टर रोल में मजदूरों और मिस्त्री की हाजिरी सितंबर में दर्ज है, जबकि निर्माण में प्रयुक्त ईंटों का बिल अक्टूबर में जारी होने की जानकारी सामने आई है। इससे ईंटों की आपूर्ति, निर्माण अवधि और भुगतान प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला प्रशासक के कार्यकाल से जुड़ा होने के कारण कार्य की स्वीकृति, कार्ययोजना, मस्टर रोल, ईंट बिल और भुगतान अभिलेखों की जांच भी अहम हो गई है। अब इन दस्तावेजों का आपस में मिलान कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है। खंड विकास अधिकारी रामचंद्र यादव ने बताया कि संबंधित कार्य और किए गए भुगतान की जांच कराई जाएगी। इस संबंध में पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

विशेष आकस्मिक अवकाश आज: एडीएम प्रशासन

शाहजहांपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के खण्ड स्नातक क्षेत्र लखनऊ,वाराणसी,आगरा, मेरठ, इलाहाबाद-झांसी एवं खण्ड शिक्षक के 8 खण्ड शिक्षक क्षेत्र लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद, गोरखपुर-फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु उत्तर प्रदेश के सभी कर्मचारी जोकि विश्वविद्यालय स्नातक हैं और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों के लिए बोनाफाइड मतदाता हैं, को मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान दिवस आज 23 अक्टूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है। जानकारी देते हुए एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त शासनादेश के अनुसार ऐसे मतदाताओं के नियंत्रक प्राधिकारियों, कार्यालयाध्यक्षों द्वारा उपर्युक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

पुलिस मुठभेड़: ट्रैक्टर चोर गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

शाहजहांपुर। एसओजी, सर्विलांस सेल एवं थाना निगोही पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चोरी के अभियोग में वांछित दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से तमंचा व चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना निगोही पुलिस बीसलपुर-निगोही बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। मुखबिर ने सूचना दी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले बदमाश ट्रॉली बेचने के लिए पीलीभीत की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम को देखकर ट्रैक्टर सवार सिद्ध बाबा मंदिर की ओर कच्चे रास्ते पर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, जिसमें आरक्षी आशीष कुमार बाल-बाल बच गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। दूसरे बदमाश को धुल्लिया चेकपोस्ट के पास नदी किनारे से प्रातः 04:05 बजे दबोच लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिंदु उर्फ बिंदुआ पुत्र गोकर्ण निवासी भदारी थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत तथा रोहित पुत्र राकेश निवासी कांझा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 2 अक्टूबर को साथी सुधीर के साथ मिलकर ग्राम गुरगवां के पास ईंट प्लांट से ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराई थी। फरार अभियुक्त सुधीर की तलाश की जा रही है।

एमएलसी चुनाव आज, शराब की दुकानें रहेंगी बंद

जिलाधिकारी ने चुनाव के दृष्टिगत जारी किया आदेश

शाहजहांपुर। विधान परिषद के शिक्षक खंड द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज 23 अक्टूबर को जिले में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी आदेश में बताया कि जिले की सभी देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें, बार, थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन सहित संबंधित मदिरा बिक्री केंद्र बंद रहेंगे। शराब की बिक्री एवं आपूर्ति, मदिरा की दुकानों का संचालन व संबंधित अनुज्ञापनों के तहत मदिरा एवं मादक पदार्थों की बिक्री बंद रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

क्रय केंद्रों के बाहर व्यापारियों का धान देख भड़के विधायक

रोजा मंडी पहुंचे ददरौल विधायक अरविंद सिंह, तहसीलदार को बुलाकर किसानों के अभिलेखों का सत्यापन कराने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा मंडी में सरकारी धान क्रय केंद्रों के बाहर व्यापारियों के धान के ढेर और बोरियां देखकर ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने नाराजगी जताई। गुरुवार सुबह मंडी पहुंचे विधायक ने मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह से आपत्ति जताते हुए क्रय केंद्रों के सामने से तत्काल धान हटवाकर जगह खाली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों के धान की तौल प्राथमिकता से होनी चाहिए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। विधायक ने कहा कि यदि क्रय केंद्रों के सामने व्यापारियों का धान रखा रहेगा तो अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को धान उतारने तक की जगह नहीं मिलेगी। ऐसी स्थिति में किसान बिचैलियों के हाथों औने-पौने दामों पर धान बेचने को मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने

स्पष्ट कहा कि किसानों के साथ ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

मजदूरों और क्रय केंद्र प्रभारियों के आईडी कार्ड बनवाने के निर्देश: विधायक ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर काम करने वाले मजदूरों के आईडी कार्ड बनाए जाएं। जिन क्रय केंद्र प्रभारियों के आईडी कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उन्हें भी तत्काल बनवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मंडी गेट पर डिजिटल ग्रेन मॉइस्चर मीटर लगवाने को कहा, ताकि किसानों के धान की नमी की जांच कर नियमानुसार टोकन आवंटित किया जा सके और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

फार्मर रजिस्ट्री के बाद भी तौल नहीं होने की शिकायत: मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों से विधायक ने बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री होने के बावजूद क्रय केंद्र प्रभारी कागजातों में कमी बताकर उनके धान की तौल नहीं कर रहे हैं। इस पर विधायक ने मौके पर ही तहसीलदार को बुलाया और किसानों के दस्तावेजों का तत्काल सत्यापन कराकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

दूसरी तहसीलों के किसानों के लिए भी दिए निर्देश: विधायक ने डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय को फोन कर निर्देश दिए कि रोजा मंडी में तिलहर, पुवायां और जलालाबाद क्षेत्र से धान लेकर आने वाले किसानों की उपज उनकी संबंधित तहसीलों के क्रय केंद्रों पर तौलने की व्यवस्था की जाए। इससे किसानों को तौल कराने में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकेगी।

पुलिस ने श्मशान घाट पहुंची अर्थी से महिला का शव पोस्टमार्टम को भेजवाया

▸ मायके पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

▸ पिंटू ने दलित परिवार की युवती से की थी शादी

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

राजस्थान में महिला की मौत के बाद शव घर लाने के बाद मायके पक्ष की ओर से उसकी दो मासूम बेटियों के नाम धनराशि आदि कराए जाने के समझौता किए जाने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया। इसी दौरान किसी बात पर बबाल मच गया। मायके पक्ष ने बेटी की दहेज हत्या का आरोप लगाते हुऐ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने श्मशान घाट पहुंची अर्थी से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक लिखपड़ी की कार्रवाई नहीं हो सकी है।

जानकारी के मुताबिक गांव रजाक पुर (वारिद हाल मोहल्ला निजामगंज) निवासी आनंद वर्धन उर्फ पिंटू गंगवार ने करीब छह साल पहले तिलहर के गांव मिर्जापुर निवासी दलित मुन्नालाल की बेटी शामली से शादी कर ली थी। बड़ी बेटी करीब आठ माह की थी तभी वह राजस्थान के भिवाड़ी शहर में मजदूरी करने चला गया था। बीती 21 अक्टूबर को सुबह करीब दस बजे उसकी पत्नी शामली की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी पिंटू ने अपने परिवार तथा तिलहर के गांव मिर्जापुर स्थित ससुरालियों को इसकी खबर दी। देर रात शव को तिलहर निज निवास पर लाया गया। मृत शामली अपने पीछे चार साल की बेटी दीप्ति व आठ माह की बेटी अंकिता छोड़ गई है। जिनके नाम पर कुछ धनराशि जमा कराए जाने का समझौता हुआ। और गुरुवार अपरान्ह शव को अंतिम संस्कार के लिए सरऊ श्मशान ले जाया गया। इसी दौरान किसी बात को लेकर पिंटू के घर पहुंचे शामली के मायके पक्ष व पिंटू के घरवालों के बीच किसी बात को लेकर बबाल मच गया। फिर क्या था मृतका के परिजनों ने उसे दहेज के लिए मार डाले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी। अभी अर्थी खुली भी नहीं थी कि कोतवाल प्रभाष चंद्र पुलिस बल के साथ श्मशान घाट जा पहुंचे। हल्का इंचार्ज गौरव शर्मा ने अर्थी से शव को कब्जे में ले कर सील करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उधर पिंटू के घरवालों की ओर से शामली के मायके पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट कर दोनो बच्चों को ले जाने का प्रयास करने और मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाया गया है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि शामली की इलाज के दौरान राजस्थान में मौत हुई है। जिसके उसके पति पिंटू ने कागजात दिखाए हैं। घटना क्रम राजस्थान का है। मृत्यु का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

प्याज-लहसुन बीज के लिए आनलाइन कराएं पंजीकरण

शाहजहांपुर। उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित एकीकृत बागावानी विकास मिशन मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना एवं अनुसूचित जाति,जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी विकास अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा प्याज एवं लहसुन बीज प्राप्त हो चुका है। जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि योजना का लाभ चयनित कृषकों को प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दिया जाएगा। किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू अभिलेख खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति,जनजाति कृषकों हेतुकी छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।किसानों से अनुरोध है कि योजना का लाभ प्राप्त करने व विस्तृत जानकारी के लिए एमआईडीएच प्रभारी अनिल कुमार के मोबाइल नंबर 7355703122 व प्रभारी विमल देवल के मोबाइल नंबर 8960416449 एवं राकेश कुमार 9026629133 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है।

रामलीला भरत मिलाप व राजतिलक के साथ संपन्न

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी शाहजहांपुर।

क्षेत्र में चल रही पारंपरिक रामलीला का समापन भरत मिलाप, भगवान श्रीराम के राजतिलक और राजगद्दी कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर पूरा नगर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया। 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद अयोध्या नगरी लौटने पर भगवान श्री राम और भैया भरत के ऐतिहासिक मिलाप की लीला का मंचन किया गया। तदुपरांत, भगवान राम की राजगद्दी और राजतिलक का कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजगद्दी की बारात ने पूरे नगर का भ्रमण किया और

रामलाला ग्राउंड होते हुए प्रातःकाल 4:00 बजे सदर बाजार स्थित जय बाबा रेस्टोरेंट पहुँची। यह आयोजन स्व. राधाकृष्ण कटियार परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत अत्यंत धूमधाम से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान राम के राजतिलक के उपरांत सभी देवी-स्वरूपों को विधिवत फलाहार का भोग लगाया गया। इसके पश्चात, विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान की विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष मनमोहन द्विवेदी ने बताया कि हर वर्ष परशुरामपुरी में इसी प्रकार भव्य रूप से रामलीला मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव के दौरान मेला कमेटी और आयोजक परिवार से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

श्रीराम के बाणों से रावण को मिला मोक्ष, असत्य पर सत्य की हुई विजय

▸ फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला में रावण वध के उपरांत आतिशबाजी व पुतला दहन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

बुधवार फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य संरक्षक श्रीकांत डोईफोडे अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक श्री मीना महासचिव एवं उपमहाप्रबंधक ऋषि बाबु ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतार कर किया।

फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन में रावण वध का प्रसंग धर्म, ज्ञान और सत्य की विजय का संदेश लेकर आया। मंचन में कुंभकर्ण और मेघनाद के वध की सूचना मिलने पर रावण व्याकुल हो उठता है और युद्ध की तैयारी करता है। इस दौरान पत्नी मंदोदरी उसे समझाते

हुए कहती है कि अब भी माता सीता को प्रभु श्रीराम को लौटा दें, क्योंकि वह जगदंबा स्वरूपा हैं। रावण की जिद के कारण लंका का सर्वनाश हो चुका है और उसके पुत्र भी मारे जा चुके हैं। मंदोदरी के समझाने पर भी रावण अपने निर्णय से पीछे नहीं हटता। वह कहता है कि अब युद्ध से पीछे हटना उसके लिए कायरता होगी।

यदि प्रभु श्रीराम वास्तव में ईश्वर के अवतार हैं तो वह उन्हीं के हाथों मोक्ष प्राप्त करेगा। इसके बाद रावण महादेव की आराधना कर विजय का आशीर्वाद मांगता है और कहता है कि यदि उसे अपने जैसा भक्त नहीं मिलेगा तो महादेव को भी रावण जैसा भक्त नहीं मिलेगा। युद्धभूमि में प्रभु श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध होता है, जिसमें श्रीराम के बाणों से रावण धराशायी हो जाता है। इसके बाद प्रभु श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण को रावण से ज्ञान प्राप्त करने के लिए भेजते हैं। लक्ष्मण जब रावण के सिर की ओर खड़े होते हैं तो रावण उन्हें समझाता है कि किसी से ज्ञान प्राप्त करना हो तो उसके सिर की ओर नहीं, बल्कि पैरों की ओर खड़े होना चाहिए।

रावण के अंतिम उपदेश के साथ मंचन ज्ञान, विनम्रता और धर्म की महत्ता का संदेश देता है। रावण वध के उपरांत आतिशबाजी और पुतला दहन के माध्यम से असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव मनाया जाएगा। मंचन के दौरान सचिव ए के व्यास, देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निदेशक सुहेल मोहम्मद, कोऑर्डिनेटर पैट्रिक दास प्रभारी महेंद्र दीक्षित, प्रवेक्षक सुरक्षा राममोहन अग्निहोत्री, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री भोजन व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित बीएसए और मंच संचालक सतीश सक्सेना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने बरेली मोड़ पर चल रहे चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बरेली मोड़ पर चल रहे चैड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अभियंता को निर्देश दिए कि कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि चैड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद बस स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड तथा ठेलों को व्यवस्थित तरीके से स्थापित कराया जाए, जिससे यातायात सुचारु रहे और आमजन को आवागमन में सुविधा हो। इसके बाद जिलाधिकारी ने लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट ग्राम सरायखास में 22.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कार्य में तेजी लाने तथा दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्किट हाउस में बनाए जा रहे आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम का निरीक्षण कर उसमें उपलब्ध कराई जाने वाली नवीनतम हाईटेक सुविधाओं की जानकारी ली।

साथ ही फर्नीचर, प्रोजेक्टर, वाई-फाई, टीवी सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

सदर तहसील के नवीन अनावासीय भवनों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश

डीएम ने 1544.86 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सदर तहसील के अनावासीय भवनों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि बाउंड्री वॉल, नाली निर्माण एवं मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि नए तहसील भवन के निर्माण से आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आसपास के क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उधर जिलाधिकारी ने अक्षरधाम कॉलोनी में प्रस्तावित सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के लिए नियमानुसार नाप कराई जाए तथा सड़क की निर्धारित सीमा में आने वाले अवैध निर्माणों पर लाल निशान लगवाया जाए, ताकि निर्माण कार्य नियमानुसार कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्नी ने ली दवा की ओवर डोज तो हड़बड़ाए पति ने निगल लीं सल्फास की गोलियां

तिलहर-शाहजहांपुर। घरेलू कलह के चलते महिला महिला द्वारा चल रही दवाई की ओवर डोज लेने से हड़बड़ाए पति ने सल्फाज की गोलियां निगल लीं। जिससे महिला को तो कुछ नहीं हुआ लेकिन उसके पति की जान पर बन आई। परिजन उसे आनन फानन में सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर शाम नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी 30

- पति की हालत बिगड़ी सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

वर्षीय रामजी पुत्र रमेश की पत्नी ने घरेलू कलह के चलते अपनी चल रही टीवी की दवा की ओवर डोज ले ली। चर्चा है कि इसी बात से हड़बड़ाए उसके पति राम जी ने सल्फास की गोलिया निगल लीं। हालत बिगड़ते ही परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे जिला मेडिकल कॉलेज ले जाने के बजाय रात में ही खैरपुर एक डॉक्टर के निजी अस्पताल ले गए।
जहां भर्ती न किए जाने पर शाहजहांपुर में एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सीएचसी से घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

एमएलसी चुनाव: मतदान दलों का रैण्डमाइजेशन कर मतदेय स्थलों का आवंटन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दलों का रैण्डमाइजेशन किया गया। रैण्डमाइजेशन के माध्यम से मतदान दलों को मतदेय स्थलों का आवंटन किया गया।बता दें कि बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए आज 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए जनपद के सभी 14 मतदेय स्थलों पर मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान दलों को आवश्यक

निर्वाचन सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया।मतदान दलों की रवानगी के दौरान सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके पर्यवेक्षण में संबंधित मतदान दलों की रवानगी सुनिश्चित की गई। प्रत्येक मतदेय स्थल पर एक पीठासीन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चहमलपुर के सैदीपुर मोड़ पर तीन वाहनों की जोरदार भिड़ंत

- कई लोग घायल सीएचसी नकहा रेफर

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत सैदीपुर मोड़ चहमलपुर में सुबह करीब 1130 बजे तीन वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस त्रिकोणीय हादसे में वाहनों के चालकों सहित कई लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) नकहा भिजवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें शामिल वाहनों और घायलों का विवरण इस प्रकार है-एचएफ डीलक्स (UP31BE4852) इसे लहरपुर (सीतापुर) के ग्राम चंदेसवा निवासी बृजेश मिश्रा पुत्र श्री रामलखन चला रहे थे। सीटी 100 (UP31BF 2209): इस बाइक पर लहरपुर के ही ग्राम दंडपुरवा माजरा सकनापुर निवासी चालक नीरज सिंह पुत्र दुजई और प्रमोद पुत्र प्रहलादी सवार थे। स्कूटी को स्थानीय ग्राम चहमलपुर (थाना व जिला खीरी) निवासी चंद्रिका प्रसाद पुत्र कल्लू चला रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सीएससी नकहा भेज दिया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया गया। वर्तमान में मौके पर पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम है और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

विद्यालय जाते समय सड़क हादसे में प्रभारी प्रधानाध्यापक परमानन्द का निधन

लखीमपुर खीरी। जनपद में 22 अक्टूबर की सुबह एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। बेहजम ब्लॉक के संविलियन विद्यालय यंगपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक (इंचार्ज) के पद पर तैनात परमानन्द (उम्र 46 वर्ष) का एक भीषण सड़क हादसे में असामयिक निधन हो गया है। इस दुखद खबर से पूरे शिक्षा विभाग और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर शहर के पटेल नगर के निवासी 46 वर्षीय शिक्षक परमानन्द रोजाना की तरह सुबह अपने मोटरसाईकिल वाहन से विद्यालय जा रहे थे। इसी दौरान गोला रोड पर स्थित मनिकापुर तिराहे के पास पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दीटक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें ओयल ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।शिक्षक परमानन्द जी एक बेहद कर्मठ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वह लखीमपुर विकास क्षेत्र के संविलियन विद्यालय डिम्हौरा में कार्यरत सहायक अध्यापिका श्रीमती किरन सिंह जी के पति थे।पति-पत्नी दोनों ही शिक्षा जगत से जुड़कर बच्चों का भविष्य संवारने में लगे थे। इस हादसे ने उनके हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। परमानन्द के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही शिक्षक समाज, उनके सहयोगियों और परिचितों में भारी शोक है। सोशल मीडिया और शिक्षक समूहों पर लोग नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

युवा कांग्रेस की वोट बचाओ, देश बचाओ बाइक यात्रा, सीईसी के इस्तीफे की मांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर बुधवार को जिला युवा कांग्रेस ने वोट बचाओ, देश बचाओ यात्रा निकाली। बाइक रैली राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर बहादुरगंज, घंटाघर, लाल इमली चौराहा और रोडवेज होते हुए शहीद अशफाक उल्लाह खां की मजार पर समाप्त हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने चादरपोशी की। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी बंद करो, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे लगाए। राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर निर्भर है। मतदाता सूची को लेकर जनता के सवालों का पारदर्शी समाधान होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस पारस शुक्ला ने कहा कि युवा कांग्रेस मताधिकार की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक आवाज उठाती रहेगी। जिलाध्यक्ष

रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि प्रत्येक वोट का समान महत्व है और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहनी चाहिए। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, कांग्रेस अपना संघर्ष जारी रखेगी। यह यात्रा वोट की ताकत को बचाने का संकल्प है। इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खान, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, पवन सिंह, अनूप वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएस कॉलेज से रवाना हुईं 85 पोलिंग पार्टियां, मतदेय स्थलों पर पहुंचीं

- डीएम की मौजूदगी में रवाना हुईं पार्टियां

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को डीएस कॉलेज से 85 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। सभी पार्टियां अपने-अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में निर्धारित मतदेय स्थलों पर सकुशल पहुंच गईं। प्रशासन ने मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। डीएस कॉलेज में डीएम अंजनी कुमार सिंह,

एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ योगानंद पाण्डेय और एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी की प्रक्रिया संपन्न हुई। मतदान कार्मिकों ने निर्धारित काउंटरों से निर्वाचन सामग्री प्राप्त की। आवश्यक अभिलेखों और सामग्री का मिलान करने के बाद सभी पार्टियां अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुईं। पूरी प्रक्रिया सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न कराई गई।

स्नातक के 55 और शिक्षक निर्वाचन के 30 बूथ: लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 55 तथा लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 30 बूथ निर्धारित हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 85 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। प्रत्येक पार्टी को निर्धारित मतदेय स्थल पर पहुंचकर मतदान संबंधी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पहुंचीं पार्टियां: प्रशासन की निगरानी में सभी पोलिंग पार्टियां निर्धारित मार्गों से अपने-अपने मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुईं। सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने आवंटित क्षेत्रों में व्यवस्थाओं पर नजर रखने और निर्वाचन संबंधी दायित्वों का समुचित निर्वहन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी 85 पोलिंग पार्टियों के सकुशल मतदेय स्थलों पर पहुंचने के साथ ही मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गईं।

एमएलसी चुनाव ड्यूटी में निष्पक्षता सर्वोपरि, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

- डीएम-एसएसपी ने पुलिस लाइंस में की ब्रीफिंग मतदान केंद्रों की सुरक्षा और निर्वाचन सामग्री की आवाजाही पर सतर्कता के निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइंस में डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग की। अधिकारियों ने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, पक्षपात या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी एवं

कर्मचारी का दायित्व है। सभी कार्मिक पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की दुविधा या असमंजस की स्थिति में स्वयं निर्णय लेने में जल्दबाजी करने के बजाय तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करें, ताकि प्रत्येक परिस्थिति में नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मतदान केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। अराजक तत्वों को मतदान केंद्रों में प्रवेश न करने देने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। मतदान केंद्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मी आपसी समन्वय से व्यवस्थाओं पर नजर रखें तथा किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

आठ उपनिरीक्षकों और 28 मुख्य आरक्षी, आरक्षियों के तबादले

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

जनपद खीरी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए गए हैं। मीडिया सेल जनपद खीरी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, दिनांक 21.10.2026 को जनपद के 8 उपनिरीक्षकों और 28 मुख्य आरक्षियों व आरक्षियों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। इस फेरबदल में कई महत्वपूर्ण चौकियों के प्रभारी बदले गए हैं, जबकि कई पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से थानों में नई तैनाती दी गई है। उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण की सूची- उ.नि. आशुतोष कुमार सिंह थाना सिंगाही प्रभारी चौकी कस्ता, थाना मितौली, उ.नि. आकाश भाटी थाना फरधानप्रभारी चौकी संसारपुर, थाना मैलानी, उ.नि. ब्रह्मानन्द थाना पड़ुआ प्रभारी चौकी पड़ुआ, थाना पड़ुआ लखीमपुर खीरी, उ.नि. जयप्रकाश यादव प्रभारी स्वॉट टीम थाना सम्पूर्णानगर, उ.नि. संदीप कुमार प्रभारी चौकी बेहजम, थाना नीमगांव प्रभारी चौकी अजान, थाना हैदराबाद, उ.नि. ज्ञान प्रकाश मिश्रा थाना एएचटीयू थाना फरधान, उ.नि. जयकृष्ण तिवारी प्रभारी चौकी कस्ता, थाना मितौली प्रभारी चौकी गढ़ी, थाना कोतवाली सदर, उ.नि. आलोक कुमार राय थाना तिकुनिया पुलिस लाइन्स, मुख्य आरक्षियों व आरक्षियों के स्थानांतरण की सूची: मु.आ. कुलदीप कुमार पुलिस लाइन हेड मोहर्रिर, थाना शारदानगर, मु.आ. राजेश यादव थाना एएचटीयू हेड मोहर्रिर, थाना एएचटीयू, मु.आ. इन्द्रेश सिंहपुलिस लाइन हेड मोहर्रिर, थाना भीरा, मु.आ. मनीष कुमार थाना चन्दन चौकी थाना साइबर क्राइम, मु.आ. अशोक कुमार तिवारी पुलिस लाइन थाना पड़ुआ, मु.आ. शैलेन्द्र शुक्ला थाना नीमगांव थाना हैदराबाद, मु.आ. यशपाल सिंह थाना तिकुनिया पुलिस लाइन्स, मु.आ. विनोद कुमार पुलिस लाइन थाना फरधान, मु.आ. महेश कुमार यातायात थाना भीरा, आरक्षी ललित कुमार पुलिस लाइनथाना पलिया, आरक्षी भारत शर्मा पुलिस लाइन थाना गोला, आरक्षी दिनेश कुमार पुलिस लाइन थाना फरधान, आरक्षी सतीश कुमार थाना उचौलियापुलिस लाइन्स, आरक्षी सतीश कुमार थाना सिंगाही थाना फरधान, आरक्षी ईश्वर दयाल थाना मैलगंज थाना पसगंवा, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार कोतवाली सदर थाना फरधान, आरक्षी लाखन सिंहपुलिस लाइन थाना खीरी, आरक्षी विशाल कुमार पुलिस लाइन थाना मोहम्मदी, आरक्षी इन्द्रेश पुलिस लाइन थाना मोहम्मदी, आरक्षी सुमित कुमार थाना तिकुनिया पुलिस लाइन्स, आरक्षी नितिन कुमार थाना मैलगंज थाना हैदराबाद, आरक्षी दीपक कुमार पुलिस लाइन थाना भीरा, आरक्षी तरूण कुमार थाना मितौली थाना मैलानी, आरक्षी मोहित कुमार पुलिस लाइन थाना मैलगंज, आरक्षी सौरभ थाना पड़ुआ थाना फरधान, आरक्षी विकास यादव थाना फरधान थाना फूलबेहड़, आरक्षी इमरान अली थाना चन्दनचौकी थाना मैलानी, मआ तारणी शर्मा थाना नीमगांव थाना मैलगंज का स्थानांतरण किया गया है।

पूरनपुर में दिनदहाड़े खूनी वारदात, धारदार हथियार से हमला कर 20 वर्षीय युवक की हत्या

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

- रामपुरा कपूरपुर में दो युवकों के बीच विवाद के बाद खूनी संघर्ष
- एक ही राइस मिल में करते थे पल्लेदारी

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरा कपूरपुर गांव में गुरुवार दोपहर विवाद के बाद हुई हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। गांव के ही 24 वर्षीय युवक शहबाज ने 20 वर्षीय अरबाज पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गले पर किए गए हमले में अरबाज की मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अरबाज और आरोपी शहबाज दोनों रामपुरा कपूरपुर गांव के निवासी हैं और एक ही राइस मिल में पल्लेदारी का काम करते थे। दोनों के घरों के बीच की दूरी करीब 300 मीटर बताई गई है। गुरुवार को किसी बात को लेकर दोनों युवकों के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद दोपहर करीब 2:15 बजे शहबाज ने अपने घर के पास अरबाज पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अरबाज की जान चली गई। वारदात के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में दोनों युवकों के बीच पहले से किसी विवाद या रंजिश की बात सामने नहीं आई है। घटना वाले दिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला हत्या तक पहुंच गया, इसकी पड़ताल की जा रही है। एक ही गांव में रहने वाले और एक ही राइस मिल में साथ काम करने वाले दोनों युवकों के बीच हुई इस घटना ने ग्रामीणों को भी स्तब्ध कर दिया है।

संघ के 100 वर्ष पूर्ण, 101वें वर्ष में कदम रखते ही पीलीभीत में निकला पथ संचलन

- पूर्ण गणवेश में अनुशासन और घोष की लयबद्धता के साथ निकले स्वयंसेवक
- पुष्पवर्षा कर नगरवासियों ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने और 101वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में पीलीभीत नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पूर्ण गणवेश में निकले स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकजुटता और घोष की लयबद्धता के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्र जागरण का संदेश दिया। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभावना का वातावरण दिखाई दिया। पथ संचलन के उपरांत आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने राष्ट्र की चेतना को नवचेतना से जोड़ते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए तप, त्याग, समर्पण और निरंतर सेवा की कहानी है। शताब्दी वर्ष केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का भी समय है। उन्होंने कहा कि अब संघ के शताब्दी वर्ष से आगे बढ़ते हुए विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभाग संचालक ओमप्रकाश जी, जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार समेत सैकड़ों स्वयंसेवक एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

एसआईआर में गड़बड़ी पर बवाल, दो एसडीएम पर एफआईआर के बाद सपा-कांग्रेस ने खोला मोर्चा

- 127 सदर विस की मतदाता सूची में कथित हेराफेरी के खुलासे से गरमाई सियासत
- पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा सपा प्रतिनिधिमंडल के साथ डीएम आलोक कुमार से मिले

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर पीलीभीत में सियासी हलचल तेज हो गई है। सदर विधानसभा क्षेत्र संख्या 127 की मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों के बीच गुरुवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने अलग-अलग प्रेसवार्ताएं कर निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार के आरोपों के बाद पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा भी सक्रिय हुए और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी आलोक कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन के माध्यम से मामले की

निष्पक्ष जांच, कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की मांग की गई। इसी बीच एसडीएम मयंक गोस्वामी और एसडीएम हेमंत चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया है।

13,150 नामों में बदलाव, 16,554 रिकॉर्ड प्रभावित होने का दावा: कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया गया है कि सदर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए। पार्टी का दावा है कि 13,150 मतदाताओं के नामों में परिवर्तन हुआ, जबकि कुल 16,554 रिकॉर्ड प्रभावित हुए। कांग्रेस ने 884 मतदाताओं के नाम हटाए जाने और करीब 2,600 नए मतदाताओं को सूची में शामिल किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इन आंकड़ों की अंतिम पुष्टि जांच से ही हो सकेगी, लेकिन इन दावों ने मतदाता सूची की शुद्धता और संशोधन प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने प्रेसवार्ता के माध्यम से इस मामले को उठाते हुए कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि यदि मतदाता सूची में नियमों के विपरीत बदलाव किए गए हैं तो पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

कांग्रेस के बाद सपा की प्रेसवार्ता, हेमराज वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल के साथ सौंपा ज्ञापन: कांग्रेस की ओर से मामला उठाए जाने के बाद समाजवादी पार्टी ने भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की। गुरुवार को सपा की प्रेसवार्ता में मतदाता सूची से जुड़े आरोपों को लेकर सवाल उठाए गए। इसके बाद पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा सपा के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी आलोक कुमार से मिले। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कथित गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई।

दो एसडीएम के खिलाफ एफआईआर, कंप्यूटर ऑपरेटर पर भी कार्रवाई: एसआईआर प्रकरण में प्रशासनिक कार्रवाई के तहत एसडीएम मयंक गोस्वामी और एसडीएम हेमंत चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। संबंधित अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध किए जाने और कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। प्रारंभिक जांच के दौरान मतदाता पहचान पत्र के ईपीआईसी नंबर की ऑनलाइन पड़ताल में कुछ मामलों में दूसरे मतदाता का विवरण प्रदर्शित होने की विसंगति सामने आने की बात कही गई है। इसके बाद निर्वाचन अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

राष्ट्रीय एकता के सूत्र

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना दिवस पर होने वाले बहुचर्चित दशहरा संबोधन में संघ प्रमुख ने कहा कि हम सुनिश्चित करें कि हमारी समस्याओं का समाधान विरोध-प्रदर्शनों के बजाय समाज के भीतर से निकले। साथ ही कहा कि भारत को तोड़ने की कोशिशें सफल नहीं होंगी। यह अतार्किक है कि सत्ता बदलने से परिस्थितियां बदल जाएंगी। अतीत में भी ऐसा नहीं हुआ और भविष्य में भी न होगा। दरअसल, देश में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफएसआईआर में कथित अपारदर्शिता को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों और बाद में 'रिजीम चेंज' के बयानों के आलोक में भागवत ने ये टिप्पणी की। साथ ही यह भी कहा कि हाल के वर्षों में देश ने तमाम विषम-परिस्थितियों के बावजूद जो आशातीत प्रगति की है,उसे बाधित न कर पाने वाली विदेशी ताकतें हमारी एकता को तोड़ने की कोशिशें कर रही हैं। उनका मानना था कि जब विरोध-प्रदर्शनों की तपिश पर राजनीतिक दल रोटियां सेंकने लगते हैं तो आंदोलन का प्रयोग अराजकता व सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने में होता है। देश को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग से भटकाने वाली विदेशी ताकतों से नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है। भागवत ने कहा कि पश्चिम से उठा एक तूफान-संस्कृति, व्यवस्था व सुरक्षा आदि को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने इस बाबत फ्रांस, बांग्लादेश और नेपाल आदि के उदाहरण देकर, इन देशों में हुए आंदोलनों के निहितार्थों का भी जिक्र किया।
उन्होंने कहा कि भारत में भी कुछ लोग ऐसी ही ताकतों का समर्थन करते नजर आते हैं। जिसके मूल में सत्ता हासिल करने की लालसा भी है। भागवत ने परतंत्र भारत में 'वंदे मातरम' को बंगाल की एकता के पर्याय के रूप में दर्शाया। उन्होंने कहा कि जब लॉर्ड कर्जन ने बंगाल को धार्मिक आधार पर विभाजित करने का प्रयास किया तो समाज ने इसका दृढ़ता से विरोध किया। मजबूरन ब्रिटिश सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा। विडंबना यह रही कि देश की आजादी के समय ऐसा न हो सका क्योंकि लोग नफरत में उलझ गए और राष्ट्रीय एकता को भूल गए। अंग्रेजों ने लोगों में यह धारणा बैठा दी कि हम अलग दिखते हैं, अतरू हकीकत में भी अलग और एक-दूसरे से दूर होने चाहिए। दरअसल, सांप्रदायिक और चरमपंथी विचारधाराओं का प्रभाव लोगों पर पड़ा। राजनीतिक वर्चस्व की लालसा और कुछ लोगों की स्वार्थपूर्ति के चलते हमने राष्ट्रीय एकता के सिद्धांतों का त्याग कर दिया। तुष्टीकरण की सोच के चलते राष्ट्र का विभाजन हुआ। दरअसल, भागवत की टिप्पणी उन बयानों के जवाब में थी, जिसमें एसआईआर में अनियमितताओं के विरोध में उपजे आंदोलन को सत्ता परिवर्तन की लड़ाई बताया जा रहा था। संघ प्रमुख ने विकास से उपजी चुनौतियों पर भी दृष्टिपात किया।
उन्होंने कहा कि विकास मनुष्य के लिए प्रतिकूल परिणाम पैदा करने वाला नहीं होना चाहिए। उनका इशारा विकास और पर्यावरण असंतुलन के कारण नेपाल में आई भयावह जलप्रलय की ओर था। उन्होंने भारत, चीन व नेपाल में विस्तृत हिमालय पर अनियोजित व पर्यावरण विरोधी विकास के खतरों के प्रति चेताया। साथ ही कहा कि विकास की कीमत लोगों को जान देकर नहीं चुकानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान व तकनीक की प्रगति से किसी को परहेज नहीं होना चाहिए लेकिन यह विकास पर्यावरण और नैतिकता की अनदेखी न करे। साथ ही उन्होंने भारत की धार्मिक, भाषायी और खानपान की विविधता को अक्षुण्ण रखने पर भी बल दिया।
दूसरी ओर आम नागरिकों की चिंता के साथ ही भागवत भी विदेशी शक्तियों द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित सोशल मीडिया के खतरों के प्रति सचेत दिखे। उन्होंने माना कि ये लोगों को विवेक से हटाकर उनकी सोच को दुष्प्रभावित कर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेज विस्तार ने इस संकट को और बढ़ाया है। उनका मानना था कि नई तकनीक का स्वागत होना चाहिए लेकिन नैतिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने सामाजिक विभाजन को बढ़ाने वाले इंटरनेट मीडिया को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता पर बल दिया। ताकि वास्तविक चिंताओं पर भ्रामक विमर्श व तथ्यों के जरिये लोगों को न भड़काया जा सके। उन्होंने तमाम असहमतियों के बावजूद एकता-सामाजिक सद्भाव बनाये रखने पर जोर दिया।

दो टूक

लद्दाख की पुकार, संघवाद की परीक्षा

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संघवाद का अर्थ केवल केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं, सांस्कृतिक पहचान और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का सम्मान करना भी है। देश के सभी क्षेत्रों पर एक समान प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने के बजाय उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप अलग-अलग स्तर की स्वायत्तता प्रदान करना असममित संघवाद कहलाता है। भारतीय संविधान में इसकी अभिव्यक्ति पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधानों, छठी अनुसूची तथा विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई गई व्यवस्थाओं में दिखाई देती है। लद्दाख की स्वायत्तता और संवैधानिक संरक्षण की मांग इसी व्यापक संवैधानिक दृष्टिकोण की प्रासंगिकता को रेखांकित करती है।
अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इससे क्षेत्र का प्रशासनिक स्वरूप तो बदला लेकिन इसके साथ ही स्थानीय लोगों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, भूमि अधिकारों, सरकारी नौकरियों, सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से जुड़े प्रश्न भी अधिक मुखर हुए। वर्तमान व्यवस्था में लद्दाख के पास अपनी निर्वाचित विधानसभा नहीं है। प्रशासन का संचालन उपराज्यपाल के माध्यम से होता है, जबकि लेह और कारगिल की पर्वतीय विकास परिषदें स्थानीय शासन में भूमिका निभाती हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या प्रशासनिक पुनर्गठन के साथ स्थानीय जनता की लोकतांत्रिक भागीदारी और निर्णय लेने की क्षमता भी पर्याप्त रूप से मजबूत हुई है? लद्दाख की मांगों को समझने के लिए उसके भूगोल और समाज की विशिष्टताओं पर ध्यान देना आवश्यक है। विशाल पर्वतीय क्षेत्र, सीमित कृषि योग्य भूमि, जलवायु परिवर्तन की तीव्र चुनौतियां, नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकी और विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराएं इसे देश के अन्य क्षेत्रों से अलग बनाती हैं। यहां की आबादी का बड़ा हिस्सा जनजातीय समुदायों से संबंधित है। भोटी और पुरगी जैसी भाषाएं, पारंपरिक सामुदायिक संस्थाएं, धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत तथा स्थानीय जीवनशैली इस क्षेत्र की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यदि विकास की नीतियां स्थानीय परिस्थितियों और समुदायों की भागीदारी को पर्याप्त महत्व दिए बिना बनाई जाती हैं तो आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक संरक्षण के बीच असंतुलन पैदा हो सकता है। यहीं असममित संघवाद की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इसका मूल सिद्धांत यह है कि राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए हर क्षेत्र को एक जैसी संवैधानिक या प्रशासनिक व्यवस्था में बांधना अनिवार्य नहीं है। आवश्यकतानुसार अलग-अलग क्षेत्रों को विशिष्ट अधिकार और संस्थागत संरक्षण देकर लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 371 नागालैंड की धार्मिक-सामाजिक परंपराओं, प्रथागत कानूनों और भूमि-संसाधनों से जुड़े कुछ विशेष संरक्षणों का उदाहरण है। इसी प्रकार छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के निर्दिष्ट जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त जिला एवं क्षेत्रीय परिषदों की व्यवस्था करती है। हालांकि इन प्रावधानों की अपनी अलग संवैधानिक सीमाएं हैं, फिर भी वे बताते हैं कि भारत का संघवाद स्थानीय विविधताओं को स्वीकार करने की क्षमता रखता है। लद्दाख के संदर्भ में छठी अनुसूची के अंतर्गत संरक्षण की मांग इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्थानीय समुदायों को भूमि, संस्कृति और परंपरागत संस्थाओं से जुड़े विषयों पर अधिक प्रभावी भूमिका मिल सकती है। जनजातीय स्वायत्तता का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना नहीं बल्कि समुदायों को अपने सामाजिक और आर्थिक भविष्य से संबंधित निर्णयों में भागीदार बनाना भी है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप संस्थागत अधिकार मिलने से बाहरी दबावों के बीच पारंपरिक आजीविकाओं और सामुदायिक संसाधनों की रक्षा करने में सहायता मिल सकती है।
भूमि और रोजगार की सुरक्षा भी इस मांग का महत्वपूर्ण आधार है। लद्दाख में भूमि केवल आर्थिक संपत्ति नहीं, बल्कि आजीविका, सांस्कृतिक निरंतरता और सामुदायिक अस्तित्व से जुड़ा विषय है। पर्यटन, आधारभूत संरचना, ऊर्जा परियोजनाओं और अन्य विकास गतिविधियों के विस्तार के बीच स्थानीय निवासियों की आशंकाओं को दूर करना आवश्यक है। संवैधानिक सुरक्षा और स्पष्ट कानूनी व्यवस्था स्थानीय भूमि अधिकारों की रक्षा कर सकती है तथा सरकारी रोजगार में स्थानीय युवाओं के अवसरों को मजबूत कर सकती है। इससे विकास के लाभों का अधिक न्यायसंगत वितरण संभव होगा।
लद्दाख की पारिस्थितिकी के संदर्भ में भी स्थानीय स्वायत्तता का विशेष महत्व है। हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों का पिघलना, जल संकट, अनियमित वर्षा और पर्यावरणीय दबाव पहले से गंभीर चुनौतियां हैं। अनियंत्रित पर्यटन और अव्यवस्थित निर्माण इन समस्याओं को और बढ़ा सकते हैं। स्थानीय समुदायों को योजना निर्माण, जल प्रबंधन, चरागाहों के संरक्षण और पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन में वास्तविक अधिकार दिए जाएं तो विकास की नीतियां अधिक टिकाऊ बन सकती हैं। इस दृष्टि से स्वायत्तता केवल राजनीतिक मांग नहीं बल्कि पर्यावरणीय न्याय और भावी पीढ़ियों के अधिकारों से जुड़ा प्रश्न भी है। हालांकि लद्दाख को अधिक स्वायत्तता प्रदान करने की राह चुनौतियों से मुक्त नहीं है। यह क्षेत्र चीन और पाकिस्तान से लगी संवेदनशील सीमाओं के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। रक्षा संबंधी आवश्यकताओं, सीमावर्ती आधारभूत संरचना और रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए किसी भी व्यवस्था का निर्माण करना होगा। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को परस्पर विरोधी मानना उचित नहीं है। स्थानीय आबादी का विश्वास, सहयोग और भागीदारी सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिरता को मजबूत कर सकते हैं। संवैधानिक दृष्टि से भी सावधानी आवश्यक है। छठी अनुसूची वर्तमान में लद्दाख पर लागू नहीं होती इसलिए इसे लागू करने के लिए उपयुक्त संवैधानिक प्रयिा और स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता होगी। अनुच्छेद 371 के अंतर्गत किसी विशेष प्रावधान की मांग पर भी संवैधानिक व्यवहार्यता, आवश्यक संशोधनों और संबंधित प्रावधानों की प्रकृति के आधार पर विचार करना होगा। केवल विशेष दर्जे की घोषणा पर्याप्त नहीं होगी; उसके साथ स्पष्ट अधिकार, जवाबदेही, वित्तीय संसाधन और प्रभावी संस्थागत व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी। इसके अतिरिक्त, लेह और कारगिल की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक प्राथमिकताओं में अंतर समझना जरूरी है। किसी भी स्वायत्त व्यवस्था को दोनों क्षेत्रों के लिए न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए। यदि निर्णय लेने की प्रयिा में किसी एक क्षेत्र या समुदाय का प्रभाव अधिक हो जाता है तो स्वायत्तता का उद्देश्य ही कमजोर पड़ सकता है। इसी तरह, पर्याप्त वित्तीय संसाधनों और प्रशासनिक अधिकारों के अभाव में स्थानीय संस्थाएं केवल नाममात्र की स्वायत्तता तक सीमित रह सकती हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

भारत की विमानन क्रांति का पहला दशक और आत्मनिर्भर भविष्य का रोडमैप

ओ.पी. पाल

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण भौगोलिक विस्तार वाले देश में बुनियादी ढाँचे का संतुलित विकास हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। एक समय था जब हवाई यात्रा को केवल संपन्न वर्ग की विलासिता माना जाता था और देश का उड्डयन नेटवर्क मेट्रो शहरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद तक सीमित था। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के तथा दूरदराज के सीमावर्ती व पहाड़ी इलाके देश के आर्थिक मानचित्र से एक तरह से कटे हुए थे।
इस असंतुलन को समाप्त करने और हवाई चप्पल पहनने वाले आम नागरिक को हवाई यात्रा कराने के संकल्प के साथ देश में 21 अक्टूबर 2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़े देश का आम नागरिक) की नींव रखी गई। इस उड़ान योजना ने साबित कर दिया कि यदि सही दृष्टि और ढांचागत रणनीति हो तो उड्डयन क्षेत्र केवल बड़े शहरों का विशेषाधिकार नहीं रहता। इस योजना ने 21 अक्टूबर 2026 को अपने 10 वर्ष पूरे करते हुए न केवल भारत के नागरिक उड्डयन परिदृश्य को बदल दिया है बल्कि इसे दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार बनाने में मजबूत भूमिका निभाई है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति के तहत क्षेत्रीय मार्गों को किफायती और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 2016 को आरसीएस-उड़ान की नींव रखी थी।
प्रथम व्यावसायिक उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के बीच पहली क्षेत्रीय उड़ान का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जिससे पर्वतीय राज्यों में हवाई संपर्क का नया अध्याय शुरू हुआ। इसके विस्तार एवं नवाचार में साल 2018-2021 में इस योजना में पूर्वोत्तर राज्यों, दूरदराज के द्वीपों, वाटर एयरोड्रोम (सी-प्लेन) और हेलीकॉप्टर सेवाओं को शामिल कर उड़ान 2.0, 3.0 और 4.0 का दायरा बढ़ाया गया। यदि आंकड़ों पर गौर किया जाए तो साल 2014 तक पूरे देश में केवल 74 चालू हवाई अड्डे थे। लेकिन उड़ान योजना के लागू होने के बाद अगले दस वर्षों में यह संख्या दोगुने से भी अधिक होकर 166 तक पहुँच गई है।
इन 10 वर्षों की प्रमुख सांख्यिकीय उपलब्धियों के तहत देश के कोने-कोने में कुल 687 क्षेत्रीय मार्गों पर विमान परिचालन शुरू हुआ और कुल 95 नए एयरोड्रोम शुरू किए गए, जिनमें 17 हेलीपोर्ट और 2 वाटर एयरोड्रोम शामिल हैं। उड़ानों और यात्रियों की संख्या की दृष्टि से अब तक इस योजना के तहत 3.68 लाख से अधिक उड़ानें संचालित होने का दावा किया गया है। देश के अलग-अलग भागों में इसके चार प्रत्यक्ष उदाहरण देखे जाएं तो इसमें पूर्णिया (बिहार) यानी कोसी-सीमांचल का आर्थिक सूर्योदय 2025 से पूर्व पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जैसे जिलों के निवासियों को हवाई यात्रा के लिए 200 किलोमीटर दूर बागडोगरा जाना पड़ता था। पटना और कोलकाता जाने में 8 से 10 घंटे लगते थे। 2025 में चालू हुआ 2.8 किलोमीटर लंबा रनवे वाला पूर्णिया हवाई अड्डा (जो बिहार का सबसे लंबा रनवे है) अब ए320 और बी737 जैसे बड़े बोइंग विमानों को संभालने में सक्षम है। इसी प्रकार तेजू (अरुणाचल प्रदेश) में हवाई अड्डा 2021 में शुरू हुआ। इससे पूर्व गुवाहाटी पहुँचने में स्थानीय लोगों को 10 से 12 घंटे का कठिन सड़क सफर तय करना पड़ता था।
अब यह सफर घटकर सिर्फ 1 घंटा रह गया है। जबकि देवघर (झारखंड) में जुलाई 2022 में हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले बाबा बैद्यनाथधाम आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को रांची या पटना उतरकर 150-200 किमी दूर की कठिन यात्रा करनी पड़ती थी। अब दिल्ली से देवघर का सफर 15 घंटे से घटकर मात्र 2 घंटे का रह गया है। इसके अलावा साल 2017 में किशनगढ़ (राजस्थान) एयरपोर्ट की शुरुआत ने विश्वप्रसिद्ध किशनगढ़-अजमेर मार्बल मंडी की दिशा ही बदल दी। सीधी एयर कार्गो सेवा मिलने से इटली, यूएई और अमेरिका को मार्बल निर्यात आसान हो गया है। इसी साल 4 जुलाई 2026 को केंद्र सरकार ने अगले 10 वर्षों (वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36) के लिए 28,840 करोड़ रुपये के बजट के साथ योजना के अगले और अधिक आधुनिक चरण की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 मार्च 2026 को इस संशोधित क्षेत्रीय संपर्क योजना को मंजूरी दी थी। इस नए चरण में मौजूदा हवाई पट्टियों से 100 हवाई अड्डे विकसित करने, 200 आधुनिक हेलीपैड बनाने, क्षेत्रीय हवाई अड्डों के संचालन को आर्थिक सहायता देने और विमानन कंपनियों को प्रोत्साहित करने की योजना है। केवल हवाई पट्टियाँ बनाना नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के तहत ऐसा घरेलू विमानन पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जो मेड इन इंडिया विमानों और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे पर आधारित होगी। एयरलाइनों को कम किराए पर विमान चलाने में मदद हेतु 15 अक्टूबर 2026 तक 5,091.23 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की जा चुकी है।
इस नए चरण में 120 नए गंतव्यों तक हवाई संपर्क बढ़ाने और अगले दस वर्षों में चार करोड़ यात्रियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य भी तय किया गया है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, विमानन कंपनियों को सहायता, राज्यों के साथ समन्वय और स्वदेशी विमानों की उपलब्धता पर जोर दिया जा रहा है। एक दशक की शानदार उपलब्धियों के बावजूद क्षेत्रीय विमानन के समक्ष कुछ संरचनात्मक चुनौतियाँ अब भी मौजूद हैं। यानी छोटे क्षेत्रीय एयर ऑपरेटर्स (जैसे एयर डेक्कन, ज़ूम एयर) ईंधन की बढ़ती कीमतों और रखरखाव लागत के कारण लंबे समय तक टिक नहीं पाए। वहीं, पूर्वोत्तर और पहाड़ी इलाकों में खराब मौसम और कोहरे के कारण उड़ानों के रद्द होने की दर अधिक रहती है। इसी प्रकार छोटे हवाई अड्डों पर एटीसी, नाइट लैंडिंग और रिफ्यूलिंग की स्थायी सुविधाओं का रखरखाव महंगा साबित हो रहा है।
हालांकि सरकार ने संशोधित उड़ान के जरिए इन कमियों को दूर करने का एक व्यावहारिक ढांचा तैयार किया है। 3 से 8 वर्षों के लिए संचालन एवं रखरखाव में सब्सिडी देना, एचएएल द्वारा निर्मित स्वदेशी डॉर्नियर और ध्रुव हेलीकॉप्टरों को बेड़े में शामिल करना तथा निजी क्षेत्र के साथ जोखिम साझा करना इस बात का प्रमाण है कि भारत क्षेत्रीय उड्डयन को केवल आर्थिक लाभ-हानि से परे राष्ट्र-निर्माण के उपकरण के रूप में देखता है। वहीं, हेलीपैड का विकास विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी हो सकता है, जहां पहाड़, जंगल, द्वीप या कठिन भौगोलिक परिस्थितियां बड़े हवाई अड्डों के निर्माण को मुश्किल बनाती हैं। ऐसी जगहों पर हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा, प्रशासनिक गतिविधियों, पर्यटन और जरूरी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण साधन बन सकते हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

कोरस

बिंदेश कुमार झा

डरना नहीं

यह बादल तो घने हैं,
काले और बड़े हैं,
भयभीत करने आए हैं,
पर मजबूत मेरी जड़े हैं।

यह नदियां अपने उफान से
डरा रही हो मुझे,
भयभीत नहीं होंगा मैं,
चाहे उलझा रही हूं।

मुझे यह पर्वत
बड़े चट्टानों को गिरा तो रही है,
मानो मुझे मेरे उद्देश्य से
बहका तो रही है।

यह बादल रूपी चिंता,
यह नदी रूपी डर,
यह जो समस्या के चट्टान हैं,
कुछ नहीं, मेरा साहस है प्रखर।

तेल के खेल में मोहरा बना भारत

सर्वमित्रा सुरजन

वैश्विक राजनीति पर दबदबा उसी का होता है, जो अर्थव्यवस्था को अपनी मर्जी से नचाना जानता है। एक समय था जब ग्रेट ब्रिटेन अपनी औद्योगि क्रांति के कारण एक के बाद एक देशों को अपना गुलाम बनाता गया और औपनिवेशिक साम्राज्य स्थापित कर खुद की शक्ति और संपत्ति में अकूत इजाफा किया। आज ऐसा ही खेल अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप खेल रहे हैं, फर्क यही है कि भारत को गुलाम बनाए बिना उसे मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इन दिनों अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत आए हुए हैं। बुधवार को रूबियो गुजरात के जामनगर पहुंचे, जहां मुकेश अंबानी का बनाया तेल शोधन संयंत्र है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली दुनिया की सबसे बड़ी यह तेल रिफाइनरी रूस और वेनेजुएला समेत कई देशों से कच्चा तेल लेती है और उसे रिफाइन करके तैयार ईंधन वैश्विक बाजारों में भेजती है। पाठक जानते हैं कि वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का आधी रात में अपहरण कर अमेरिका ने उन्हें अपनी जेल में रखा है और वेनेजुएला में अपने समर्थन से अंतरिम सरकार बना दी है।
यानी वेनेजुएला के तेल के खजाने पर अब अमेरिका का अधिकार है। इधर अमेरिका के ही छेड़े युद्ध के बाद ईरान ने जब होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया तो दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति पर इसका असर पड़ा और तेल की कीमतों में एकदम से तेजी आई। भारत में कितने दिनों तक लोग खाली सिलेंडरों के साथ सड़कों पर थे, यह तो कोई भूला नहीं है। इस त्योहारी मौसम में भी महंगाई बढ़ने का बड़ा कारण तेल की महंगाई है। अमेरिका में भी ऐसे ही महंगाई आई है, लेकिन अगले महीने वहां मध्यावधि चुनाव है। जिसमें ट्रंप तेल की महंगाई के कारण घिरे हुए हैं। ऐसे वक्त में रुबियो भारत आए और सीधे मुंबई पहुंच कर वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भी बुलवा लिया। विदेश मंत्रालय कोई सूचना देशवासियों को देता, इससे पहले ही अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस बारे में इत्तला दे दी थी कि जब रुबियो मुंबई में रहेंगे तो विदेश मंत्री जयशंकर वहीं उनसे मिलेंगे। अब यही चलन हो गया है कि हमारी सरकार क्या करेगी, यह अमेरिका पहले बता देता है। ऑपरेशन सिंदूर भी अचानक बंद कर दिया गया, यह बात पहले डोनाल्ड ट्रंप ने बताई और उसके कई घंटों बाद नरेन्द्र मोदी ने। राहुल गांधी जब इसे अमेरिका के सामने सरेंडर बताते हैं तो यह महज तंज नहीं, मौजूदा दौर की कड़वी सच्चाई है। एक वक्त था जब भारत के लिए शान से कहा गया था, कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। लेकिन अब उसी हस्ती को मोदी सत्ता के लालच में मिटाने पर तुले हैं और शान से बताते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप से उनका कितना गहरा याराना है। हालांकि इसकी बहुत भारी कीमत देश की जनता चुका रही है। ट्रंप को व्यापारिक और राजनैतिक कोई भी असुविधा न हो, इसका पूरा ख्याल मोदी सरकार रख रही है। चुनाव से पहले अमेरिका को डीजल की भारी जरूरत है और जामनगर रिफाइनरी यह जरूरत पूरी कर सकती है।
ध्यान रहे कि वेनेजुएला के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार अमेरिका है, जबकि भारत दूसरे स्थान पर है। लेकिन वेनेजुएला में जब अघोषित तौर पर अमेरिका की ही सरकार है, तो यह कहना ज्यादा सही होगा कि भारत ही वेनेजुएला का तेल खरीद रहा है, अमेरिका तो केवल ले रहा होगा। बहरहाल बीते महीनों में भारत ने वेनेजुएला से लगभग 2.90 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल आयात किया, जिसमें से 90 प्रतिशत जामनगर रिफाइनरी में आया। यहीं से फिर संशोधित तेल वैश्विक बाजार में बेचा जाता है। रिलायंस की एक रिफाइनरी अब अमेरिका में भी खुलने जा रही है। अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग नाम से टेक्सास में बन रही इस रिफाइनरी में सारा काम रिलायंस की मदद से होगा और मार्च में इस पर करीब 300 अरब डॉलर का सौदा हो चुका है। अब अमेरिका चाहता है कि भारत वेनेजुएला से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदे और उसे रिफाइन कर अमेरिका के सुपुर्द कर दे। हालांकि अपनी इस चाहत को कूटनीतिक शब्दों में पिरोकर भारतीयों को बताया जा रहा है। जैसे रुबियो ने मंगलवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि भारत एक रिफाइनिंग सुपरपावर है और बाजार पर पड़ रहे दबाव को कम करने में मदद कर सकता है। हमें रिफाइनिंग सुपरपावर बता कर अमेरिका अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहा है। मोदी इस बात को अच्छे से समझते हैं, लेकिन अंबानी और ट्रंप से अपनी नजदीकियों को वे ज्यादा महत्व देते हैं।

वैसे ट्रंप ने इस बीच एक समझौता रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी किया है, जिसके तहत रूसी डीजल को वैश्विक बाजार में उतारा जाएगा। अब तक तो भारत को रूस से तेल खरीदने पर टैरिफथोपने की धमकी दी जा रही थी, लेकिन अब ट्रंप ने भी अपना फायदा देखते हुए बात पलट दी है। पिछले सप्ताह ही भारत को भी ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने वाली धमकी से मुक्त किया है। मोदी इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बता सकते हैं, लेकिन असल में ट्रंप बार-बार भारत के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। क्योंकि एक तरफ ट्रंप भारत की क्षमताओं का दोहन कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा और सत्ता में बने रहने का इंतजाम कर रहे हैं, दूसरी तरफ भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान से भी नजदीकियां बनाए हुए हैं।
मुंबई में मार्को रूबियो ने अमेरिका के लिए पाकिस्तान की अहमियत बताई और देशभक्ति का ढोल पीटने वाले संघी और दक्षिणपंथी लोग इस पर एक शब्द नहीं कह रहे हैं। गौरतलब है कि 2025 में जब मार्को रूबियो केवल सीनेटर थे तो उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो वे पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी सुरक्षा सहायता में कटौती के लिए एक बिल पेश करेंगे। इस बयान पर उनसे मुंबई में सवाल किया गया कि क्या अब आपका रुख बदला है? क्या इस नीति में कोई बदलाव हुआ है? तो रुबियो ने कहा, हम दुनिया में कहीं भी होने वाले आतंकवाद के खिलाफ हैं। लेकिन अब मैं सीनेटर नहीं, विदेश मंत्री हूं। मुझे अमेरिका की विदेश नीति का संचालन करना है। इसके लिए हमें अलग-अलग देशों के साथ संबंध बनाए रखने होते हैं, जिनमें वे देश भी शामिल हैं, जिनके साथ हमारे कुछ मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं। पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमें संबंध बनाए रखने होंगे। उसके पास परमाणु हथियार हैं।
भौगोलिक स्थिति के लिहाज से भी हमें उसके साथ बातचीत और संपर्क बनाए रखने की जरूरत है। ठीक उसी तरह, जैसे भारत को ईरान के साथ संबंध रखने पड़ते हैं और वहां के नेताओं से मुलाकातें भी होती हैं। इस बयान से मार्को रुबियो ने बता दिया कि असीम मुनीर और शाहबाज शरीफ ट्रंप को प्यारे हैं और उनके आगे वे मोदी को अहमियत नहीं देते हैं। रूबियो ने जिस तरह भारत-ईरान संबंधों की तुलना पाकिस्तान से अपने रिश्तों को बताने के लिए की, वह भी सरासर देश का अपमान है, क्योंकि ईरान से हमारे सदियों पुराने संबंध हैं। और वह कोई आतंक फैलाने वाला देश नहीं है, जिसके नापाक इरादों को भारत का समर्थन रहता है। अमेरिका ने तो पाकिस्तान के परमाणु कार्यम में मदद की, लेकिन भारत ने ईरान के साथ ऐसा नहीं किया। ईरान को आतंकवाद प्रायोजित करने वाला देश बताकर अमेरिका ने उस पर हमला बोला, व्यापक प्रतिबंध लगाए, लेकिन जिस पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन छिपा रहा, वहां ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अमेरिका भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और इन सबसे बढ़कर हमारे सम्मान पर लगातार किसी न किसी तरह चोट पहुंचा रहा है और सरकार इस पर चुप लगाकर बैठी है। इसके प्रत्यक्ष नुकसान तो नजर आ ही रहे हैं, लेकिन दो-तीन लोगों के फायदे के लिए जो दीर्घकालिक नुकसान देश को मोदी सरकार करवा रही है, वो और घातक साबित होंगे।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

खेत में पेड़ से लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव

मौदहा (हमीरपुर)। मकराव गांव में गुरुवार सुबह खेत में बेल के पेड़ से रस्सी के सहारे 20 वर्षीय विनय यादव का शव लटका मिला। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। विनय पुत्र रामलखन यादव दो भाइयों में बड़ा था। वह मजदूरी और ट्रैक्टर चलाकर परिवार की मदद करता था। युवक की मौत से परिजनों में शोक छा गया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुरारा सड़क हादसे में तीन की मौत, मुकदमा दर्ज

कुरारा। कस्बे में ब्लॉक कार्यालय के सामने 11 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात मारुति वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड पांच निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी मां ममता, मोहल्ले की रुक्मिणी और इमाम बख्श सुबह टहलने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित वैन ने तीनों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में इमाम बख्श और रुक्मिणी की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल ममता ने चार दिन तक उपचार के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कुरारा में डीएपी के लिए टोकन बंटे

कुरारा। कस्बे के पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र पर गुरुवार को डीएपी खाद के लिए किसानों को टोकन वितरित किए गए। केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि केंद्र पर 600 बोरी खाद आई है। किसानों को प्रति व्यक्ति दो बोरी के हिसाब से टोकन दिए गए हैं। शुक्रवार को टोकनधारकों को खाद वितरित की जाएगी, वहीं सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं होने से रबी की बुआई प्रभावित हो रही है। किसान बद्री सिंह, कामता प्रसाद, रामबाबू और दुष्यंत ने बताया कि निजी दुकानों पर डीएपी की एक बोरी 1,800 रुपये में बेची जा रही है, जबकि सरकारी दर 1,350 रुपये है। किसानों ने निजी दुकानों की जांच कराकर अधिक कीमत पर खाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया दशहरा

गुरसरांय। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर गुरसरांय का विजया दशमी उत्सव खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में मनाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए सह जिला प्रचारक झांसी रंजीत ने कहा कि सत्य की जीत ही इस उत्सव का मूलमंत्र है।उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला शारीरिक प्रमुख राजा जी सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

मां कालीजी की ऐतिहासिक विदाई यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

गुरसराय(झांसी)। नगर के पटकाना मुहल्ला मे विराजमान मां काली जी की ऐतिहासिक एवं भव्य विसर्जन विदाई यात्रा बुधवार को नम आँखों से की गयी। विसर्जन विदाई यात्रा में घोड़े, बग्गी पर सवार नौ देवी स्वरूप,राम दरबार, शिवजी, हनुमानजी इत्यादि के स्वरूप आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे। विसर्जन विदाई यात्रा गाजे-बाजे, डीजे की धुनों पर नांचते-गाते यात्रा पटकाना से शुरू होकर मातवाना, पाएगा, तालाब माता मन्दिर से पुनः पाएगा, चौपरा कुआं, गांधीनगर, टीचर्स कॉलोनी होते हुए भस्नेह स्थित बड़वार बांध पहुँची। पूजन उपरांत माँ काली जी की भव्य दिव्य आरती की गयी।तदोपरांत मां काली जी को नम आँखो से भव्य विदाई दी गयी। विसर्जन के दौरान मां काली जी की विदाई यात्रा में हजारों की संख्या में पूरे इलाके के बच्चे, बूढ़े, महिलाओं और जवानों ने मां काली जी को नम आँखों से विदाई दी। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार, डिप्टी एसपी गरौठा पीयूष कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष गुरसरांय अखिलेश द्विवेदी, सदर कस्बा इंचार्ज योगेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह भदोरिया मय फोर्स के पूरी मुस्तैदी के साथ पूरी विसर्जन विदाई यात्रा में मोर्चा संभाले रहे। इस अवसर पर समिति के प्रमुख पदाधिकारी पंकज आर्या, गगन यादव, सार्थक नायक, अनुज झां, मनोज अग्रवाल, अमन माते, गोपी पांचाल, देवेंद्र घोष, सनी नायक, राकेश कुमार, सोनू नामदेव, हर्ष व्यास सहित हजारों श्रद्धालुगण और बड़ी संख्या में माँ काली के भक्त उपस्थित रहे।

शादी से एक माह पहले युवक ने फांसी लगा कर दी जान

महोबा। शादी से एक माह पहले एक युवक ने अपने ही घर में फांसी के फंदे पर झूल मौत को गले लगा लिया मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है पुलिस मामले की जांच में जुटी है फिलहाल तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म शहर कोतवाली के शुक्रवारी बाजार में हाल निवास करने वाले संतोष पासवान 25 वर्ष पुत्र दीनदयाल मूल रूप से गहरा थाना कबरई के निवासी है वह महोबा में रहकर परिवार के साथ मेहनत मजदूरी का कार्य करता था जिसकी शादी 24 नवंबर को श्रीनगर थाना क्षेत्र के ढंढ़ाईयन गांव में तय हो गई थी और शादी की तैयारी चल रही थी इसी दौरान उसने गुरुवार को अपने ही घर में फांसी के फंदे पर रस्सी के सहारे झूल गया और उसकी मौत हो गई परिजनों ने फांसी के फंदे से उतार कर उसे जिला अस्पताल ले गए जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस फिलहाल पूरे मामले में जांच कर रही ।

तैयारियां पूरी, स्नातक निर्वाचन आज

उरई(जालौन)। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज शुक्रवार को होने वाले मतदान में जिले के कुल 20 हजार 999 स्नातक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए जिले में 24 मतदान केंद्रों के तहत 33 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से कराने के लिए गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम समीर की मौजूदगी में निर्वाचन कार्यालय से 33 पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान स्थलों के लिए रवाना किया गया। निर्वाचन व्यवस्था की निगरानी व समन्वय के लिए जिले में पांच जोनल मजिस्ट्रेट और 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर आवश्यक कार्मिकों की तैनाती की गई है। इसके तहत 33 पीठासीन अधिकारी, 33 मतदान अधिकारी प्रथम, 33 मतदान अधिकारी द्वितीय साथ ही 33 मतदान अधिकारी तृतीय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 33 माइक्रो आब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 470 से अधिक पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

पुलिस कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण में अभिलेखों व व्यवस्थाओं की समीक्षा

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान रिट सेल और आंकिक शाखा के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। एसपी ने अभिलेखों को अद्यतन रखने, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने तथा प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए 2879 मतदाता करेंगे मतदान

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर (हमीरपुर)।

शिक्षक-स्नातक विधान परिषद की इलाहाबाद-झांसी सीट के चुनाव के लिए गुरुवार को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र में कुल 2879 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कस्बे में मतदान के लिए नगर पंचायत कार्यालय में एक बूथ बनाया गया है, जहां 1100 मतदाता मतदान करेंगे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की 57 ग्राम पंचायतों के 1779 मतदाताओं के लिए ब्लॉक कार्यालय में दो बूथ बनाए गए हैं। इनमें एक बूथ पर 886 और दूसरे पर 893 मतदाता हैं। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शहीद अशफाक उल्लाह खान की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

मौदहा (हमीरपुर)। मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की ओर से गुरुवार को शहीद अशफाक उल्लह खान की जयंती मनाई गई। संगठन के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने कहा कि अशफाक उल्लह खान ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष किया। काकोरी ट्रेन एक्शन के मामले में उन्हें 19 दिसंबर 1927 को फांसी दी गई थी। कार्यक्रम में सदस्यों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विनय तिवारी, अरशद मामा, सलीम अहमद, आशाराम अहिरवार, संजय प्रजापति और डॉ. सत्यहरी सहित करीब 50 लोग मौजूद रहे।

रिमझिम इस्पात की भट्ठी से निकली लपटों की चपेट में आकर क्रेन चालक झुलसा

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के फैक्टरी एरिया स्थित रिमझिम इस्पात लिमिटेड में गुरुवार सुबह भट्ठी से गर्म धातु का लावा लीक होने से क्रेन चालक रामकिशोर प्रजापति (57) गंभीर रूप से झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना सुबह करीब पौने 12 बजे स्क्रैप गलाने के दौरान हुई। भट्ठी से गर्म लावा जमीन पर गिरने लगा, तभी पास से क्रेन लेकर गुजर रहा चालक उसकी लपटों की चपेट में आ गया। आसपास पड़े स्क्रैप में भी आग लग गई, जिसे पानी डालकर बुझाया गया। घायल को पहले फैक्टरी के क्लीनिक में उपचार दिया गया। सूचना पर सीओ फायर रेहान और थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कार का टायर फटने से हादसा, बैंककर्मी की मौत

सम्रद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।

कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह कार का अगला टायर फटने से वाहन बेकाबू होकर बैंककर्मी और ई-रिक्शा से टकरा गया। हादसे में बैंककर्मी की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सड़क किनारे खाई में जा घुसी और चालक मौके से फरार हो गया।

मराठीपुरा निवासी बृजेश शर्मा उर्फ काका (55) आर्यावर्त बैंक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। वह सुबह अपना प्लॉट देखने जा रहे थे, तभी मंडी समिति के आगे हादसा हो गया। पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बृजेश अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं।

हाईवे के जाम में फंसी एंबुलेंस, सर्पदंश पीड़ित महिला की मौत

सुमेरपुर (हमीरपुर)। फैक्टरी एरिया में चाय-पान की दुकान चलाने वाली सहाना परवीन (30) की गुरुवार को सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सदर अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस करीब एक घंटे तक हाईवे के जाम में फंसी रही, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल सका। कस्बा निवासी सगीर के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे सहाना अपने तख्त पर आराम कर रही थी, तभी सांप ने उसके गले में काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से करीब 11 बजे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हाईवे पर कछेछा के पास एंबुलेंस जाम में फंस गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सहाना अपने माता-पिता के साथ रहती थी। वह अपने पीछे एक पुत्र छोड़ गई है।

गलत इलाज से भैंस की मौत का आरोप, पशुपालक ने की शिकायत

कुरारा। कंडौर गांव निवासी पशुपालक रामनरेश यादव ने निजी पशु चिकित्सक पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि भैंस के इलाज के लिए उन्होंने चिकित्सक डॉ. एसके शंखवार को 7,600 रुपये दिए थे, लेकिन इलाज के दौरान भैंस की मौत हो गई। पशुपालक ने मामले की शिकायत थाने और ऑनलाइन माध्यम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पशुओं के इलाज के नाम पर अधिक रकम वसूली जाती है। पशु चिकित्सक डॉ. अमित जायसवाल ने बताया कि आईजीआरएस पर शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

धसान नदी में डूबने से 20 वर्षीय युवक की मौत

- तीन घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

समृद्धि न्यूज़, गरौठा/लहचूरा, झांसी।

झारखंड धाम के पास हुए इस हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बरामद किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीपक उर्फ दीपू राजावत पुत्र कृपाल सिंह, निवासी जलालपुरा, हाल निवासी गरौठा, मृतक का पिता दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। कुलदीप यादव पुत्र बसंती की शादी 24 अक्टूबर को है दीपू राजावत दोस्त के साथ शादी के कार्ड बंटवाने नगारा जा रहा था। रास्ते में झारखंड धाम के पास धसान नदी पार करनी पड़ती है। कुलदीप अपने रिश्तेदार को कार्ड देने आगे बढ़ गया उसी समय लगभग 200 मीटर ऊपर की ओर बीच नदी में दीपक नहाने के लिए नदी में उतर गया, नदी में पानी ज्यादा होने पर डूबने लगा उसने बचाओ बचाओ की आवाज दी आवाज सुन भागकर कुलदीप नदी में कूदा पकड़ा लेकिन नदी में गहराई और तेज बहाव के कारण वह स्वयं डूबने लगा जिससे दीपू हाथ से छूट गया और डूब गया।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। नगारा क्षेत्र से भी पुलिस को सूचना दी गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही थाना पनवाड़ी, जिला महोबा और थाना लहचूरा जिला झांसी की पुलिस टीम के साथ नायब तहसीलदार गरौठा अमन हिंगवासिया मौके पर पहुंचे। और गोताखोरों को बुलाया।गोताखोर जगदीश केवट, मोहन रैकवार निवासी लहचूरा, जयपाल रायकवार निवासी नगारा और सीताराम यादव निवासी गुढ़ा ने नदी में तलाशी अभियान चलाया। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दीपक का शव खोज निकाला।

इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम: दीपक दो बहनों के बीच अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत से माता-पिता, बहनों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

गोताखोरों की मेहनत से बरामद हुआ शव: गोताखोर मोहन रैकवार ने बताया कि करीब तीन घंटे की लगातार मशक्कत के बाद दीपक का शव बरामद करने में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि अब तक वे लगभग 100 से 150 घटनाओं में लोगों की जान बचाने और नदी में डूबे लोगों के शव तलाशने में सफलता हासिल कर चुके हैं। वहीं, नायब तहसीलदार गरौठा अमन हिंगवासिया ने बताया कि गोताखोरों की कड़ी मेहनत के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है।

पुलिस ने सोते समय उठाकर अनशनकारियों को किया गिरफ्तार

- बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग
- नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय से किया गया रिहा

सम्रद्धि न्यूज, झांसी।

बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर शांति पूर्ण ढंग से किए जा रहे अनशन के दौरान अनशनकारी भानू सहाय, बाबूसिंह यादव, प्रदीप झा व लालू राम को थाना नवाबाद पुलिस ने सोते समय उठाकर गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिहा कर दिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के साथ राजेंद्र शर्मा एड, अरविंद बब्लू, प्रफुल्ल तिवारी, घनश्याम कोरी, शैलेन्द्र उर्फ शैलू, योगेंद्र सिंह पारीछा, यूथुब जैन पिंकी, अमित करौसिया, अखिलेश गुरुदेव, जगमोहन मिश्रा, रघुराज शर्मा, अशोक सक्सेना एड, संजय पांडेय, आशू ठाकुर, लखन बिलगैया, नरेश चंद्र बिलाटिया, इम्तियाज हुसैन, शंभू सैन, पंकज मिश्रा नौटा, रामकुमार शुक्ला, पंकज रावत, अमीर चंद्र एड, सचिन साहू, आशीष रिछारिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, पवन शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, संजय कुशवाहा आदि थाना नवाबाद पहुंच गए और गिरफ्तार अनशन कारियों का हौसला बढ़ा कर नारेबाजी करने लगे। थाना परिसर में भीड़ देख प्रशासन के हाथ पैर फूल गए और सभी अनशन कारियों को नगर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें रिहा कर दिया गया। भानू सहाय ने कहा कि यदि आंदोलकारियों को जेल भेज दिया जाता तो बुंदेलखंड राज्य निर्माण हेतु जेल में ही अनशन होता, अनशनकारियों की गिरफ्तारी होने पर उनका हौसला और बढ़ गया है और सभी का एक ही सपना है कि आगे आंदोलन की तैयारी बढ़ी होगी। पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी एड राजेंद्र शर्मा ने बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय द्वारा किए जा रहे अनशन एवं सत्याग्रह की जानकारी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दी है। राजेन्द्र शर्मा एड ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अक्टूबर को अनशन मे शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने अपनी सहमति दे दी थी, इसी के साथ कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड जोन के प्रभारी जगदीश चन्द्र जांगिड़ के भी आने का कार्यक्रम तय हो गया था।इसी प्रकार अन्य राज नैतिक समर्थक दलों ने पुलिस उत्पीड़न की कार्यवाही को अपने अपने शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का कार्य किया है।

सरकारी बीज बेचने जा रहे केंद्र प्रभारी को विधायक ने जड़े थप्पड़, हड़कंप

- दो कर्मचारियों पर एफआईआर और निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित
- चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत फिर सुर्खियों में

सम्रद्धि न्यूज, महोबा।

किसानों की शिकायत पर बीज गोदाम पहुंचे विधायक का प्रभारी को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल शोशल मीडिया पर जमकर बायरल है प्रशासनिक जांच में 100 बोरी चना बीज बिना स्पष्ट अनुमति दूसरे गोदाम भेजने का मामला सामने आया। जल जीवन मिशन के मुद्दे पर जल मंत्री का रास्ता रोकने की घटना से भी चर्चा में रहे हैं विधायक। किसानों के मुद्दों पर आक्रामक तेवर और अधिकारियों के सामने खुलकर सवाल उठाने की शैली के चलते चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार मामला राजकीय कृषि बीज भंडार चरखारी का है, जहां किसानों की शिकायत पर पहुंचे विधायक का गोदाम प्रभारी सोनू सिंह को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल होने का दावा किया जा रहा है। दूसरी ओर, प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में बीज के परिवहन और आवश्यक अनुमति को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। घटनाक्रम ने किसानों को बीज वितरण की व्यवस्था और सरकारी गोदामों की जवाबदेही को लेकर बहस छेड़ दी है। वहीं जिला प्रशासन ने जारी प्रेस नोट के मुताबिक, 21 अक्टूबर 2026 को मिली सूचना के बाद जिला कृषि अधिकारी को राजकीय कृषि बीज भंडार चरखारी भेजा गया। जांच के दौरान पिकअप संख्या क्र95 ञ 0164 पर चना बीज की 100 बोरियां लदी मिलीं। प्रत्येक बोरी में 32 किलोग्राम बीज होने का उल्लेख किया गया है। बीज को चरखारी से कुलपहाड़ स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार भेजने के लिए लोड किया गया था।

इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी मतदान आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

- 22 मतदान स्थलों पर सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान
- डीएम व एडीएम ने निरीक्षण कर मतदान स्थलों का लिया जायजा

सम्रद्धि न्यूज, बांदा।

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर लीं। 22 मतदान स्थलों पर मतदाता वोट डालेंगे। कलक्ट्रेट से मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों को रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलक्ट्रेट परिसर से गुरुवार को पोलिंग पार्टियों को मतपेटिकाएं, मतपत्र व निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री देते हुए रवाना किया गया। मतदान पार्टियां सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर सकुशल पहुंच गईं। रवाना हुई पोलिंग पार्टियां 22 मतदान स्थलों पर मतदान प्रक्रिया पूरी कराएंगी। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम कुमार धर्मेंद्र के साथ मतदान स्थलों पर जाकर चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मतदान कर्मियों को निष्पक्ष मतदान के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पांच जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 22 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम नंबर 05192-285798 की स्थापना की गई है। निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेंद्र भी मौजूद रहे।

लिपिकीय व मुद्रण त्रुटि के आधार पर मतदान से वंचित न करें: उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम कुमार धर्मेंद्र ने कहा है कि मतदाता सूची के विवरण में आंशिक लिपिकीय व मुद्रण त्रुटियों के आधार पर किसी भी मतदाता को मतदान से वंचित न किया जाए। एडीएम ने ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी को मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने की नसीहत दी है। बताया है कि मतदाता की पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों, पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, संबंधित शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री व डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार को अनुमन्य किया गया है।

बालक की यमुना नदी में डूबकर मौत

पैलानी। थाना क्षेत्र के मडौली कलां गांव निवासी ज्ञानू श्रीवास्तव (20) बुधवार को शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस देखने गया था। अचानक पैर फिसल जाने से वह यमुना नदी में डूब कर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राममोहन राय व नायब तहसीलदार वेद प्रकाश एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने यमुना नदी पर तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों ने उसका शव नदी से बरामद कर लिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक इकलौता पुत्र था। बचपन से ही वह अपने नाना कैलाश श्रीवास्तव के साथ रहता था।

कार्यालय नगर पंचायत सरीला हमीरपुर

Office Email ID-npsarila@gmail.com Telephone- 8189078221

पत्रांकः- 107 /न0पं0स0/ म्यू0सू0/2026-27 दिनांकः- 17.09.26

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नांकित आवेदक / आवेदको द्वारा इस नगर पंचायत के गृहकर अभिलेखो में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत सरीला का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड संख्या	कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती अखलेश कुमारी पत्नी श्री जयपाल सिंह निवासी ग्राम छिबौली हालमुकाम छिबौली रोड वार्ड नं 01 सरीला सरीला जिला जिला हमीरपुर	श्री कल्याण सिंह उर्फ कल्यान सिंह पुत्र श्री महेश्वरीदीन निवासी ग्राम मंगरौल तहसील सरीला जिला हमीरपुर	मुहाल हटवारा	वार्ड नं 01	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सरीला
(हमीरपुर)

खबरें एक नजर में

मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

कुशीनगर। जनपद के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के ग्राम धरनी छापर निवासी मोटर साइकिल सवार दो युवक घर से तुर्कपट्टी बाजार जा रहे थे कि रास्ते में बाइक ने ठेले में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, वही दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के धरनी छापर गांव निवासी सलामत 19 वर्ष पुत्र साहबजादा व सैफ अंसारी 20 वर्ष पुत्र गफूर अंसारी किसी कार्य से तुर्कपट्टी आ रहे थे तभी कसया की तरफ से आ रहे ठेले में ठोकर मार दिए। जिसमें बाइक चला रहे सैफ को हल्की चोट आई तथा पीछे बैठे सलामत सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ डॉक्टरों ने सलामत को मृत घोषित कर दिया तथा सैफ के इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

कर्मचारियों को मिलेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

रायबरेली। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत शासन द्वारा मतदान दिवस पर विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके क्रम में जनपद के ऐसे सभी कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय के स्नातक हैं तथा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता हैं, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस 23 अक्टूबर 2026 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है।

कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में आज अवकाश

रायबरेली। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 23 अक्टूबर, शुक्रवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर जनपद में कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में विशेष अवकाश घोषित किया गया है।जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ ही सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत, मदरसा तथा अन्य मान्यता प्राप्त बोर्डों से संचालित विद्यालयों में 23 अक्टूबर को अवकाश रहेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश जनपद में कक्षा 12 तक संचालित सभी संबंधित विद्यालयों पर लागू होगा।

अनियंत्रित अज्ञात कार की टक्कर से मां-बेटे घायल

बछरावां-रायबरेली। अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे मां-बेटे की बाइक में अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। नगराम निवासी शिवपुरी पत्नी सेवनाथ अपने बेटे पिंटू (30) के साथ बाइक से थुलेंडी गांव जा रही थीं। तभी बछरावां-महाराजगंज रोड बाईपास के पास पहुंचने पर उनकी बाइक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने प्रयागराज जंक्शन व यात्रियों से किया जनसंवाद

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को जानने के उद्देश्य से विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेन में 'रेल जन संवाद' आयोजित किया गया। इस पहल के माध्यम से रेल अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों से संवाद किया गया। उन्होंने यात्रियों के यात्रा अनुभवों, समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए उनके विचार प्राप्त किए। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 13051 नेताजी एक्सप्रेस में यात्रियों से संवाद कर ट्रेन में साफ-सफाई एवं यात्रा के दौरान उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। यात्रियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), एम.एम. वारिस एवं वरिष्ठ मंडल गृह एवं रखरखाव प्रबंधक विक्रम सिंह कोली उपस्थित रहे। प्रयागराज छिवकी जंक्शन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) श्री दीपक कुमार ने यात्रियों से जन संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। मानिकपुर जंक्शन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट), श्रीमती शीरत फातिमा ने यात्रियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया।

पेट परीक्षा नकलविहीन कराने की तैयारी तेज

11 परीक्षा केंद्रों पर 4,872 अभ्यर्थी होंगे शामिल, सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

- डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पेट-2026) को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बुद्धा सभागार, महराजगंज में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवालऔर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, कड़ी निगरानी करने और नकल सहित अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि जनपद में पेट-2026 के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 4,872 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को दो-दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया, ताकि अभ्यर्थियों को व्यवस्थितवातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।जिला प्रशासन और महराजगंज पुलिस ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा की शुचिता बनाए रखते हुए सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध कराना है।

मतदान के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के मद्देनजर जनपद में मतदान के दिन मदिरा की सभी दुकानें बंद रहेंगी। जिला मजिस्ट्रेट गौरव सिंह सोगरवाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए 23 अक्टूबर 2026 को मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार, निर्धारित अवधि में जनपद की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की दुकानों, बीयर शॉप, मॉडल शॉप, भांग की दुकानों के साथ संबंधित थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन पूरी तरह बंद रहेंगे। इस दौरान दुकानें बंद रहने के एवज में किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी। जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

नशे के कारोबार पर पुलिस का प्रहार, दो आरोपियों की संपत्ति जब्तीकरण का आदेश जारी

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ महराजगंज पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में थाना ठूठीबारी में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में दो आरोपियों की संपत्ति जब्तीकरण का आदेश न्यायालय द्वारा जारी किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति पर प्रभावी प्रहार के रूप में देखा जा रहा है।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में सोनौली थाना क्षेत्र के निवासी अरशद खान पुत्र गुलाम वारिस और रेहान आलम पुत्र नौशाद की संपत्तियों को जब्तीकरण की कार्रवाई के दायरे में लिया गया है। यह मामला थाना ठूठीबारी में दर्ज मुकदमा संख्या 45/2026, धारा 8/22/23/29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित है। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक मनीष कुमार तिवारी की ओर से प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की गई, जिसके बाद न्यायालय ने संपत्ति जब्तीकरण का आदेश जारी किया। अरशद खान की बाइक और बैंक खाते की रकम शामिलपुलिस के अनुसार, आरोपी अरशद खान की एक यामाहा एफजेडएस मोटरसाइकिल, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी56ए एक्स 1313 है, की अनुमानित कीमत 90,230 रुपये है। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक की सोनौली शाखा स्थित उसके खाते में जमा 3,977 रुपये भी कार्रवाई के दायरे में हैं।वहीं, दूसरे आरोपी रेहान आलम के पंजाब नेशनल बैंक की सोनौली शाखा स्थित खाते में जमा 9,158 रुपये की संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई में शामिल हैं।

जनगणना-2027: महराजगंज में प्रगणकों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शुरू

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जनसंख्या गणना कार्य को सुचारु, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए महराजगंज जनपद में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। जनपद के 13 चार्जों में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग बैचों में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहले दिन आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निर्धारित 1,964 कार्मिकों में से 1,816 उपस्थित रहे, जबकि 148 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

तहसील सदर के अंतर्गत समेकित विद्यालय, धनेवा-धनेई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, तहसीलदार सदर और जिला सूचना अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इससे प्राप्त आंकड़े भविष्य में आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण का आधार बनते हैं। ऐसे में प्रत्येक जानकारी का सही, तथ्यपरक और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संकलन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रथम चरण की तरह द्वितीय चरण में भी कार्मिक पूरी तत्परता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।डी एम ने प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण में विभिन्न जनपदों में सामने आई त्रुटियों और व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी भी साझा की जाए, ताकि उनसे सीख लेकर जनपद में ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने कार्मिकों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्रों के संकलन और निर्धारित दिशा-निर्देशों की स्पष्ट समझ विकसित करने का आह्वान किया।

और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, भोजन और जलपान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पराली न जलाएं किसान, वैज्ञानिक विधि से करें प्रबंधन: जिलाधिकारी

- फसल बीमा क्षतिपूर्ति देने में देरी पर डीएम हुए नाराज
- किसानों की लंबित बीमा धनराशि उपलब्ध कराने का निर्देश

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में किसानों की समस्याओं, कृषि संबंधी योजनाओं, फसल क्षतिपूर्ति तथा खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत में उप कृषि निदेशक ने पिछले किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील किया कि वे फसल अवशेष यानी पराली को खेतों में न जलाएं, बल्कि उसका वैज्ञानिक विधि से प्रबंधन करें, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पराली के उचित प्रबंधन एवं बिक्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। बैठक में कूड़ा निस्तारण एवं खुले में कचरा डंपिंग से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) की व्यवस्था है, तो खुले में अवैध डंपिंग क्यों की जा रही है। उन्होंने वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से कूड़ा निस्तारण की कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप कृषि निदेशक ने जिप्सम खाद की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में शीघ्र ही इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पीली सरसों की कम अवधि में पकने वाली फसल तथा प्रति हेक्टेयर संभावित उपज के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई। बैठक में किसानों ने केले की फसल को हुए नुकसान के बावजूद बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिलने की शिकायत उठाई गई। इस पर फसल बीमा कंपनी के जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि खरीफ 2023 में भारी वर्षा एवं प्रतिकूल मौसम के कारण केले की फसल को नुकसान हुआ था। खरीफ 2024 एवं खरीफ 2025 में भी फसल प्रभावित हुई, लेकिन बीमा योजना के अंतर्गत देय प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किसानों को अब तक नहीं हो सका है। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र दिलाने के निर्देश दिया। बैठक के अंत में उप कृषि निदेशक ने उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

फार्मर आईडी में छूटे रकबे को दर्ज करा लें किसान: डिप्टी आरएमओ

जनपद के 132 खरीद केंद्र पर होगी धान की खरीद

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज। जनपद में धान खरीद के लिए 132 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।जहां पर किसानों के धान की खरीद होगी। सरकारी धान खरीद केंद्रों पर धान की बिक्री करने के लिए जनपद के 1268 किसानों ने अब तक पंजीयन कराया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजीत कुमार चौधरी के अनुसार 1 नवंबर 2026 से धान की खरीद शुरू होगी। जिन किसानों का फार्मर आईडी में रकवा छूट गया हो उसे दर्ज करा लें। फार्मर आईडी में दर्ज जोत के अनुसार धान की खरीद होगी। जिन किसानों ने फार्मर आईडी अभी नहीं बनवाया है उनकी खरीद पूर्व की भांति खाद एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीयन के तहत धान खरीद होगी।

उल्लेखनीय है कि जनपद में धान खरीद के लिए 232000 मैट्रिक टन धान खरीद लक्ष्य निर्धारित है। सरकारी धान खरीद केंद्रों पर 1 नवंबर 2026 से धान की खरीद शुरू होगी।

विभागीय जिम्मेदारों के अनुसार धान खरीद के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।निर्धारित समय से धान की खरीद शुरू होगी।डिप्टी आर एम ओ श्री चौधरी के अनुसार जिन किसानों का फार्मर आईडी नहीं बना है वे धान बिक्री के लिए पंजीयन अवश्य करना करा लें।

पुलिस ने चलाया विशेष साइबर जागरुकता अभियान

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता माह अक्टूबर 2026 के अंतर्गत पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत 'सृजन एक सोच' संस्था की टीम ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।अभियान के अंतर्गत शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा, सत्र न्यायालय गेट, रतापुर चौराहा, मुंशीगंज सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को ऑनलाइन ठगी, साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल माध्यमों से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां भी बताई गई।जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि वे अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन, सीवीवी और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पिन दर्ज न करें और अनजान क्यूआर कोड या पेमेंट रिक्वेस्ट स्वीकार करने से बचें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर रिमोट एक्सेस या स्क्रीन शेयरिंग ऐप इंस्टॉल न करें और फर्जी केवाईसी या रिफंड के नाम पर भुगतान न करें।इसके अलावा लोगों को अपना मोबाइल नंबर, पता, लोकेशन और अन्य निजी जानकारी सार्वजनिक न करने की सलाह दी गई। अनजान व्यक्तियों के साथ निजी जानकारी साझा करने, निजी फोटो या वीडियो भेजने तथा वीडियो कॉल के दौरान लापरवाही बरतने से बचने के लिए भी जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार की धमकी, ब्लैकमेलिंग या साइबर उत्पीड़न की स्थिति में डरें नहीं और न ही शर्म के कारण घटना छिपाएं। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति से अकेले मिलने से बचें तथा धमकी भरे संदेशों और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखें, उन्हें तुरंत डिलीट न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना संबंधित पुलिस या साइबर अपराध हेल्पलाइन को दें। साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

विधान परिषद निर्वाचन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों को पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जनपद में 23 अक्टूबर 2026 को मतदान सम्पन्न कराया जाएगा।

मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित पोलिंग पार्टियों को आज राजकीय इंटर कॉलेज से रवाना किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों की रवानगी तथा निर्वाचन से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न हों। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण रखी जाएं।

शिक्षक एमएलसी चुनाव का मतदान आज, कुशीनगर में सुरक्षा का कड़ा पहरा

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए शुक्रवार 23 अक्टूबर को मतदान होगा।

मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए कुशीनगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है।

गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने मतदान ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफिंग कर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

एसपी ने स्पष्ट किया कि मतदान के दौरान पुलिसकर्मी आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह पालन करें और मतदाताओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें।

मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने, अशांति फैलाने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिले में 14 विकास खंड कार्यालयों और नगर पालिका परिषद कार्यालय को मिलाकर कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

इन केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिले को छह जोन और सात सेक्टरों में बांटा गया है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहने तथा मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। पुलिस प्रशासन का जोर है कि मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे और शिक्षक मतदाता बिना किसी दबाव या व्यवधान के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

आगामी रबी सत्र में किसानों को अनुदान पर उपलब्ध होंगे विभिन्न फसलों के बीज

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी रबी सत्र के लिए जनपद के किसानों को विभिन्न फसलों के बीज निःशुल्क मिनीकिट एवं सामान्य वितरण कार्यक्रम के तहत अनुदान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत गेहूं, चना, मटर, मसूर, जौ, सरसों, अलसी एवं तोरिया सहित विभिन्न फसलों के बीजों का वितरण किया जाएगा।

उक्त जानकारी जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि निःशुल्क मिनीकिट वितरण के अंतर्गत तोरिया के 800 पैकेट (प्रति पैकेट 200 ग्राम), सरसों के 6,140 पैकेट (प्रति पैकेट 100 ग्राम), मटर के 50 पैकेट (प्रति पैकेट 20 किलोग्राम), मसूर के 1,341 पैकेट (प्रति पैकेट 8 किलोग्राम) तथा चना के 50 पैकेट (प्रति पैकेट 16 किलोग्राम) उपलब्ध हैं। वहीं, सामान्य वितरण के अंतर्गत गेहूं की विभिन्न प्रचलित प्रजातियों का 4,452.60 कुंतल तथा राई/सरसों का 60.01 कुंतल बीज उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सामान्य वितरण के अंतर्गत गेहूं के बीज की निर्धारित विक्रय दर 4,738 रुपये प्रति कुंतल, तोरिया की 11,783 रुपये प्रति कुंतल तथा सरसों की 12,854 रुपये प्रति कुंतल है। इन बीजों पर निर्धारित दर के अनुसार 50 प्रतिशत अनुदान देय है। चना के बीज की विक्रय दर 9,500 रुपये प्रति कुंतल तथा मटर की 10,050 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। इन दोनों फसलों की आठ वर्ष तक की प्रजातियों पर 75 प्रतिशत तथा दस वर्ष तक की प्रजातियों पर 50 प्रतिशत अनुदान देय है। इसी प्रकार मसूर के बीज की विक्रय दर 10,948 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। मसूर की आठ वर्ष तक की प्रजातियों पर शत-प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 12,000 रुपये प्रति कुंतल की सीमा तक तथा दस वर्ष तक की प्रजातियों पर 75 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 9,000 रुपये प्रति कुंतल की सीमा तक देय है।

फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाकर दोषियों को दी जाए फांसी की सजा: अरविंद श्रीवास्तव

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

प्रयागराज में अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर रायबरेली के कायस्थ समाज में गहरा आक्रोश है। इस मामले में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। महासभा ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की। कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना अत्यंत जघन्य और निंदनीय है। इस घटना ने कानून-व्यवस्था तथा अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कायस्थ महासभा (पूर्वी) के जिलाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना कराकर फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई की जाए और दोष सिद्ध होने पर दोषियों को कठोरतम दंड, मृत्युदंड सहित, दिया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। महासभा के संरक्षक रवीन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के लोगों के विरुद्ध सामने आ रही आपराधिक घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। वहीं, संरक्षक नागेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन में सुरक्षा की भावना कायम रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आवश्यक है। इस अवसर पर दिनेश श्रीवास्तव, विक्की श्रीवास्तव, अम्बुज श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, पदम प्रसाद श्रीवास्तव, हंसराज, ब्रजेश श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, कैलाश श्रीवास्तव, बृजेंद्र श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, अभिजीत श्रीवास्तव, रामू श्रीवास्तव तथा रवि राय श्रीवास्तव सहित महासभा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

खून से लथपथ मिला महिला का शव, पति निकला कातिल

- घर से लकड़ियां बीनने पति के साथ खेत पर गई थी महिला
- मृतक महिला का पति पुलिस हिरासत में, कबूला जुर्म

समृद्धि न्यूज, इंदरगढ़/कन्नौज।

एक 52 वर्षीय महिला का खून से लतपत शव खेत पर मिलने की खबर से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल और घटनाक्रम के साक्ष्य जुटाते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। मामले में महिला की हत्या उसके पति द्वारा किए जाने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के लाख गांव निवासी रामवीर सक्सेना की 52 वर्षीय पत्नी राधा बीते बुधवार को अपने पति के साथ पास के गांव में खेत से लकड़ियां लेने गई थी।

शाम तक जब दोनों पति पत्नी घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन के दौरान रामवीर रात 11 बजे के करीब निकट के गांव में मिले,लेकिन राधा का कोई पता नहीं चल सका। पूंछने पर रामवीर ने राधा के कहीं चले जाने की बात परिजनों से कही। संदेह होने पर परिजनों द्वारा राधा की तलाश जारी रही। इस दौरान गुरुवार की सुबह गांव के ग्रामीणों और रामवीर के भाई श्यामवीर एवं अन्य परिजनों को राधा का शव लाख गांव के निकट स्थित कुंडेपुर्वा गांव के एक बाग के पास इंद्रपाल नामक ग्रामीण के खेत पर खून से लतपत हालात में पड़ा मिला।

घटना की जानकारी के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर मौके पर तिर्वा पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह, इंदरगढ़ थाना प्रभारी विनोद कुमार, फोरेंसिक टीम, पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए और महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल में मृतक महिला के पति को पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। पता चला है कि, मृतिका के पति ने ही अपनी पत्नी की हत्या की थी। फिलहाल मृतिका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही जारी है। घटनाक्रम के दौरान गांव में हड़कंप का माहौल नजर आया, जबकि मृतिका के शव पर परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था।

उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाओं और विशेष अभियान 6.0 पर चर्चा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

प्राथमिक विद्यालय भरौली में संकुल बैठक

प्राथमिक विद्यालय भरौली में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित संकुल बैठक में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाओं और सफलता की कहानियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा और बच्चों के सीखने में सुधार के दृढ़ संकल्प के साथ हुई।

शिक्षकों ने हाई ऑर्डर थिंकिंग स्किल्स, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, रीडिंग कैम्पेन, डिजिटल संसाधनों के उपयोग, उपस्थिति सुधार और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने संबंधी अपने अनुभव साझा किए। यूडीआईएसई पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी और शिक्षक प्रोफाइल के शुद्ध डेटा अपडेट पर गहन चर्चा हुई। तीन समूहों में विभाजित होकर शिक्षकों ने सामान्य गलतियों और प्रमाणीकरण के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। नोडल शिक्षक रावेन्द्र राजपूत के मार्गदर्शन में यह सत्र अत्यंत प्रभावी रहा। विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत चार-बिन प्रणाली (हरा, नीला, लाल और काला बिन) लागू करने तथा 1 से 31 अक्टूबर तक ई-वेस्ट संकलन व सुरक्षित हस्तांतरण की विस्तृत जानकारी दी गई। 28 अक्टूबर को होने वाली प्रश्नोत्तरी और पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने संबंधी निर्देश भी दिए गए। अंत में प्रश्नोत्तरी, पुनरावलोकन और आज क्या नया सीखा? के साथ बैठक का समापन हुआ। सभी शिक्षकों ने अपने विद्यालय को निपुण/ग्रेड-कमीटेड विद्यालय बनाने की शपथ ली। बैठक में एआरपी राजेश गौतम, मुनीश गुप्ता, रावेन्द्र राजपूत, अभिजीत चौहान, संजय वर्मा, रवि यादव, विजय बाबू, यज्ञदीप आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

सोशल इनफ्लुएंसर जितेंद्र पांडे ने बाल कलाकारों को किया पुरस्कृत

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में हुए दुर्गा महोत्सव में बाल कलाकारों को सोशल इनफ्लुएंसर जितेंद्र पांडे उर्फ लल्लू ने पुरस्कृत किया। नवदुर्गा महोत्सव के दौरान प्रत्येक रात इन बाल कलाकारों ने धार्मिक आधार पर कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया था सोशल मीडिया क्रिएटर जितेंद्र मोहन पांडे ने सभी बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उधर नगर में निकाली गई नवदुर्गा शोभा यात्रा में बांकेबिहारी सेवा समिति द्वारा क्रिएटर जितेंद्र मोहन पांडे को बांकेबिहारी सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

भू विसर्जन अभियान ला रहा रंग, श्रद्धालु बने जागरूक

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

'मूर्ति नहीं, यह भगवान हैं, जन-जन के प्राण हैं' नारे के साथ शक्तिपीठ गमा देवी से जुड़ी श्रद्धालु सेवा समिति का भू विसर्जन अभियान अब रंग लाने लगा है। समिति दशकों से श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री और खंडित मूर्तियों को नदियों में प्रवाहित करने के बजाय भूमि में विसर्जित करने के लिए जागरूक कर रही है।

गंगा बचाओ अभियान के तहत शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री घर-घर जाकर खंडित मूर्तियां एकत्र करते रहे हैं। इस अभियान के लिए उन्हें गंगा के भागीरथी की उपाधि से भी नवाजा गया। समाजसेवी आशु दीक्षित वंदे मातरम के अनुसार, मूर्तियों में इस्तेमाल होने वाले रसायन जलीय जीवों को नुकसान पहुंचाते हैं। मूर्तियों में लगी कीलें भी पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकती हैं। वहां स्वयं भी इस अभियान को गति दे रहे हैं। वह रिक्शे के माध्यम से गली-मोहल्लों से पूजन सामग्री और खंडित मूर्तियां एकत्र करते हैं। नगर पालिका और उपजिलाधिकारी के सहयोग से धार्मिक स्थलों से एकत्र सामग्री का तालाब में भू विसर्जन कराया गया। नवरात्र में भी श्रद्धालुओं को जागरूक करने का प्रयास जारी है। अभियान से युवा वर्ग और समाजसेवी भी जुड़ रहे हैं। अमित प्रकाश तिवारी, मदन वर्मा, प्रशांत यादव, सहदेव सिंह भदौरिया, मुन्ना गुप्ता, आर्मी शुक्ला, राधा यादव और विकास दुबे सहित कई लोग सहयोग कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य गंगा सहित अन्य नदियों को प्रदूषण से बचाना और जलीय जीवों की रक्षा करना है।

लंकापति रावण का हुआ भव्य स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। रामलीला कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लंकापति रावण का जोरदार स्वागत किया गया। नगर में तालग्राम चौराहा से प्रारंभ शोभा यात्रा का समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान पर राम रावण युद्ध के साथ हुआ। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। डाकखाने के पास विनोद दुबे पप्पू, पूर्व चेयरमेन सुभाना रफी, सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने लंकापति रावण को तिलक कर फूल माला पहनाकर आरती उतारी। विशुनगढ़ तिराहे पर अमोल दीक्षित ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान देवकीनंदन दुबे, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, सुनील शुक्ला, राजीव यादव, गौरव दीक्षित, अमित दुबे, उमेश राठौर, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अलकेश त्रिपाठी, रमेश तिवारी, अन्नू मिश्रा, ज्ञानेंद्र दुबे, अनिल राठौर, विनय कुमार, आजाद सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डोली भूमि गिरत दसकंधर, क्षुभित सिंधु सर दिग्गज भूधर

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

डोली भूमि गिरत दसकंधर, क्षुभित सिंधु सर दिग्गज भूधर चौपाई के साथ ही बुराई के प्रतीक रावण का अंत हो गया। तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम नारों के बीच रावण और मेघनाद के पुतले आग के हवाले कर दिए गए। विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी। राक्षस और वानर सेना के बीच युद्ध का दृश्य देख दर्शक रोमांचित हो उठे। हनुमान समेत वानर सेना की उछलकूद बच्चों को खूब भाई। एक-एक कर राक्षस सेना के महारथी धराशाई होते गए। कुंभकरण और मेघनाद का वध होने के बाद रावण खुद युद्ध मैदान में जा पहुंचा। श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा छोड़े गए तमाम बाण उसके सामने बेअसर साबित हुए। यह देख कुछ देर के लिए श्रीराम असमंजस में पड़ गए। संकट की घड़ी में विभीषण ने रावण की नाभि में अमृत होने का भेद खोलते हुए कहा कि इसे सुखाए बिना रावण वध असंभव है। श्रीराम ने एक साथ 31 बाण छोड़े। एक बाण से नाभि का अमृत सूखने और 30 बाणों से 10 सिर और 20 भुजाएं कटकर गिरने से रावण धराशाई हो गया। प्रतीकात्मक रावण का धराशाई होना था कि जय श्रीराम के नारे गूंज उठे। रावण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतलों में आग लगा दी गई। उनमें रखी आतिशबाजी के धमाको से आसपास का इलाका गूंज उठा। व्यवस्थापक प्रेम मुरारी दुबे ने युद्ध की शानदार कमेंट्री की। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ अंकित तिवारी, महामंत्री टीटू अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, प्रबंधक आरएन त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे पूर्व अध्यक्ष विजय चौहान, पूर्व महामंत्री प्रतीक त्रिपाठी आदि ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की आरती उतारी।

अध्यक्ष व महामंत्री ने सभी के प्रति जताया आभार

छिबरामऊ। दशहरा कार्यक्रम में बेशुमार जनसैलाब के बीच सफल हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त पदाधिकारियों, सहयोगियों, पत्रकार बंधुओं व मातृ शक्ति के प्रति आभार जताते हुए श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ अंकित तिवारी,, महामंत्री टीटू अग्निहोत्री ने कहा सभी का नत मस्तक होकर अभिनंदन व धन्यवाद करते हैं। आप सभी के सहयोग से ही रामलीला के कार्यक्रम ज़बरदस्त रहे हैं।

खबरें एक नजर में

जिलाध्यक्ष पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने संगठन के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार उर्फ कर्ण पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में बताया गया कि सौरिख थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत काकड़ कुई निवासी सूरज कुमार उर्फ कर्ण पर 14 अक्टूबर को जानलेवा हमला किया गया। संगठन का कहना है कि इससे पहले भी उनके साथ मारपीट की घटना हो चुकी है। इसके बावजूद मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। भीम आर्मी के तहसील संयोजक एवं जिलाध्यक्ष लेखराज कोरी ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने और अमित ठाकुर व रूपेश भदौरिया की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई है। भीम आर्मी ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करने की अपील की है। संगठन की मांग है कि पुलिस मामले की जांच में तेजी लाकर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कदम उठाए, ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन लोग झुलसे

छिबरामऊ, कन्नौज। खेत में ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोबर डालते समय हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर जसमई निवासी पप्पू (55) पुत्र रामस्वरूप अपने छोटे भाई समींदर (50) और भतीजे रंजीत (30) पुत्र अशोक वाल्मीकि के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत में गोबर डालने गए थे। बताया गया कि खेत में ट्रैक्टर की लिफ्ट उठाकर गोबर नीचे गिराया जा रहा था। इसी दौरान ट्रॉली खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गई। करंट की चपेट में आकर तीनों गंभीर रूप से झुलस गए। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन निजी वाहन से अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों की निगरानी में तीनों का उपचार किया जा रहा है।

किसान से 47,800 रुपये और जरूरी दस्तावेज की लूट

छिबरामऊ, कन्नौज। प्रेमपुर के पास जीटी रोड पर एक किसान से 47,800 रुपये और जरूरी दस्तावेज लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो अज्ञात लोगों पर लूटपाट का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सुल्तानपुर निवासी रामकुमार सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर को दोपहर करीब 1:40 बजे वह खाद खरीदने के लिए रुपये लेकर प्रेमपुर जा रहे थे। आम के नगला रोड के सामने जीटी रोड पर दो लोग मिले। उन्होंने झोला खो जाने की बात कहकर मदद मांगी। मानवता के नाते रामकुमार ने दोनों को अपनी बाइक पर बैठा लिया। प्रेमपुर की ओर कुछ दूरी चलने के बाद दोनों ने बाइक रुकवा दी। इसके बाद गला दबाकर उन्हें नीचे गिरा दिया और जेब में रखे 47,800 रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने दूसरी जेब में रखे ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज भी निकाल लिए। घटना में किसान के गले में चोटें आईं। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुरानी गल्ला मंडी में श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन, उद्योगपति सम्मानित

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज / कन्नौज।

श्री आदर्श रामलीला समिति, पुरानी गल्ला मंडी, गुरसहायगंज के तत्वावधान में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पावन राज्याभिषेक के अवसर पर भव्य मंचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। समारोह में कन्नौज के प्रमुख उद्योगपति प्रमुख समाजसेवी मनोज दीक्षित को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद समिति के संरक्षक श्री इंद्र कुमार गुप्ता ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर श्री मनोज दीक्षित जी को सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक इंद्र कुमार गुप्ता ने कहा श्री आदर्श रामलीला समिति वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा को आगे बढ़ा रही है। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादा और सेवा की प्रेरणा देता है। मैं उद्योगपति मनोज दीक्षित जी का अभिनंदन करता हूँ और समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, मोहित गुप्ता, आशु वर्मा, लल्ला जोशी सहित समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, कलाकार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। राज्याभिषेक की मनमोहक लीला देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरा परिसर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

धान की बंपर आवक से नवीन मंडी में लगा जाम

- गल्ला आलू व्यापारी संघ की बैठक में लिए गए निर्णय

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

धान की बंपर आपका से इन दोनों नवीन मंडी में भीषण जाम लग रहा है इससे किसानों के साथ आढ़ती भी परेशान हैं। गल्ला आलू व्यापारी संघ ने बैठक करके इस समस्या से निपटने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि सुबह 4 से बजे से किसानों की फसल की आवक शुरू होगी। दोपहर 2 बजे के बाद किसी भी किसान का माल मंडी में प्रवेश नहीं करेगा।

सभी खरीदारों के माल की लोडिंग के लिए वाहन मंडी के अंदर 4 बजे के बाद प्रवेश करेंगे। किसानों के माल की बिक्री सुबह 8 बजे से होगी। इससे पहले नहीं की जाएगी। 3 बजे के बाद बिक्री पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी।

सभी कच्चे आरती सड़क पर माल नहीं तौलेंगे। सभी वाहन मेन गेट से प्रवेश करेंगे और दूसरे गेट से बाहर निकलेंगे। पेमेंट 10 दिन तक कटौती काट कर 20 दिन में कर देंगे। कुछ व्यापारियों में ने मंडी में आए दिन हो रही चोरियों का मुद्दा भी उठाया और इस पर रोक लगवाने की मांग की। अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपाध्यक्ष मोहम्मद हसीब, अनुज गुप्ता जॉनी, अरविंद सिंह यादव, आलोक, रजनीश, सौरभ ठाकुर, शीनू खान सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। हाइवे पर ग्राम सराय सुंदर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। युवक की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, युवक बाइक से छिबरामऊ से सिकंदरपुर की ओर जा रहा था। तभी सराय सुंदर के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से निकल गया। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पूर्व विधायक को वाल्मीकि शोभायात्रा का निमंत्रण

- स्नातक खंड एमएलसी चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज / कन्नौज।

नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर तालग्राम क्षेत्र से आए हुए महर्षि वाल्मीकि शोभा समिति के पदाधिकारियों ने भेंट की। पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया, जिसे पूर्व विधायक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए समिति को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा पूर्व विधायक ने कल 23 अक्टूबर को होने वाले स्नातक खंड विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को ज्ञान और आदर्श का मार्ग दिखाया। उनकी शोभायात्रा में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं कल होने वाले स्नातक खंड एमएलसी चुनाव में मैं सभी शिक्षित मतदाताओं, स्नातक मतदाताओं से अपील करता हूँ कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को अपना समर्थन देकर विजयी बनाएं, ताकि सदन में शिक्षकों और युवाओं की आवाज बुलंद हो सके। इस दौरान वाल्मीकि शोभा समिति के कई पदाधिकारी, सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव संपन्न कराने को रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

कन्नौज। कन्नौज में आगरा खंड स्नातक/शिक्षक एमएलसी चुनाव की घंटियां आखिर बज ही गईं। गुरुवार को जिले के 20 बूथों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को जहां पोलिंग पार्टियां जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय से अपने अपने पोलिंग बूथों के लिए रवाना हो गईं वहीं शुक्रवार को उपरोक्त बूथों पर 9651 मतदाता अपने अपने प्रत्याशी के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बताते चलें कि, एमएलसी चुनाव में शिक्षक में 12 और स्नातक में 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। आगरा खंड में 12 जिलों में शिक्षक में 50 हजार और स्नातक में 1.80 लाख मतदाता हैं। इस चुनाव में बैलेट पेपर पर प्रत्याशी की फोटो और उसके क्षेत्र का नाम अंकित होता है। मतदाता बैलेट पेपर में सही अथवा क्रॉस का चिन्ह नहीं बनायेंगे, बल्कि अपने पसंद के प्रत्याशी के आगे अंक लिखेंगे। इसके लिए मतदाताओं को बैंगनी रंग का स्कैच पेन दिया जाएगा। एमएलसी चुनाव के मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार को पोलिंग बूथों पर सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न कराई जाएगी।

शपथ-पत्रों पर सवाल, ठेकेदार फर्म का पंजीकरण रद्द करने की मांग

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

यूपी सिडको में ठेकेदार फर्म के पंजीकरण को लेकर सवाल उठे हैं। अधिशासी अभियंता बाबू राम ने जिलाधिकारी से शिकायत कर फर्म के पंजीकरण, कार्य आवंटन और निर्माण गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, नसरापुर निवासी रेखा की फर्म मेसर्स जय हिंद इंटरप्राइजेज का 23 मार्च 2026 को डी श्रेणी में पंजीकरण हुआ था। आरोप है कि रेखा के विरुद्ध कोतवाली कन्नौज में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद 11 मई 2026 को दिए शपथ-पत्र में किसी आपराधिक मामले के दर्ज या विचाराधीन नहीं होने का उल्लेख किया गया। रेखा कन्नौज देहात मंडल की उपाध्यक्ष भी हैं। शिकायतकर्ता का

आरोप है कि रेखा की सगी भाभी निशा यूपी सिडको में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, फिर भी शपथ-पत्र में विभाग में किसी सगे-संबंधी के कार्यरत नहीं होने की बात कही गई। शिकायत के मुताबिक, फर्म को तीन-चार निर्माण कार्य भी आवंटित किए गए हैं। बाबू राम ने संबंधित दस्तावेजों और कार्य आवंटन की जांच कर आरोप सही पाए जाने पर फर्म का पंजीकरण निरस्त करने और जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

अपनी जिंदगी को नबी-ए-करीम की सुन्नतों के मुताबिक ढालें मुसलमान : मुफ्ती अब्दुर्रहमान

- जलसा-ए-सीरतुन्नबी व नातिया मुशायरे में उलमा ने नमाज, दीनी तालीम और भाईचारे का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज़, समधन।

मुसलमानों को चाहिए कि वे अपनी जिंदगी नबी-ए-करीम की सुन्नतों के मुताबिक गुजारें और इस बात का जायजा लें कि वे अपने प्यारे नबी से कितनी मोहब्बत करते हैं और उनकी तालीमात पर कितना अमल करते हैं। नबी-ए-करीम को अपनी उम्मत की बेहद फिक्र थी और आप हमेशा उम्मत की भलाई के लिए दुआ फरमाते थे। हमें भी अपनी जिंदगी में आपकी सुन्नतों को अपनाकर सच्ची मोहब्बत का सबूत देना चाहिए। यह बातें बुधवार रात समधन नगर की सब्जी मंडी बाजार में आयोजित जलसा-ए-सीरतुन्नबी व नातिया मुशायरे में मुफ्ती अब्दुर्रहमान ने कहीं। कानपुर से तशरीफ लाए हाफिज अब्दुल कुद्दूस ने कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को दीनी तालीम जरूर दिलाएं और घरों में दीनदारी का माहौल कायम करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश के साथ उन्हें अच्छे अखलाक की तालीम देना भी जरूरी है। अपने माता-पिता की खिदमत करें और पड़ोसियों व रिश्तेदारों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ावा दें। इस मौके पर मुफ्ती तारिक जमील, मुजाहिद हसनैन हबीबी, हाफिज सारिक, हाफिज अफजाल, हाफिज आसिफ, मौलाना दिलशाद, हाफिज अबूबकर, डॉ.अकरम, दानिश , सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तिर्वा रोड पर गूंजेगी जय श्री राम की गूंज, नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति का महोत्सव आज से शुरू

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वा रोड पर सनातन संस्कृति को समर्पित एक नई पहल की शुरुआत हुई है। नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति, तिर्वा रोड के तत्वावधान में इस वर्ष श्री रामलीला महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारम्भ 23 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 7 बजे श्री गणेश पूजन के साथ रामलीला मंच, तिर्वा रोड पर होगा। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन गणेश पूजन, नारद मोह और रावण जन्म से लीला शुरू होगी। इसके बाद 24 अक्टूबर को राम जन्म और ताड़का वध, 25-26 अक्टूबर को विशेष विद्वानों द्वारा धनुष यज्ञ और धनुष भंग, 27 अक्टूबर को भव्य राम बारात व नगर भ्रमण, 28 को राम विवाह और 29 को राम वनगमन तक लीला का मंचन होगा। आयोजकों ने बताया कि शेष कार्यक्रमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस अवसर पर रामलीला समिति अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने कहा कि हमारा नारा है सनातन संस्कृति हमारी पहचान, रामलीला हमारी शान। तिर्वा रोड पर यह नवनिर्मित समिति केवल एक मंच नहीं, बल्कि हमारे युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का संकल्प है। हम चाहते हैं कि गुरसहायगंज का हर बच्चा राम के आदर्शों को जाने। भगवान श्री गणेश की कृपा से हम इस वर्ष के महोत्सव का शुभारम्भ कर रहे हैं। मेरा सभी नगरवासियों, माताओं-बहनों और युवा साथियों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि 23 अक्टूबर को गणेश पूजन की मंगल बेला पर सपरिवार पधारें और धर्म व संस्कृति की इस पावन परंपरा का हिस्सा बनें। पूरी टीम दिन-रात तैयारी में लगी है, भव्य झांकियों और विशेष विद्वानों के साथ इस बार की रामलीला ऐतिहासिक होगी। उन्होंने आगे बताया कि रामलीला मंच को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और सभी सुरक्षा व बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

प्रेशर हॉर्न-मोडिफाइड साइलेंसर रोड रोलर से किए नष्ट

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अभियान चलाया। वाहनों में अवैध रूप से लगे प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर रोड रोलर से नष्ट कराए गए। वहीं, स्कूलों में विद्यार्थियों और हाईवे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश और सीओ यातायात शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। माया देवी इंटर कॉलेज में आयोजित जागरूकता शिविर में टीएसआई आफाक खान ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान यातायात नियमों से जुड़े सवाल भी पूछे गए। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जब्त किए गए अवैध प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर रोड रोलर से नष्ट कराए गए। वहीं, रोडवेज बसों के चालकों व परिचालकों और एनएच-34 किनारे खड़े ट्रक चालकों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान के दौरान टीएसआई राम प्रताप सिंह, आरक्षी मोनू सिंह, चालक आरक्षी नीरेश कुमार और होमगार्ड नरवीर सिंह व रामहेत मौजूद रहे।

डीएम-एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज से रवाना की गईं पोलिंग पार्टियां

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ से मतदान प्रक्रिया में लगे पोलिंग पार्टियों की रवानगी की गई।

इस दौरान निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मतदान कार्मिकों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विधान परिषद आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए जनपद में कुल 11 मतदान केंद्रों पर 30 बूथ बनाए गए हैं। इन सभी बूथों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए 30 पोलिंग पार्टियों को 09 वाहनों के माध्यम से निर्धारित मतदान स्थलों के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के उपरांत संबंधित मतदान केंद्रों पर उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों के माध्यम से लगातार समन्वय एवं निगरानी की गई। सभी बूथों पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा अवगत कराया गया कि रवाना की गई सभी पोलिंग पार्टियां सकुशल अपने-अपने निर्धारित गंतव्य स्थलों पर पहुंच गई हैं। इससे निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी आकस्मिक परिस्थिति अथवा आवश्यकता से निपटने के लिए 25 रिजर्व मतदान कार्मिकों की भी तैनाती की गई है। ये रिजर्व कार्मिक मतदान दिवस पर ऑफिसर क्लब में प्रतीक्षारत रहेंगे, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल संबंधित दायित्वों के लिए उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त रिजर्व कार्मिकों को आवश्यकता के अनुसार निर्धारित मतदान स्थलों तक पहुंचाने के लिए 03 वाहन भी रिजर्व रखे गए हैं। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पोलिंग पार्टियों की सकुशल रवानगी एवं सभी पार्टियों के अपने निर्धारित स्थलों पर पहुंचने के साथ ही मतदान संबंधी तैयारियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की गई है कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें, ताकि विधान परिषद आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराई जा सके।

मतदान आज



पोलिंग पार्टियों का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

बाइक से गिरकर महिला की दर्दनाक मौत

फर्रुखाबाद। थाना मेरापुर क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिलौंदा निवासी प्रीती (उम्र 30 वर्ष) अपने पति विवेक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रही थीं। यात्रा के दौरान रास्ते में अचानक असंतुलित होकर वह चलती बाइक से नीचे गिर गईं। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद पति विवेक उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, वहां तैनात चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद प्रीती को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। अस्पताल प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई के तहत पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की जा रही थी, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से साफइंकार कर दिया। इसके बाद परिजन लिखित में सूचना व सहमति पत्र देकर मृतका के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने साथ घर ले गए।

ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत, भतीजा घायल

रोते बिलखते परिजन

समृद्धि न्यूज, कायमगंज।

नगर के टेड़ीकोन के पास बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार दूधिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, ग्राम अल्लापुर के मजरा मदारपुर निवासी सोवरन (50 वर्ष) दूध खरीदकर बेचने का कार्य करते थे। बुधवार रात करीब 9 बजे वह अपने भतीजे के साथ ई-रिक्शा से दूध लेने शमसाबाद के गांव फरीदपुर सैदवाड़ा जा रहे थे। जैसे ही उनका ई-रिक्शा टेड़ीकोन के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार सोवरन तथा उनका भतीजा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी कायमगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद सोवरन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल भतीजे का सीएचसी में इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही सोवरन के परिजन रोते-बिलखते सीएचसी पहुंच गए। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी पिंकी, बेटियां आशिकी व वर्षा और बेटा हर्षित रो-रोकर बेहाल हो गए। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बंदरों का आतंक, मासूम जीने से गिरकर घायल

बच्चे का उपचार करते चिकित्सक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज थाना कंपिल क्षेत्र के मोहल्ला करनटोला वार्ड नंबर 4 निवासी सुनील कुमार का 6 वर्षीय पुत्र शौर्य अपनी ननिहाल में बंदरों के हमले डरकर भागने के चक्कर में जीने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मासूम शौर्य अपनी मां अंजलि के साथ अपनी नानी शकुंतला के घर पृथ्वी दरवाजा कायमगंज आया हुआ था। घटना के समय शौर्य अपनी ननिहाल की छत पर खेल रहा था, तभी अचानक वहां बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों के अचानक हुए हमले से सहमा हुआ बच्चा अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए छत के जीने से नीचे उतरने लगा। इसी भागदौड़ और घबराहट में उसका पैर फिसल गया, जिससे वह जीने से नीचे गिरकर घायल हो गया। आनन-फानन में मां अंजलि अपने घायल बेटे शौर्य को लेकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचीं, जहाँ डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया गया। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से स्थानीय लोगों में काफी रोष और डर का माहौल बना हुआ है।

एसडीएम कोर्ट की न्यायिक कुर्सी पर बैठा युवक, वीडियो वायरल

- तहसील कोर्ट में वकीलों ने बनाई रील
- डीएम ने दिये घटनाओं की जांच के निर्देश

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

एसडीएम कोर्ट की न्यायिक कुर्सी पर एक अनाधिकृत शख्स के बैठने और तहसील कोर्ट में वकीलों द्वारा रील बनाने का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एसडीएम की न्यायिक कुर्सी पर शख्स के बैठने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बुधवार का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कड़ा संज्ञान लिया है वायरल वीडियो में एक व्यक्ति बेफिक्र होकर एसडीएम की खाली न्यायिक कुर्सी पर बैठा हुआ नजर आ रहा है। इसके साथ ही एक अन्य वीडियो भी सामने आया है जिसमें कायमगंज तहसील कोर्ट परिसर में वकीलों द्वारा रील बनाई जा रही है। अदालत परिसर की गरिमा और सुरक्षा व्यवस्था पर उठते सवालों के बीच यह मामला अब तूल पकड़ चुका है। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कहा है कि दोनों ही वायरल वीडियो की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा चाहे वह कोई बाहरी व्यक्ति हो, वकीलों से जुड़ा सदस्य हो या फिर लापरवाही बरतने वाला तहसील का कर्मचारी उसके खिलाफ सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

खबरें एक नजर में

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विशेष जज पॉक्सो कोर्ट ने एक गंभीर मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त राकेश चंद्र पुत्र बृजभान निवासी अचरिया वाखरपुर थाना मेरापुर हाल पता मोहल्ला छपट्टी थाना कायमगंज पर धारा 376, 377 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5एम/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना कायमगंज में पंजीकृत इस मामले की विवेचना पूरी कर पुलिस ने न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस टीम, मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर द्वारा अथक प्रयास और प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय विशेष जज पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त राकेश चंद्र को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और 1,00,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

मां-बेटी के साथ मारपीट करने में पिता पुत्री सहित चार लोग फंसे

संकिसा। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखिरिया निवासी रामशंकर की पत्नी निशा ने गांव के ही गांव के ही रावेन्द्र ,योगेंद्र सिंह पुत्रगण अलबेल सिंह,शिव कुमार पुत्र रावेंद्र व मोनी पुत्री योगेंद्र सिंह के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार आज गुरुवार को उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरे घर आकर मेरे व मेरी बेटी तनु के साथ मारपीट करने लगे जब रंजीत ने बचाने का प्रयास किया तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने रंजीत के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन मतदान आज

फर्रूखाबाद। उत्तर प्रदेश विधान परिषद आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फर्रूखाबाद, अरुण कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मतदान दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दिनांक 22 अक्टूबर 2026 को पोलिंग पार्टियाँ राजकीय इण्टर कालेज बालक, फतेहगढ़ से निर्धारित वाहनों द्वारा अपने-अपने मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए प्रस्थान करेंगी। कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी चुनाव को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, कलेक्ट्रेट, फतेहगढ़ में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप सिंह राणा (खण्ड शिक्षा अधिकारी, नवाबगंज) को प्रभारी नियुक्त किया गया है। टेलीफोन/हेल्पलाइन नंबर~चुनाव से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए 05692-234271 पर संपर्क किया जा सकता है।

आज प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा मतदान

जमीन हड़पने, फर्जी मुकदमों में फंसाने व हत्या की धमकियों की शिकायत

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

जनपद में भूमि कब्जाने, जालसाजी करके बीमा और मुआवजे के पैसे निकालने, झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकियों के मामलों को लेकर पीड़ितों ने जिलाधिकारी को अलग-अलग प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

मधु पत्नी स्व0 रविंदर कुमार निवासी-ग्राम कुईया गाँधी, हाल निवासी-शांति नगर पजावा थाना कादरीगेट ने दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि मृत पति रविंदर के एलआईसी क्लेम करीब 12 लाख रुपये, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और विधवा पेंशन का पैसा सुनील उर्फभुप्पल पुत्र चन्दन, रीना, विशाल, शिबुवा निवासी-कुईया गाँधी थाना राजेपुरद्ध तथा रामू व राहुल निवासी-कंचनपुर बदायूं व अन्य लोगों द्वारा षडयंत्र व जालसाजी करके निकाल लिये। विरोध करने और पैसे मांगने पर आरोपियों द्वारा गंदी-गंदी गालियां देने तथा जान से मरवाकर लाशें गायब करने की धमकी दी जा रही है। वहीं गोविन्द पुत्र रामबाबू निवासी कुईया गाँधी थाना राजेपुर ने दर्शाया कि सुनील उर्फभुप्पल, विशाल, रीना व अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने 5-6 वर्ष पूर्व प्रार्थी के पिता को शराब पिलाकर नशे की हालत में पुश्तैनी जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया और अब अवैध कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। 16 सितम्बर को आरोपियों ने फोन पर सूचना दी कि प्रार्थी के भाई सुभाश पुत्र रामबाबू की योजनाबद्ध तरीके से घर में घुसकर हत्या कर दी गई है। डबर और धमकियों के कारण परिवार भाई के शव का अंतिम संस्कार भी नहीं कर पा रहा है तथा पुलिस द्वारा थाना स्तर पर सहयोग न मिलने और आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। वहीं सिकन्दर पुत्र मिजीलाल निवासी. नगला ग्वार लकूला थाना कादरीगेट का आरोप है कि सुनील उर्फ भुप्पल व उसके साथियों द्वारा लगातार झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रची जा रही है। इसके अलावा 14 अप्रैल को प्रार्थी की विधवा बहू वीणा को बिना बताए ले जाने और आज तक उसका पता न चलने की बात कही गई है, जिसकी शिकायत पहले भी थानों में दी गई थी। विपक्षीगणों द्वारा क्षेत्र में भय का माहौल बनाने, फर्जी प्रार्थना पत्र देकर झूठे मुकदमे दर्ज कराने और जान-माल का खतरा पैदा करने के संबंध में विभागीय जांच कराकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पीड़ित पक्षों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

जानकारी देते पीड़ित

कोई मतदाता मतदान के अधिकार से न रहे वंचितः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन के संबंध में मतदाता सूची में लिपिकीय एवं मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित न किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मंडलायुक्तों, रिटर्निंग अधिकारियों तथा संबंधित निर्वाचन अधिकारियों सहित पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी भी मतदाता को मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त ऐसी शिकायतों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस संबंध में मीडिया एवं विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही, जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर मतदाताओं की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही पाए जाने पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी

झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से अधेड़ की मौत

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरखा गांव में एक झोलाछाप की बड़ी लापरवाही के कारण 50 वर्षीय श्रीपाल कुशवाह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप नीरज द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने के मात्र आधे घंटे के भीतर श्रीपाल की जान चली गई। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप अपनी दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरखा गांव निवासी 50 वर्षीय श्रीपाल कुशवाह के परिजनों के अनुसार, उनकी तबीयत खराब होने पर वे इलाज के लिए क्षेत्र के एक कथित झोलाछाप नीरज के पास गए थे। आरोप है कि नीरज ने श्रीपाल को नस में कोई ऐसा इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी हालत तुरंत बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उनकी मौत हो गई। मरीज की मौत होते देख झोलाछाप अपनी दुकान में ताला डालकर मौके से फरार हो गया। परिजनों का कहना है कि घटना की सूचना तुरंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी गई थी, ताकि स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित हो रहे इस क्लीनिक पर कार्रवाई कर सके। हालांकि, बार-बार सूचना देने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग की इस उदासीनता को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और सील कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों की पुष्टि हो सकेगी। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी झोलाछाप नीरज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

जांच पड़ताल करती पुलिस

मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

- साइबर सुरक्षा व जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।

शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं और छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा सलाहकार रक्षित टंडन ने ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के साइबर सुरक्षा सलाहकार रक्षित टंडन वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के नए-नए तरीकों जैसे- डिजिटल अरेस्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए होने वाले फ्रॉडसोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग व साइबर बुलिंगऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी वेबसाइट और संदिग्ध लिंक्सइन सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए सतर्क रहने के तरीके बताए। उन्होंने सलाह दी कि कोई भी व्यक्ति अपना ओटीपी, पासवर्ड या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करे। साथ ही सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए पैम्फलेट भी वितरित किए गए।

सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिनमें मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना, बाल कल्याण योजनाएं एवं बाल मजदूरी उन्मूलन इसके अलावा, किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076, चाइल्ड हेल्पलाइन1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन1930, पुलिस आपातकालीन सेवा112, एंबुलेंस सेवा 108 की जानकारी दी गई। पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक से सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस

पैम्फलेट दिखाती छात्रायें

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, मौत

समृद्धि न्यूज, कमालगंज।

कमालगंज थाना क्षेत्र के सबासी गंगा पार निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अजय ठाकुर उर्फपगलू (20 वर्ष) पुत्र मुनेश्वर सिंह निवासी सबासी गंगा पार के रूप में हुई है। अजय की पत्नी मोहिनी इन दिनों अपने मायके में थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे पगलू की फोन पर अपनी पत्नी से बातचीत हो रही थी। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद से क्षुब्ध होकर पगलू ने अपने कमरे के कुंडे से कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब पगलू की मां सोकर उठीं। उन्होंने देखा कि बेटे के कमरे का दरवाजा खुला है और अंदर लाइट जल रही है। जब वह कमरे के पास गईं, तो बेटे को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। मां के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने आनन-फानन में युवक को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दरोगा कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अशोक कुमार बने मानवाधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष

गरीब व असहाय वर्ग की हमेशा होगी मदद : धीरज पाण्डेय

सम्मान समारोह में मौजूद पदाधिकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा के मनोनयन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय ने उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। सावन मिश्रा को प्रदेश सचिव, रियाजुल रहमान उर्फ मुफीद प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। कई नए पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़कर समाज सेवा और अधिकारों की रक्षा की शपथ ग्रहण की। कमालगंज क्षेत्र से ही लगभग 150 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडेय ने गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग के मौलिक अधिकारों का हनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से चल रहे फर्जी क्लिनिकों को बंद कराने के लिए संगठन मुहिम चलाएगा, ताकि लोगों की जान-माल से खिलवाड़ न हो सके। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा ने कहा कि वह अपनी मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने शोषित व पीड़ित वर्ग के अधिकारों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का वचन दिया। प्रदेश सचिव सावन मिश्रा ने मौलिक मानवाधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा ने 200 लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर आशुतोष अग्निहोत्री, राजीव यादव, संजीव चौहान, आसिफ जमा खान, अभिनव कटियार, धर्मेंद्र राजपूत, विनीत शाक्य, फरमान खान, अतुल मिश्रा, आशीष तिवारी, अनुराग अवस्थी, दीपेंद्र गहरवार, पुष्पेंद्र चौहान, राहुल दीक्षित, नरेंद्र शर्मा, सोहेल दुबे, सौरभ शाक्य मौजूद रहे।

तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश शिविर का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज के रोवर्स-रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रवेश शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक योगेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को बी फॉर्मेशन में खड़ा होना सिखाया। इसके साथ ही प्रार्थना सभा में ध्वजारोहण की प्रक्रिया का भी गहन प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार सिंह ने प्रशिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह प्रशिक्षण वर्तमान समय की बहुत बड़ी आवश्यकता है। यह युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। प्रशिक्षक योगेश कुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर के दौरान युवाओं को बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं, आपातकालीन स्थितियों, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन और विभिन्न सामाजिक आयोजनों में राहत कार्य तथा नागरिक सुरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिन के अंतिम सत्र में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को रोवर्स-रेंजर्स का इतिहास, प्रतिज्ञा, प्रार्थना तथा इस क्षेत्र में मिलने वाले विभिन्न राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय पुरस्कारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार, नरेंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. मिताली सिंह, डॉ. ब्रजेश वर्मा, दिनेश चंद्र, अरविंद कुमार, डॉ. आरती दुबे, डॉ. मनीषा सक्सेना, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सत्य नारायण सिंह, संजीव शुक्ला, अभिषेक चतुर्वेदी, दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे।

जल सारथी ऐप के जरिए आप भी दर्ज करा सकते हैं शिकायत

उन्नाव। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण के बताया कि उन्नाव के ग्राम लोनार में निर्माणाधीन पानी की टंकी और बाउंड्री वॉल में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत पर उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गयी है। ग्राम पंचायत शाहनगर, विकासखंड फ़तेहपुर 84, तहसील सफीपुर के ग्राम लोनार में निर्माण कार्य में घटिया गुणवत्ता की ईंट, मौरंग-मसाले और लोकल सीमेंट के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था। शिकायत सामने आने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने समस्या का समाधान होने की जानकारी साझा की। उन्नाव के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार सिंह ने कहा, जल निगम (ग्रामीण) जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेता है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत मिलने पर प्रकरण का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसो. की बैठक सम्पन्न

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को भेजेंगे ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन की मासिक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के जनपदीय पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया और कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर गहन मंथन किया। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की। बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत सभी लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में कार्यरत ऐसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जिन्हें उनकी दक्षता के अनुसार स्कूल शिक्षा महानिदेशक के आदेशानुसार नियुक्त किया गया है उन्हें नियमानुसार उपार्जित अवकाश का लाभ दिया जाए। आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों का बोनस त्योहार से पूर्व ही जारी कराया जाए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ अवस्थी तथा महामंत्री अरशद सिद्दीकी ने बताया कि कर्मचारियों की इन मांगों के संदर्भ में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 27 अक्टूबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में अनुराग सक्सेना, सुधीर कुमार, ऋषभ शुक्ला, पूर्णेश मिश्रा, सुमन मिश्रा, प्रतिभा दिवाकर, गजेंद्र सिंह, निर्मल बौद्ध, सुशील सक्सेना, अश्वनी कुमार राजपूत, सुशील कुमार राजपूत उपस्थित रहे।

ठेका सफाई कर्मचारियों को दिवाली से पूर्व भुगतान करने की मांग

ईओ को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने समस्त ठेका कर्मचारियों की मांगों को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के राजकीय विभागों, शिक्षण संस्थाओं, स्वायत्त निकायों एवं नगर निगमों में कार्यरत लगभग 3 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। शासन के आदेशों के तहत जनपद में कार्यरत समस्त ठेका कर्मचारियों को आगामी दीपावली पर्व से पूर्व उनके वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित ठेकेदारों को सख्त आदेशित किया जाए, ताकि कर्मचारी समय पर अपना त्योहार मना सकें। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष नीरज कुमार वाल्मीकि, राधेश्याम वाल्मीकि, धनपाल, रामलखन, दीपक, शिवम, राहुल, विकास, अर्जुन, विपिन, शैलेश, संजोग, विशाल, सावित्री, विश्वास, रोहित आदि उपस्थित रहे।

भरत मिलाप समिति ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन किया आयोजित

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

काव्यपाठ करती कवयित्री

भरत मिलाप समिति कायमगंज के सौजन्य से शाम भरत मिलाप पर सीपी गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और अंतरराष्ट्रीय कवयित्री साक्षी तिवारी द्वारा प्रस्तुत माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। मिथिलेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का शुरुआती संचालन स्थानीय कवि देवेश दीक्षित ने तथा मुख्य संचालन अलवर के कमलेश जैन बसन्त ने किया। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शशि श्रेया ने कुछ यहाँ से, कुछ वहाँ से मिल रहे हैं, बोरियों में.. गाँठ बाँधे मिल रहे हैं। प्रेम पूजा है अगर, तो ये बताओ ! नालियों में किसके बच्चे मिल रहे हैं पंक्तियाँ पढ़कर खूब तालियाँ बटोरीं। साक्षी तिवारी प्रतापगढ़ यूँ ख़्वाबों में आवारगी चल रही है, इन पैरों में बेचारगी चल रही है। ज़रूरत पड़ी तो मना लूँगी तुझको, अभी ख़ुद से नाराज़गी चल रही है सुनाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। राजकिशोर ग्वालियर राष्ट्रीय कवि ने व्यवस्था पर तंज कसते हुए पढ़ा होंठ नदी के सूख रहे हैं, कुआँ भी प्यासा है। हर चेहरे पर छाई उदासी और निराशा है। देवेश दीक्षित स्थानीय कवि दिन में भी महताब देखती रहती हैं, आँखें क्या-क्या ख़्वाब देखती रहती हैं। योगेश तिवारी, मैनपुरी से आए कवि मनोज चौहान, हरदोई के हास्य कवि अजीत शुक्ला ने काव्यपाठ किया। इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष शरद गंगवार, अटल गुप्ता, पवन गुप्ता, कमलेश गुप्ता, लक्ष्मीनरायन अग्रवाल, अमर सिंह खटिक, डॉ0 विकास शर्मा, राजेश अग्निहोत्री, अमित सेठ, रामप्रकाश कल्लू यादव, आदेश अग्निहोत्री, मनोज कौशल, संजय बंसल, आलोक गुप्ता, संजीव शाक्य, संजीव अग्रवाल, मंसाराम गुप्ता, नीरज अग्रवाल, चंदन शाक्य, आसिफमंसूरी, अनिल गंगवार, जितेंद्र रस्तोगी, लखपति सक्सेना उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

राम की पावन नगरी अयोध्या में दीप जलाये जाएंगे: विक्रम

फतेहपुर। आज विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने अपने कार्यालय में श्रद्धा का दीप, एक दीपक प्रभु श्री राम के नाम का शुभारम्भ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने भगवन श्री राम की प्रतिमा में रोली चन्दन लगाकर सभी सदर विधानसभा वासियों से अवाहन किया की चार रथ जो सभी शहरी व् ग्रामीण क्षेत्रों में पहुचेगें। जिससे सभी शहरी व् ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर से तेल एकत्रित किया जायेगा और उस तेल से दीपावली में भगवन श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में दीप जलाये जाएंगे। फ़तेहपुर से भगवान् श्री राम की पावन नगरी अयोध्या तक आपके श्रद्धा और समर्पण के तेल की ज्योति को जलाने का संकल्प है। फतेहपुर के सभी निवासियों से आग्रह किया की इस पुनीत कार्य में आप सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने सदर विधानसभा के सभी सभासद, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, एवं सभी जन प्रतिनिधि बंधुओं स्वयं सेवी संस्थाओं से आग्रह किया की आप सभी लोग भी इस पुनीत कार्य के साक्षी बनकर सहयोग प्रदान करें। विक्रम सिंह ने योजना बद्द दिनाक 23 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक चलने वाले रथों का स्वरुप व् रूट बताया। इस मौके में संजय मोदनवाल पूर्व नगर अध्यक्ष, जय प्रकाश सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता नगर अध्यक्ष, सुरेन्द्र मौर्या मण्डल अध्यक्ष हसवा, देवनाथ धाकड़े, अभिषेक शुक्ला, जसवंत गिहार अनु0 जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष, सुनील गुप्ता सभासद, आदित्य पाण्डेय, अखिलेश चौहान, अंकित मिश्रा, प्रशांत सिंह गौतम, सोनू परिहार, बलकेश मिश्रा, सोनू तिवारी, कप्तान सिंह, जय यादव, शुभम गुप्ता समेत सभी लोग मौजूद रहे।

बेटे ने पिता को गिफ्ट की डिफेंडर कार

मियाँगंज उन्नाव। हिम्मतखेड़ा निवासी नासिर खान को उनके बेटे मुशीर खान ने डिफेंडर गाड़ी उपहार स्वरूप भेंट की। इस खास मौके पर परिवार में खुशी का माहौल रहा। नासिर खान के मिलनसार व्यक्तित्व और लोगों से उनके आत्मीय संबंधों के चलते क्षेत्र एवं जनपद के तमाम शुभचिंतक उनके आवास पहुंचे और उन्हें मुबारकबाद देते हुए बधाई दी। बेटे मुशीर की ओर से पिता को दिया गया यह खास तोहफा पिता–पुत्र के प्रेम सम्मान और आत्मीय रिश्ते की खूबसूरत मिसाल बना। वहीं छोटे बेटे समीर ने भी इस खुशी की घड़ी में बधाई दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शुजाउर रहमान सफवी उर्फशुजा,पूर्व चेयरमैन इजहार अली गुड्डू,आजाद खान,शीबू अहमद सदस्य प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश, परवेज, पप्पू सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने नासिर खान को बेटे की ओर से मिले इस खास तोहफे पर खुशी जाहिर की नासिर खान ने अपने आवास पर पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

पांच बाल एवं किशोर श्रमिकों का किया चिन्हांकन

उन्नाव। सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने बताया हैं कि प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। उक्त के क्रम में जनपद उन्नाव में बाल एवं किशोर श्रम गठित टास्क फ़ोर्स के साथ आज जनपद उन्नाव के चकलवंशी एवं सफीपुर क्षेत्र में राजेन्द्र कुमार, इन्दीवर जोशी एवं राधेश्याम सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उन्नाव द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर खतरनाक प्रक्रिया के प्रतिष्ठान का निरीक्षण करते हुए 01 बाल एवं किशोर श्रमिक एवं गैरखतरनाक प्रक्रिया के प्रतिष्ठानों का बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत निरीक्षण करते हुए 05 बाल एवं किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। उल्लंघनकर्ता सेवायोजकों के विरूद्व मौके पर ही निरीक्षण टिप्पणी जारी की गयी तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही अपनायी जायेगी। जनपद में संचालित समस्त प्रतिष्ठानोंध्दुकानों के सेवायोजकों से अपील है।

कमालगंज में धूमधाम से संपन्न हुआ रावण वध, पुतला दहन

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

संवाद करते कलाकार

कमालगंज नगर के रामलीला मैदान में गुरुवार को शिव भक्त रावण, मेघनाथ और कुंभकरण वध का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान जी ने राम दल की सेना के साथ लंकापति रावण और उसके भाइयों के खिलाफ युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया। नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ राम दल रामलीला मैदान पहुंचा, जहां भगवान राम और शिवभक्त रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध के दौरान रावण के पात्र ने संवाद के माध्यम से अपने तप और अपनी बहन के अपमान के बदले के प्रसंग को प्रस्तुत किया, जिसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम द्वारा रावण का वध किया गया। इस प्रकार अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

45 फीट ऊंचे रावण और आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन: कमालगंज के रामलीला मैदान में 45 फुट ऊंचे रावण के साथ-साथ 30-30 फुट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया। इन पुतलों को 10 कुशल कारीगरों की टीम ने चार दिनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया था। पुतला कारीगर मुन्ना आतिशबाज के अनुसार, रावण के पुतले में 150 तथा कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों में 75-75 सुतली बम लगाए गए थे, जिससे दहन के दौरान बेहद आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिली। रावण दहन को लेकर रामलीला मैदान में सुबह से ही तैयारियां जोरों पर थीं। मैदान और सड़कों के किनारे सजी दुकानों के कारण वहां मेले जैसा माहौल बन गया था। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और चप्पे-चप्पे पर कड़ी नजर रखी गई, साथ ही महिला पुलिसकर्मियों द्वारा मनचलों पर विशेष निगरानी रखी गई। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय महेश्वरी, शिवकुमार गोयल, पंकज अग्रवाल, निर्मित अग्रवाल सहित तमाम पदाधिकारी व सदस्य मैदान में व्यवस्था संभालते नजर आए।

आरती रोककर एम्बुलेंस को रास्ता देने पर चर्चा: कार्यक्रम के दौरान एक अनूठी घटना भी चर्चा का विषय बनी रही। बीती रात कमालगंज चौराहे पर हो रही आरती को बीच में रोककर एक एम्बुलेंस को रास्ता दिया गया, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। हालांकि, कमेटी के अध्यक्ष के हस्तक्षेप से मामला शांत करा लिया गया। जनता ने आरती रोककर एम्बुलेंस निकालने के कार्य की सराहना की। वहीं कुछ लोगों ने पिछले 50 वर्षों के इतिहास का हवाला देते हुए प्रशासन की इस बात पर आलोचना भी की कि पुलिस द्वारा वैकल्पिक मार्गों जैसे शेखपुर बाईपास या थाने से पहले की गली के संचालन में बरती गई उदासीनता के कारण मुख्य आरती के दौरान यह स्थिति उत्पन्न हुई।

साइबर ठगी के दो आवेदकों के खाते में कुल 41,000 रुपये रिफण्ड

उन्नाव। आवेदक सतीश कुमार चौरसिया पुत्र भीष्म प्रसाद निवासी ललऊखेडा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव द्वारा अपने मोबाइल पर फेक एप डाउनलोड करते ही खाते से स्वतः रूपये कट जाना एवं फोन स्वतः फोरमेट हो जाने बावत साइबर पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज की गयी थी। जिसकी शिकायत संख्या 23108260167580 है। आज दिनांक 22.10.2026 को सम्बन्धित प्रार्थना पत्र पर साइबर सेल,कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवेदक पीडित के 36000 रूपये उनके खाते मे रिफ्रण्ड कराया गये। नीलम शुक्ला पत्नी कुलदीप कुमार शुक्ला निवासी टाइप 2 कालोनी डीएसएन रोड थाना कोतवाली सदर द्वारा अपने मोबाइल पर आये लिंक पर क्लिक करते ही खाते से स्वतः रूपये कट जाने विषयक साइबर पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज की।

दो टप्पेबाजो ने वृद्ध महिला के कानों से टप्स किया पार

बांगरमऊ,उन्नाव। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 29 सितम्बर को दवा लेने आई एक वृद्ध महिला से दो अज्ञात टप्पे बाजो ने बहाने से उसके कानों के टप्स पार कर फ़रार हो गए । इसी तरह 18 अक्टूबर को नगर के उन्नाव हरदोई रोड स्थित बैंक आफइंडिया शाखा के निकट सड़क किनारे एक महिला से भी सरेशाम जेवर छीनने की घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी । पुलिस की निष्क्रियता से नगर व क्षेत्र में आपराधिक घटनाये बढ़ने से लोग भयभीत हैं। गौरतलब हो की नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी स्व 0 राजनरायण तिवारी की पत्नी रानी 75 वर्ष 29 सितम्बर दिन मंगलवार को दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने गई थी। तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने वृद्धा को भीड़ भाड़ से अलग ले जाकर उसे बहका कर उसके कान के टप्स देखने के बहाने निकलवा लिए और उसे रुमाल से कुछ सुंघा कर कुछ नकली नोटो की गड्डी हाथों में थमा कर भाग निकले। पीड़ित वृद्ध महिला द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई थी स पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और बाहर सड़क किनारे लगी दुकानों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी स लेकिन आज तक वृद्ध महिला के साथ घटी घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी । वहीं क्षेत्र के ग्राम छोटी जमुनिहा बंगर निवासी कुसमा पत्नी छेदीलाल द्वारा 18 अक्टूबर को पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि वह बाजार से घर वापस जा रही थी । तभी सड़क पर तीन लोगों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश कर दिया और उसकी अंगूठी, जंजीर आदि जेवर आदि निकाल लिए । पीड़ित महिला अभी भी इधर ऊधर चक्कर लगा रही है स चर्चा है कि कस्बा पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम लग रही।

गिरिजा देवी में हुआ भंडारे का आयोजन, भक्तों ने चखा प्रसाद

खागा, फतेहपुर। गिरिजा देवी गेस्ट हाउस परिसर में दुर्गा पूजा के के समापन के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व राज्य मंत्री कृष्णा पासवान तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फपप्पू सिंह ने शिरकत कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारे का आयोजन लगभग एक दशक से अधिक बराबर चला आ रहा है। 21 अक्टूबर को मूर्ति भूमि विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया गया। गिरिजा देवी के चेयरमैन विष्णु प्रकाश सिंह ने बताया कि परिसर पर दुर्गा माता की मूर्ति नवरात्रि के पहले दिन स्थापित की गई है। जिसमें नवरात्रि के पहले दिन से पूजा अर्चना एवं आरती का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। नवरात्रि के समाप्त होने के बाद परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व राज्य मंत्री कृष्णा पासवान तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फपप्पू सिंह ने जी डी गेस्ट हाउस परिसर में मां दुर्गा का चल रहा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तगणों का सायं 4 बजे आना शुरू हो गया और देर रात तक चलता रहा। आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम लगभग एक दशक से बराबर चल रहा है।

पीड़ित महिला ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



खागा थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने पति से पिछले 6-7 वर्षों से अलग अपने नाबालिक पुत्र के साथ अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने कॉस्मेटिक व ब्यूटी पार्लर की दुकान अपने ही गांव के एक मकान में खोलकर अपना जीवन यापन कर रही थी। इस दौरान पीड़िता ने बताया कि उक्त दुकान पर आकर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने उसे मेलजोल बढ़ाया और उसके साथ शादी करने के लिए भी कहा। पीड़ता के मना करने पर नहीं माना और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध भी बनाएं पीड़िता ने आरोप लगाया कि 10 अप्रैल 2025 को उसके साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई जिस पर 10 मई 2025 को पीड़िता ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ खागा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तत्पश्चात अभियुक्त राघवेंद्र प्रताप सिंह को जिला कारागार फ़तेहपुर में निरूद्ध कर दिया गया।इसके बाद पीड़ता के ऊपर दबाव बनाया गया और पीड़ता ने डर वस उक्त अभियुक्त गणों के पक्ष में बयान दे दिया तो पीड़ता ने आरोप लगाया उस व्यक्ति ने उसे विश्वास में लेकर कहा कि उसके पति से तलाक दिलवा देगा और उसे लेकर कानपुर चला गया। पीड़ता ने आरोप लगाया कि मामला यहीं पर नहीं रुका एक किराए का कमरा दिलवाकर जबरन उसकी इच्छा के विरुद्ध क्रूरतापूर्ण कृत्य उसके साथ अलग-अलग लोगों से शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया गया और उसका उत्पीड़न लगातार किया गया? इस दौरान यह बात पीड़ता ने महिला आयोग की पूर्व सदस्य नफीसा बानो को भी बताया और उनसे न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ता ने कहा कि अगर इन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की जाती तो हो सकता है यह लोग उसकी हत्या भी कर सकते हैं। वहीं महिला आयोग की सदस्य नफीसा बानो ने इस महिला की आपबीती सुनकर उसकी पूरी मदद करने की बात कही और कहा कि यह मामला महिला आयोग तक पहुंचाएंगे और इस महिला को पूरा न्याय दिलाएंगी। वहीं महिला ने अपनी जान माल की रक्षा किए जाने की भी मांग किया।

सूचना

मैंने अपनी देवरानी शिखा पत्नी योगेश यादव के गलत चाल-चलन के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। देवरानी शिखा व उसके परिजनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **ज्योति पत्नी सन्दीप यादव निवासी ग्राम ढिपिन (बेहटा), थाना जहानगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

सूचना

मैंने अपने छोटे बेटे योगेश व उसकी पत्नी शिवा के गलत चाल-चलन के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। पुत्र व उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **रामनरेश पुत्र वंशीलाल निवासी ग्राम ढिपिन (बेहटा), थाना जहानगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

सूचना

मैंने अपने छोटे बेटे अनूप कुमार के गलत चाल-चलन के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुघर सिंह पुत्र नौबतलाल निवासी मकान नम्बर 71 खिमसेपुर, थाना मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

690 की हुई आंखों की जांच, 143 मरीज इलाज के लिए सीतापुर रवाना

तपसी बाबा मंदिर में लगा निशुल्क नेत्र शिविर, पंकज शुक्ला ने लंच पैकेट देकर मरीजों को किया रवाना

समृद्धि न्यूज, भरावन हरदोई।

संडीला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता पंकज शुक्ला ने गुरुवार को ढिकुन्नी के तपसी बाबा प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। जिसमें 690 लोगों ने पंजीकरण कराया।

सीतापुर आंख अस्पताल की टीम ने परीक्षण के बाद 143 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर अस्पताल भेजा। निशुल्क नेत्र शिविर में डॉक्टर शुभांगी और डॉक्टर श्रद्धा ने मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। 690 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर दवाएं दी। इसके बाद ऑपरेशन के लिए चिन्हित 143 मरीजों को आगे के उपचार के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया। जिसमें प्रभु, मन्नीलाला, सुंदर, रामकेश, शिवराम, राम भजन, माता प्रसाद, बेचेलाल, पार्वती, राम कुमारी, शिव दुलारी, रामकुमार और हरिप्रसाद सहित अन्य मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। शिविर में सहयोग के लिए वर्तिका, हर्षिता, भोला राजपूत और शाहनवाज अहमद मौजूद रहे। सीतापुर रवाना होने से पहले भाजपा नेता पंकज शुक्ला ने मरीजों को गर्म शॉल ओढ़ाई और लंच पैकेट वितरित किए। इसके बाद बस को मरीजों के साथ सीतापुर आंख अस्पताल के लिए रवाना किया गया। पंकज शुक्ला ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को आंखों की जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि 13 नवंबर को महगवां और 22 नवंबर को मलेहरा में शिविर लगाया जाएगा। दिसंबर माह में भी अन्य स्थानों पर नेत्र शिविर आयोजित कराने की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर राजकुमार शुक्ला, भोला शुक्ला, रामजी तिवारी, आकाश द्विवेदी, विनय तिवारी, उमेश पांडे, लक्ष्य श्रीवास्तव, अरविंद यादव, प्रधान रामकेश अर्कवंशी, प्रधान विजय पांडे, राम सिंह अर्कवंशी और पूर्व मंडल अध्यक्ष दिकुन्नी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने बोला धावा

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

कोतवाली क्षेत्र के अलग - अलग स्थानो पर चोरों ने धावा बोल एक आरा मशीन कारखाने से हजारों का माल पार कर दिया। वहीं सलारी खेड़ा गांव निवासी एक किसान की 12 सितम्बर को भैस चोरी के बाद पुनः चोर दूसरी भैस 21 अक्टूबर की रात चोर खोल रहे थे ।तभी भैस मालिक की आँख खुल गई । चोर मौके से भाग खडे हुए पीड़ितों ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलारी खेड़ा मजरा हरियावर निवासी जयराम पुत्र दुर्गा प्रसाद के अनुसार घटना 21 अक्टूबर की रात लगभग 12 बजे की है। उसकी एक लाख रुपये कीमत की भैंस घर के बाहर बंधी थी। उसका आरोप है कि गांव के ही भागीरथ पुत्र शिवरतन और उसका साथी जगदीश पुत्र कल्लू उसकी भैंस को खोलकर ले जा रहे थे। जयराम वहीं चारपाई पर लेटा हुआ था। आहट होने पर जब उसकी आंख खुली तो उसने दोनों को भैंस खोलते हुए देखा। टोकने पर दोनों आरोपी मौके से भाग गए।पीड़ित जयराम ने आरोप लगाया कि उक्त दोनों लोग इससे पूर्व 12 सितंबर को भी उसकी एक भैंस चोरी कर ले गए थे। दोनों पिछले लगभग एक माह से शिवप्रकाश पुत्र चुन्नू के कारखाने पर रह रहे हैं।

26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद



उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–4 पुरवा, उन्नाव द्वारा मय हमराह एवं स्थानीय पुलिस स्टाफके साथ तहसील पुरवा अंतर्गत ग्राम अहेसा व पारा बाजार थाना मौरावां में विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में 01 अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई ।

शिक्षक निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, डीएम ने परखीं तैयारियां

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने रवानगी शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रत्नप्रिया मौजूद रहीं।डीएम ने मतदान कार्मिकों के ड्यूटी स्थल, मतदाता सूची, मतपत्र, स्टेशनरी और वाहन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी मतदान दलों को आवश्यक सामग्री समय से उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाए। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा, पेन, पेंसिल, सादा कागज और पानी की बोतल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम इंद्रजीत सिंह

जिले के 11 पोलिंग बूथों पर होगा शिक्षक एमएलसी का चुनाव

जिले के 11 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान होगा।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी सूची के अनुसार विकास खंड मुख्यालय बलदीराय, ब्लॉक मुख्यालय कूरेभार, ब्लॉक मुख्यालय जयसिंहपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में दो पोलिंग बूथ,ब्लॉक मुख्यालय दोस्तपुर, ब्लॉक मुख्यालय अखंडनगर, ब्लॉक मुख्यालय कादीपुर, ब्लॉक मुख्यालय करौंदी कला, ब्लॉक मुख्यालय लंभुआ, ब्लॉक मुख्यालय प्रतापपुर कमैचा पर मतदान होगा। जिसमे शिक्षक मतदान करेंगे।

स्नातक व शिक्षक मतदाताओं के लिए आज विशेष अवकाश घोषित

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़। लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने 23 अक्टूबर को जनपद के समस्त शैक्षिक संस्थानों एवं कार्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा स्नातक मतदाताओं के लिए विशेष अवकाश की घोषणा की है। यह आदेश परिषदीय, माध्यमिक, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालयों, निजी/ सरकारी/ अर्द्धसरकारी महाविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मतदान हेतु दिए जा रहे इस विशेष अवकाश की कटौती किसी भी दशा में शिक्षक या कर्मचारी के आकस्मिक अवकाश खाते से न की जाए। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।

सीताकुंड घाट पर विसर्जन की तैयारियों का पालिकाध्यक्ष ने लिया जायजा

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

दशहरा दुर्गापूजा महोत्सव के तहत देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर नगर पालिका ने सीताकुंड घाट पर तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज व विभागीय कर्मचारियों के साथ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की प्रगति देखी।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। घाट पर बैरिकेडिंग, बालू की बोरियों से समतलीकरण और अस्थायी रैंप का निर्माण कराया जा रहा है। विसर्जन मार्ग और घाट के आसपास व्यापक साफ-सफाई के साथ जनरेटर से प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। घाट पर मेला नियंत्रण कक्ष भी बनाया जा रहा है। मार्ग प्रकाश, सफाई और पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 24 घंटे कर्मचारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विसर्जन स्थल की साफ सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष

खबरें एक नजर में

चुनाव ड्यूटी जा रहे सिपाही दुर्घटना में हुए घायल

कुड़वार सुल्तानपुर। हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग पर चुनाव ड्यूटी में बाइक से जा रहे दो आरक्षी सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए।जिनका इलाज स्थानीय सीएचसी में हुआ। गुरुवार को स्थानीय थाने के आरक्षी सचिन ढाका व अजय सुमन एमएलसी चुनाव की ड्यूटी के लिए निकले थे।जैसे ही कुड़वार सुल्तानपुर मार्ग पर भदहरा बाजार में स्कार्पियो वाहन की चपेट में आ गए।चोटिल हालत में इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के बाद चिकित्सक ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन व चालक को हिरासत में लिया गया है।जांच पड़ताल की जा रही है।

भरसारे विद्यालय में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

सुलतानपुर। भदैया विकासखंड के भरसारे स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापिका वंदना यादव की अध्यक्षता में जयसिंहपुर अस्पताल की डॉ. पूनम द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और व्यवहार संबंधी बदलाव सामान्य प्रक्रिया हैं। बच्चों से संवाद बनाए रखना चाहिए और जरूरत पड़ने पर योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने आयरन, कैल्शियम और विटामिन की कमी से होने वाली समस्याओं के प्रति सचेत करते हुए हरी सब्जियों और पौष्टिक आहार के सेवन पर जोर दिया। डॉ. मुकेश वर्मा ने भी मानसिक स्वास्थ्य और आत्म देखभाल को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक दीक्षा श्रीवास्तव, जानकी देवी, अंजू सिंह, राम टहल, राम चरण सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

मतदान से जुड़ी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

प्रतापगढ़। एमएलसी चुनाव में मतदाताओं की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने 24 घंटे सक्रिय रहने वाले हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने बताया कि आमजन मतदान एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी जानकारी, सुझाव या शिकायत के लिए 05342-297845 तथा 9454418031 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची में केवल लिपकीय त्रुटि होने के आधार पर किसी भी मतदाता को वोट डालने के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। यदि किसी मतदाता को इस आधार पर मतदान करने से रोका जाता है, तो वह तुरंत जिला निर्वाचन कार्यालय के हेल्पलाइन नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाएगा, जिससे निष्पक्ष और सुचारू मतदान संपन्न कराया जा सके।

स्कूल वैन से उतरते समय हादसा, आठ वर्षीय छात्रा की मौत

प्रयागराज। शहर के नैनी थाना क्षेत्र के प्रयागपुरम में स्कूल वैन से उतरते समय हुए हादसे में आठ वर्षीय छात्रा तस्नी उदयांशी पाठक की मौत हो गई। बच्ची दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं बच्ची की मां की हालत खराब बताई जा रही है।

धन उगाही और झूठे मुकदमे के लिए मां ने ही करवाया अपने मासूम बच्चे का अपहरण

▶ एसपी से शिकायत

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सरकारी लाभ, धन उगाही और झूठा मुकदमा दर्ज कराने की नीयत से एक मां ने ही अपने मासूम बच्चे के अगवा होने की साजिश रच डाली।

ग्राम खरहर सिपाह महेरी निवासी नीतू सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, विपिन उर्फ मांछा नाम का बच्चा अपनी मां पार्वती की सहमति से लगभग एक वर्ष से नीतू सिंह के पास रह रहा था। आरोप है कि 9 अक्टूबर 2026 को दोपहर लगभग 12:30 बजे बच्चे के बड़े भाई अमन उर्फ मनगू ने जन्मदिन का झांसा देकर बच्चे को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया।

काफी मशक्कत के बाद बच्चे को बरामद कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। रानीगंज पुलिस द्वारा बार-बार फोन करने के बावजूद बच्चे के अभिभावक उसे लेने थाने नहीं पहुंचे। बच्चे के बयान से खुलासा हुआ कि स्वयं उसकी मां पार्वती ने धन उगाही और झूठा केस दर्ज कराने के उद्देश्य से अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। परिजनों के न आने पर पुलिस ने बच्चे को पुनः नीतू सिंह के सुपुर्द कर दिया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

दुर्गा पूजा महोत्सव मे गूंज रहे मां के जयकारे

- लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं में किया मां भगवती के दर्शन
- पूजा पंडालो पर नारी शक्तियों ने की मां अवसान माई की पूजा

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

दुर्गा पूजा महोत्सव मे लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं में मां भगवती के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन किए यहां दर्जनों की संख्या में बने पूजा पंडाल दर्शनार्थियो को आकर्षित कर रहे हैं। यहाँ भंडारों मे श्रद्धालुओं ने विविध प्रकार के व्यंजन का स्वाद चखा महिलाओं ने खूब सेल्फी ली वहीं युवाओं ने खूब रील बनाई जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बनी। श्रृंगार गली में स्थित मां पार्वती पूजा समिति मे पंच कैलाश के दर्शन के लिए लंबी कतारे देखी गयी।वही जैन जी के प्रदर्शनों को लेकर बीते दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियां ठठेरी बाजार स्थित बाल दुर्गा के पंडाल में देखने को मिल रही। सब्जी मंडी स्थित मां पूजा समिति में इस बार मां वैष्णो के दर्शन हो रहे है।पंच रास्ते पर मौजूद मां संतोषी के पंडाल में नरक लोक के दृश्यों से सजाया गया है । इन स्थानों पर देर शाम से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लग रही है और श्रद्धालु इन्हे देखने को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं। दरियापुर तिराहे पर नितिन कसौधन के संयोजन में कन्या भोज का शुभारंभ अवध स्वाभिमान मंच की प्रदेश संयोजिका कमलेश वर्मा नि सभासद राज देव शुक्ल ने पूजा अर्चना के साथ की कार्यक्रम में पहुंची सैकड़ो कन्याओं को चना पुरी व हलवे का प्रसाद ग्रहण कराया गया और उन्हें उपहार देकर विदा किया गया। यहां आनंद कुमार अमन कसौधन अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे वही शाहगंज चौराहा स्थित नवयुवक दल कामरु कामाख्या दल अंबे दल दरियापुर स्थित मां वैष्णो भंडारा समिति बड़ी दुर्गा भंडारा समिति चौक स्थित मां सरस्वती पूजा समिति नेशनल सिनेमा रोड स्थित मां मनसा देवी गोलाघाट गोमती नगर स्थित मां दुर्गा के पंडाल पर समेत सैकड़ो स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने विविध प्रकार के व्यंजन के लुत्फ़ उठाये।

स्वास्थ्य शिविर में सीएमओ का स्वागत करते आयोजक

चांदा में विसर्जन के लिए जाती प्रतिमा

दुर्गा पूजा पंडाल में दुखदुरिया में शामिल महिलाएं

गुरुवार को शहर के सैकड़ो पूजा पंडालो पर हजारों की संख्या में पहुंची सुहागिनों ने विधि विधान से अवसान माई की पूजा का कार्यक्रम संपन्न कराया शहर के दरियापुर स्थित मां वैष्णो देवी के पंडाल पर समिति द्वारा दुखदुरियां का आयोजन किया गया था यहां पीले वस्त्र धारण कर सुहागिने पूजा मे शामिल हुई व अपने परिवार की कुशलता की कामना की। दुखदुरियां का कार्यक्रम दोपहर तक चलता है इसके बाद आयोजकों में सभी सुहागिनों को जलपान कर विदा कर दिया।

ओम नगर स्थित नवदुर्गा माता पूजा समिति पर रज्जन सिंह के संयोजन में जगराते का आयोजन किया गया था जहां प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने रात भर मां भगवती का जागरण किया इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए देर रात तक जयकारो व भक्ति भाव के भजनों का दौर चलता रहा।

लंका विजय प्राप्त कर अयोध्या लौट रहे राम और उनके भाई भरत के मिलन के ऐतिहासिक पल को देखने के लिए हजारों की संख्या में नगरवासी शहर के शाहगंज चौराहे पर मौजूद रहे। मंच का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सपरिवार हनुमान जी की पूजा अर्चना व आरती उतारकर किया।श्री राम भरत मिलाप आयोजन समिति के अध्यक्ष आयुष मिश्रा चैतन ने बताया सैकड़ो बरसों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था मंच पर अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सपरिवार मौजूद थे। इसके अलावा मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस बृजेश मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी, समिति के संरक्षक प्रवीण कुमार अग्रवाल, अमर बहादुर सिंह, सरदार बलदेव सिंह, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, राहुल त्रिपाठी,सौरभ त्रिपाठी समेत दर्जनों की संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।यहां मालवीय ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा रामलीला मैदान से भगवान राम लक्ष्मण सीता हनुमान व भरत शत्रुघ्न आदि की झांकियां शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई भारत मिलाप के मंच पर पहुंची जहां प्रभु श्री राम और भरत के मिलन को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे यहां आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी कलाकारों की आरती उतारकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी गरिमा सोनकिया, क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र सिंह, नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्र, वंदना अग्रहरि, ओमप्रकाश वर्मा, कमलेश वर्मा, कंचन गुप्ता, सुशील सोनी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

चांदा में 24 प्रतिमाओं का विसर्जन

चांदा कस्बे में बुधवार को 24 दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। दोपहर बाद शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात करीब एक बजे तक चला। शोभायात्रा में भक्ति गीतों, जयकारों और आतिशबाजी से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विभिन्न पूजा समितियों की प्रतिमाएं प्रमुख मार्गो से होते हुए देवाढ़ घाट स्थित आदि गंगा गोमती नदी के विसर्जन स्थल पहुंचीं, जहां विधि-विधान से विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसपी विनीत जायसवाल, एएसपी बृज नारायण सिंह और सीओ ऋतिक कपूर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी समेत छह पर केस दर्ज

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

नगर कोतवाली क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और शारीरिक शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जोगापुर निवासी एक युवक ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी कर ली थी। इसके बाद दोनों करीब सात महीने तक साथ रहे। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने नाबालिग का शारीरिक शोषण किया और उसे उसके परिवार से मिलने भी नहीं दिया।

पीड़िता की मां ने बताया कि लगभग 15 दिन पहले आरोपी युवक नाबालिग को कमरे में अकेला छोड़कर चला गया और फिर वापस नहीं लौटा। जब परिजनों को इस बात की जानकारी दी गई, तो उन्होंने मदद करने के बजाय गाली-गलौज कर उन्हें वहां से भगा दिया।

मां की तहरीर के आधार पर 21 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिजनों समेत कुल छह लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संग्रामगढ़ पुलिस की तत्परता से बची युवती की जान, स्थानीय लोगों ने भी किया सहयोग

समृद्धि न्यूज, कुण्डा-प्रतापगढ़।

थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के कुशवाहापुर चौराहा स्थित नहर पुल पर रविवार रात करीब 8:30 बजे संग्रामगढ़ पुलिस ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए एक युवती की जान बचा ली। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अंशु सिंह, कांस्टेबल अभिनव द्विवेदी, विवेक यादव, अरुण कुमार और शिवम कुमार क्षेत्र में चेकिंग पर थे। इसी दौरान नहर में करीब 20 वर्षीय युवती गिरी हुई मिली। रात के अंधेरे में टॉर्च की रोशनी में पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से युवती को सकुशल नहर से बाहर निकाला। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवती पीले वस्त्र में नहर के किनारे फंसी हुई थी, जिसे पुलिस और ग्रामीणों ने हाथ पकड़कर किनारे तक खींचा।

पुलिस के अनुसार, युवती संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही एक गांव की निवासी है। पूछताछ में उसने परिजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाया-बुझाया और युवती की समुचित देखभाल करने की हिदायत दी। पुलिस की इस मानवीय पहल और स्थानीय लोगों के सहयोग से युवती को सुरक्षित बचाए जाने पर क्षेत्र में पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की जा रही है।

मनोज अध्यक्ष, देशराज बने महामंत्री

▶ प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार इकाई का हुआ अधिवेशन

समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।

प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार इकाई का बुधवार को अधिवेशन कंपोजिट विद्यालय के प्रांगड़ में हुआ। अधिवेशन में हुए चुनाव में मनोज मौर्य अध्यक्ष व देशराज महामंत्री निर्वाचित हुए। बुधवार को कंपोजिट विद्यालय कुड़वार में प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न हुआ। विकास खंड क्षेत्र के कुल शिक्षक मतदाताओं 563 में से 508 शिक्षक शामिल हुए।दोपहर बाद पर्यवेक्षक संजय कुमार सिंह व इन्द्रेश यादव ,अरुण सिंह की देखरेख में हुए चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए शिक्षक मनोज मौर्य 299 मत,धर्मेंद्र तिवारी को 201 मत हासिल हुए।महामंत्री पद पर हुए चुनाव में शिक्षक देशराज को 255 मत,संजय यादव को 201 मत व दिनेश शुक्ला को 45 मत मिले। निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मौर्य व महामंत्री देशराज को माला पहना कर जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय व कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष महताब ने स्वागत किया।इस मौके पर सैंकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते शिक्षक

एमएलसी चुनावः आज 31,528 मतदाता करेंगे मतदान, पोलिंग पार्टियां रवाना

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए प्रतापगढ़ जनपद में शुक्रवार 23 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगी। चुनाव संपन्न कराने के लिए गुरुवार को जीआईसी प्रतापगढ़ से 29 पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने रवानगी स्थल का निरीक्षण कर मतदान कार्मिकों को निष्पक्षता, सतर्कता और पूरी पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद में स्नातक निर्वाचन के लिए 24,261 तथा शिक्षक निर्वाचन के लिए 7,267 पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए क्रमशः 29 और 19 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ डॉ. राममोहन मीना, एडीएम प्रेमचंद मौर्य, एएसपी आलोक कुमार व सीआरओ अजय कुमार तिवारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची की जांच के दौरान भारी हंगामा, अधिवक्ता से मारपीट व असलहा लहराने का आरोप

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

जिले के मोहम्मदपुर सोहाग गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत की जांच करने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ही भारी हंगामा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में मतदाता सूची में अनियमितता की शिकायत पर अधिकारी मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे।

इसी दौरान शिकायतकर्ता अधिवक्ता अनुज कुमार शुक्ला और प्रधान प्रशासक के परिजनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते बहस बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। अधिवक्ता अनुज कुमार शुक्ला का आरोप है कि प्रधान प्रशासक के परिजनों ने उनके साथ मारपीट की और डराने-धमकाने के लिए असलहा भी निकाल लिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि अधिकारियों की मौजूदगी में ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया। इस जोरदार हंगामे और विवाद के कारण मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया अधूरी रह गई और जांच को बीच में ही रोकना पड़ा।

घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आ रही है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस पूरी तत्परता के साथ मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि मारपीट और असलहा लहराने के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नवागत बीईओ वेद प्रकाश यादव का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

कुड़वार विकासखंड के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश यादव का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई ने अध्यक्ष निजाम खान के नेतृत्व में बुके भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों का नियमित और समयबद्ध संचालन प्राथमिकता है। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन के साथ समन्वय बनाकर हरसंभव प्रयास किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने पदोन्नति प्रक्रिया में टीईटी और नॉन-टीईटी शिक्षकों की स्थिति स्पष्ट करने का मुद्दा उठाया। इस पर बीईओ ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप सूचनाएं संकलित की जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और शिक्षक हितों के लिए सहयोग का भरोसा दिया।